स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बृहस्पतिवार
10 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 318 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

विराट कोहली बोले टेस्ट से संन्यास के फैसले के पीछे उम्र का रहा बड़ा रोल



मुख्यमंत्री ने रामलला का दर्शन करने के बाद मां के नाम से एक वृक्ष लगाकर किया वृक्षारोपण

## वैज्ञानिक प्रयासों से पर्यावरण व धरती मां की रक्षा संभव : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या/आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में मत्था टेकने के बाद दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करने

### आजमगढ़ में भी रोपे पौधे

के बाद एक वृक्ष मां के नाम से लगाकर वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में मत्था टेकने और रामलला का दर्शन करने के बाद एक वृक्ष मां के नाम वृक्षारोपण महा अभियान के तहत प्रदेश में एक दिन में 37 करोड़ वृक्ष रोपित किये जाने का शुभारम्भ मर्याद पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के रामपुर हलवारा में किष्किन्धा वन में नीम, बरगद व पीपल के त्रिवेणी पौधे रोपित किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन आज अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर हुआ, जहां से हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन करने के बाद रामदरबार व अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम स्थल रामपुर हलवारा पहुंचकर त्रिवेणी वन का पौधरोपण किया और सेल्फी भी लिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल रामपुर हलवारा पर ही एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रातःकाल सात बजे से एक पेड़ मां के नाम प्रदेश में इस अभियान में हर व्यक्ति योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक काफी विकसित हो चुकी है और इसका बेहतर उपयोग करते हुए सुनिश्चित विकास के माध्यम से प्रशस्त कर सकते हैं। दोनों में संतुलन बनाकर जब हम चलेंगे तो उसके परिणाम सामने आयेंगे और आज से आठ वर्ष पहले इसी भाव के साथ हम लोगों ने उत्तर प्रदेश के वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारम्भ किया था। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले जब इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तो प्रसन्नता है कि सुनिश्चित प्रयास हुए हैं। वन विभाग के द्वारा मनरेगा के माध्यम से निजी क्षेत्र के नर्सरियों के माध्यम से, अलग-अलग विभागों के माध्यम से इस वर्ष हमारे पास 52 करोड़ पौध है, जिसका रोपण प्रदेश भर में हम लोग करने जा रहे है। ये उस कर्मिक विकास की प्रक्रिया को बताता है कि कैसे 08 वर्ष में 10 गुना से भी ज्यादा लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। ये वह क्रम है जो आज नये उत्तर प्रदेश में हर एक क्षेत्र में देखने को मिल रहा है और उसी अभियान के तहत हम लोग जोड़ने को



यहां आये है। पिछले 08 वर्ष में 204 करोड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्पन्न किया है और 204 करोड़ में से 75 फीसदी से अधिक पेड़ जीवित है। जब इसमें भारत सरकार के जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सर्वेयर भेजे तो रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश के अन्दर 05 लाख एकड़ क्षेत्र में वन आच्छादन बढ़ा है। अब हम हीटवेव से ग्रीन वेव की तरफ बढ़ चुके है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के द्वारा रामायण काल के वृक्षों को फिर से स्थापित करके भगवान राम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुये एक पेड़ मां के नाम के माध्यम से आज के इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुझे बताते हुये प्रसन्नता है कि जब हम लोग यहां पर इस कार्यक्रम के साथ जुड़े है, अब 16 करोड़ पौधारोपण प्रदेश में हो चुका है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुये कहा कि यह अभियान वर्तमान को भविष्य से बचाने का एक महा अभियान है एक-एक पेड़ हम सभी के लिए जीवन दायिनी बनेगा, हमें उसका संरक्षण करना होगा। प्रदूषण से, विषैले गैसों से हमें बचायेगा और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुनियोजित प्रयास पिछले 10 वर्षो में देश के अंदर हुआ है। उन्होंने अयोध्या के विकास पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनी है। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मियावाकी पद्धति से वन विकास जैसे प्रयास इसे और समृद्ध कर रहे है। तिलोदकी नदी के पुनरोद्धार में भी अयोध्या में कार्य हो रहा है। अयोध्या में सरयू के किनारे वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है, जिसका लाभ अयोध्या को प्राप्त होगा। अयोध्या के विकास के लिए निरन्तर प्रयास डबल इंजन की सरकार द्वारा किये जा रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजमगढ़ में समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी तत्वों के खिलाफ हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी व राष्टविरोधी कार्यवाही में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। कल बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है। वह जल्लाद हिंदु बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्टविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे। हम धरती मां के स्वास्थ्य की भी रक्षा करेंगे और मां की स्मृतियों को भी जीवंत बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे के किनारे आजमगढ़ के सठियांव ब्लॉक के केरमा गांव में हरिशंकरी वाटिका की स्थापना की।

## गुजरात में नदी पर बने पुल का हिस्सा गिरा, नौ मरे

### वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर हुआ हादसा



**नई दिल्ली।** गुजरात के वडोदरा जिले के पादरा तालुका में आणंद और पादरा को जोड़ने वाले एक पुल का हिस्सा ढह गया। पुल के टूटते ही कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। बताया जा रहा है कि इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि नौ लोगों को बचा लिया गया है। पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने हादसे के शिकार हुए लोगों के लिए मुआवजे का भी एलान किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह आणंद और पादरा को जोड़ने वाले पुल का एक हिस्सा महिसागर नदी में गिर गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, दो ट्रक, एक बोलेरो एसयूवी और एक पिकअप वैन सहित चार वाहन पुल पार कर रहे थे, तभी अचानक यह ढह गया और कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहनों के नदी में गिरने से पहले तेज आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड, स्थानीय पुलिस और वडोदरा जिला प्रशासन ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को मलबे से निकालने में मदद की।

## लखनऊ में दिनदहाड़े रियल एस्टेट कारोबारी ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** गुड़म्बा थाना अंतर्गत टेढ़ी पुलिया के पास बुधवार दोपहर करीब 3.30 बजे रियल एस्टेट कारोबारी शहबाज (36) ने अपने गार्ड की लाइसेंसी

### सोशल मीडिया पर बताया करोड़ों का हुआ घाटा

बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलाधिकारी और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर एक असलहा भी बरामद किया है। आत्मघाती कदम उठाने से पहले कारोबारी ने फेसबुक लाइव पर व्यापार में 15 करोड़ रुपये के घाटे का जिक्र किया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त विकासनगर निवासी रियल एस्टेट कारोबारी शहबाज के रूप में की गई। गुड़म्बा के टेढ़ी पुलिया चौराहे के पास सैनिक प्लाजा में उनका दफ्तर था। बुधवार दोपहर वह दफ्तर में गार्ड चोखे लाला के संग मौजूद थे। इस बीच वह फेसबुक लाइव पर आए और कारोबार में घाटे में आए 15 करोड़ रुपये का जिक्र किया। भाई शहनवाज ने बताया कि करीब 15 मिनट तक शहबाज फेसबुक लाइव पर अपना दर्द बयां करते रहे।

इसके बाद भाई ने गार्ड की बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अचानक गोली चलने की आवाज से वहां हड़कम्प मच गया। जिसके बाद लोगों की भीड़ वहां उमड़ पड़ी।

## अंतरिक्ष में किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

**वाशिंगटन।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 14 दिवसीय प्रवास के 12 दिन पूरे कर चुके हैं। इन 10 दिनों में उन्होंने कई प्रयोग किए। प्रयोगों के क्रम में उन्होंने किसान की भी भूमिका निभाई।

### उगा रहे हैं मेथी और मूंग के बीज

### अंतरिक्ष प्रवास के 12 दिन हुए पूरे

उन्होंने अपने साथ ले गए मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में स्प्राउट्स प्रोजेक्ट को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के शुरुआती विकास और उन




पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करने के लिए अंजाम दिया जा रहा है। बता दें कि पृथ्वी पर स्प्राउट्स प्रोजेक्ट का नेतृत्व कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ के रविकुमार होसामणि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़ के सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस की ओर से इस शोध को लेकर जारी बयान में कहा गया है कि पृथ्वी पर वापस आने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। जिससे कि उनके आनुवंशिकी, सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और पोषण प्रोफाइल में होने वाले परिवर्तनों की जांच की जा सके।

शुभांशु शुक्ला और उनके साथियों ने एक्सिओम-4 मिशन पर आईएसएस पर 12 दिन बिताए हैं। अपने अंतरिक्ष प्रवास को खत्म कर 10 जुलाई के बाद मौसम की स्थिति के आधार पर किसी भी दिन पृथ्वी पर वापसी कर सकते हैं। वे फ्लोरिडा तट पर उतरेंगे। हालांकि नासा ने अभी तक एक्सिओम-4 मिशन को अंतरिक्ष स्टेशन से अलग करने की तारीख की घोषणा नहीं की है। आईएसएस से जुड़े एक्सिओम-4 मिशन की अवधि 14 दिनों की है।

## बिहार में वोटरों की चोरी कर रहा चुनाव आयोग : राहुल

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला है। पटना में इंडिया गठबंधन के चक्काजाम में प्रदर्शन करने पहुंचे राहुल गांधी ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव को महाराष्ट्र के तरह ही चोरी करने की कोशिश की जा रही है। गरीबों के हक को छीनने की साजिश रची जा रही है। लेकिन हमलोग ऐसा नहीं करने देंगे। हमलोग बिहार की जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है। राहुल कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन जीतकर आया, जबकि विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस



गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा वोटर विधानसभा चुनाव में मतदान किया। आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए।

## सपा सांसद रामजी लाल सुमन फिर हाउस अरेस्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन एक बार फिर हाउस अरेस्ट कर दिए गए हैं। उनके आगरा स्थित आवास पर पुलिस ने सुबह ही घेरेबंदी कर दी और उन्हें एटा जाने से रोक दिया। इसे लेकर सांसद और पुलिस की तीखी नोकझोंक भी हुई। रामजी लाल सुमन ने एटा में आंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में कलक्ट्रेट पर धरना देने का ऐलान किया था। बताया जाता है कि अलीगढ़ डीआईजी के कहने पर सांसद को उनके आवास पर ही रोका गया है। हाउस अरेस्ट की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता सुमन के आवास पर पहुंच गए।

## फाइटर जेट क्रैश, दो की मौत

**चुरू/जयपुर।** राजस्थान के चुरू में भारतीय वायु सेना का फाइटर जेट क्रैश हो गया। यह जगुआर फाइटर जेट था। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है। मौके पर फाइटर जेट जैसा मलबा बिखरा पड़ा



है। चुरू एसपी जय यादव ने बताया कि राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मौके पर राजलदेसर पुलिस को भेजा गया हैं। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। हादसे को लेकर भारतीय वायुसेना ने ट्विटर के माध्यम से लिखा है कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर प्रशिक्षक विमान आज राजस्थान के चुरू के पास एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। भारतीय वायुसेना इस दुखद घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करती है और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

## धारचूला में बादल फटने से तबाही

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से जारी भारी बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भूस्खलन और मलबा आने से प्रमुख हाईवे और ग्रामीण सड़कें लगातार बाधित हो रही हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। हालांकि शुक्रवार को बारिश से थोड़ी राहत रही। यमुनोत्री हाईवे पर आवाजाही सुचारु नहीं हो पाई है और यह पिछले सात दिनों से बंद पड़ा है। हालांकि, सिलाई बैंड में यातायात शुरू करवा दिया गया है, लेकिन ओजरी से आगे वाहनों की आवाजाही अभी भी ठप है। दूसरी ओर, गंगोत्री हाईवे पर भी परेशानी बनी रही। भटवाड़ी के पपड़गाड के पास सड़क का करीब 25 मीटर हिस्सा एक बार फिर धंस गया, जिससे लगभग आठ घंटे तक आवाजाही बंद रही।

## अब बिना आधार नहीं मिलेगा कौशल विकास योजना का फायदा

**नई दिल्ली।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही कौशल विकास योजना में अब

### दिव्यांगजनों के लिए सरकार ने बदले नियम

### बिना आधार वाले भी वंचित नहीं होंगे

आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है. सरकार ने कहा है कि इस योजना के तहत किसी भी लाभार्थी को तब तक नकद लाभ नहीं मिलेगा जब तक वे अपना आधार नंबर या उसका पंजीकरण प्रमाण नहीं देंगे. सरकार ने साफ किया है कि इस योजना के



तहत दी जाने वाली सुविधाएं जैसे ट्रांसपोर्ट अलाउंस, बोर्डिंग-लॉजिंग, पोस्ट-प्लेसमेंट सहायता आदि पाने के लिए आधार नंबर देना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा. यह नियम 2 जुलाई 2024 से प्रभावी हो गया है। हालांकि, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन पात्र दिव्यांगजनों के पास फिलहाल आधार नहीं है, उन्हें योजना से वंचित नहीं किया जाएगा. उन्हें पहचान के लिए स्कूल दस्तावेज, जन्म प्रमाणपत्र या अभिभावकता से जुड़े कागजात देने होंगे. अगर आधार ऑथेंटिकेशन बायोमेट्रिक वजहों से फेल हो जाता है, तो ओटीपी, क्यूआर कोड स्कैन या ऑफलाइन ई-केवाईसी जैसे विकल्पों से पहचान की जा सकती है. इसके लिए यूआईडीएआई से मंजूरी ली गई है और संबंधित अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है.
विकलांग व्यक्तियों के कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना साल 2015 में शुरू हुई थी. इसका मकसद दिव्यांगजनों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार योग्य बनाना है. यह योजना एसआईपीडीए एक्ट के तहत आती है और देशभर में इसके तहत लाखों लोग लाभ पा चुके हैं।

## 'पत्नी के चरित्र पर शक बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आधार नहीं'

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह है, उसके नाबालिग बच्चे का पितृत्व निर्धारित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराने का आधार नहीं बनता। एक पारिवारिक कोर्ट की ओर से नाबालिग लड़के का डीएनए परीक्षण कराने के आदेश को रद्द करते हुए

### बॉम्बे हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

### 'अदालतों को नाबालिग बच्चे के अधिकारों का संरक्षक बनना चाहिए'

न्यायमूर्ति आरएम जोशी ने कहा कि ऐसी आनुवंशिक जांच केवल असाधारण मामलों में ही कराई जा सकती है।
1 जुलाई के आदेश में न्यायमूर्ति जोशी ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति व्यभिचार के आधार पर तलाक का हकदार होने का दावा करता है या चरित्र पर शक होने को अपना आधार मानता है तो डीएनए परीक्षण कराने का आदेश देने का कोई उचित मामला नहीं बनता। कोर्ट के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई।
हाईकोर्ट ने कहा, एक प्रश्न उठता है कि क्या यह



डीएनए परीक्षण का आदेश देने का उचित मामला है। इसका स्पष्ट उत्तर नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी के चरित्र पर सवाल है तो बच्चे का पितृत्व परीक्षण कराने के बजाय इसे किसी अन्य साक्ष्य से साबित किया जा सकता है।
यह आदेश एक व्यक्ति की अलग रह रही पत्नी और उसके 12 वर्षीय बेटे की ओर से दायर याचिका पर सुनाया गया। याचिका में एक पारिवारिक अदालत की ओर से फरवरी 2020 में पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। आदेश में बच्चे को पितृत्व का फैसला करने के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया था।
हाईकोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालत ने ऐसा आदेश पारित करके गलती की। इसके बाद कोर्ट ने उसे रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जोशी ने आदेश में कहा कि पारिवारिक अदालत के लिए बच्चे के सर्वोत्तम हित पर विचार करना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि किसी को भी खासकर नाबालिग बच्चे को रक्त परीक्षण कराने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब वह परीक्षण के लिए सहमत होने या न करने का निर्णय लेने में भी सक्षम न हो।
उच्च न्यायालय ने कहा कि जब किसी बच्चे के माता-पिता आपस में लड़ रहे हों और ज्यादातर समय बच्चा इस लड़ाई में एक हथियार बन जाता है तो अदालतों को नाबालिग बच्चे के अधिकारों का संरक्षक बनना चाहिए। कोर्ट ने कहा, न्यायालय पर पक्षों के बीच विवादित मुद्दों पर निर्णय लेने से कहीं अधिक जिम्मेदारी होगी। ऐसे में बिना किसी शक के अदालत को नाबालिग बच्चे का रक्त या डीएनए परीक्षण कराने का आदेश देने से पहले उसके पक्ष-विपक्ष पर विचार करना चाहिए।

## तहव्वुर राणा की हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने यह आदेश पारित किया। राणा की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उसे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। राणा 26/11 हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारी अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा चार अप्रैल को भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे भारत लाया गया था। गौरतलब है कि 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में घुसने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो आलीशान होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला करके उत्पात मचाया था।

## एफएटीएफ ने पहली बार मानी राज्य प्रायोजित आतंकवाद की बात

**नई दिल्ली।** वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद वित्तपोषण की निगरानी करने वाली संस्था एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने पहली बार राज्य

### पाकिस्तान की बढ़ेगी मुश्किल

### आतंकी संगठनों के फंडिंग पैटर्न का भी रिपोर्ट में जिक्र

प्रायोजित आतंकवाद की बात को स्वीकार किया है और अपनी ताजा रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। एफएटीएफ का कहना है कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। गौरतलब है कि भारत लंबे अर्से से




राज्य प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा वैश्विक मंच पर उठाता रहा है और इसके खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करता रहा है।
अब एफएटीएफ द्वारा भी राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बड़ा खतरा मानना भारत की बड़ी जीत है। वहीं इससे पाकिस्तान की परेशानी बढ़नी तय है। राज्य प्रायोजित आतंकवाद का मतलब है कि आतंकी संगठनों और आतंकी घटनाओं को वित्तपोषित करना किसी देश की राष्ट्रीय नीति हो। भारत, पाकिस्तान पर राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाता आया है। अब एफएटीएफ ने अपनी जुलाई 2025 की कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क रिपोर्ट में पहली बार राज्य प्रायोजित आतंकवाद की बात स्वीकार की है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद के फंडिंग पैटर्न का भी जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा भारत में हमले के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से सामान खरीदा गया।

# विधायक श्रीकांत कटियार ने वृक्षारोपण किया



**बांगरमऊ।** एक पेड़ मां के नाम अभियान 2 के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने आज क्षेत्र के ग्राम सिन्धूपुर बेरियागाड़ा एवं कुशराजपुर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं । वे न केवल हमें शुद्ध वायु और छाया प्रदान करते हैंए बल्कि धरती की सुंदरता और जीवन चक्र के रक्षक भी हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छए हरा.भरा भविष्य दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाया गया अभियान ष्एक पेड़ माँ के नामष् न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता हैए बल्कि यह मातृभूमि और मातृस्नेह दोनों को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल है।इस अभियान को हम लोगो को आगे बढ़ाना है और लोगो को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी निशासगर विश्वकर्मा, प्रधान नवदीप राठौर, अनिल अग्निहोत्री, प्रमेश चौधरी, पप्पू त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज बुधवार को प्राचार्य डॉ0 विष्णु मिश्रा के संरक्षण व वृक्षारोपण प्रभारी डॉ0 दिग्विजय नारायण के कुशल नेतृत्व में बृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम प्राचार्य ने आंवले का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तत्पश्चात समस्त प्राध्यापकों द्वारा अमरुदए गुलमोहरए कनेरए जामुनए नीमए नींबूए सागौन आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाने का मुख्य उद्देश्य वैश्विक उष्णता को कम करनाए पृथ्वी पर जल तथा ऑक्सीजन को बढ़ाना व प्रदूषण कम करना है। उन्होंने कहा की पौध रोपण के बाद उनके संरक्षण से ही उद्देश्य की पूर्ति होगी। कार्यक्रम में डॉ0 सविता राजनए डॉ0 रविराज वर्माए डॉ किरण डॉ0 हरिओम दिवाकरए डॉ0 सुनीता निरंकारीए डॉ0 धर्मेंद्र कुमार द्विवेदीए डॉ0 अभिषेक कुमारए डॉ0 अभय राजपूतए डॉ0 शैलजा त्रिपाठीए डॉ0 सुमन देवी कर्मचारी संदीप अवस्थीए कन्हैयालालए बसंत मौर्यए बलरामए मुन्नीलालए जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे व छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अन्त मे पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

## संगठन की सक्रियता को परखेंगे प्रभारी

**माती कानपुर देहात** जिला कांग्रेस कमेटी में संगठन सृजन को बूथ स्तर पर ले जाने के लिए जिला संयोजक राहुल रिछारिया और योगेंद्र सिंह परीक्षा का आगमन हो रहा है दिनांक 10 जुलाई से लेकर 14 जुलाई तक प्रभारी जिले में प्रवास करेंगे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अम्बरीश सिंह गौर ने बताया कि संगठन की गतिशीलता को देखने के लिए जिले के संयोजक प्रत्येक ब्लॉक में जाकर न्याय पंचायत और मंडल अध्यक्ष के गठन की समीक्षा करेंगे 5 दिन के इस दौरे में निश्चित तौर पर संगठन सृजन कार्यक्रम को जमीनी लेवल पर मजबूती मिलेंगी इस बार कानपुर देहात में संगठन सृजन में किसी भी तरह की ढील बर्दास्त नहीं की जाएगी जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह गौर ने ये भी कहा पूरी जिला कांग्रेस कमेटी और उसके पदाधिकारी बूथ पर जाकर प्रवास कर संगठन को मजबूत बनाएंगे

**बांगरमऊ।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की स्वीकृति से नगर के मोहल्ला कटरा निवासी अभय प्रताप सैनी को पार्टी का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने आशा जताई है कि नगर अध्यक्ष श्री सैनी पार्टी संगठन के नियमों और आदर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे तथा पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाएंगे।



## महिला करेंट से झुलसी

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी करुणा शंकर के घर में स्थित हैंडपंप में टुल्लू पंप लगा हुआ है। जिसका खुला तार हैंडपंप में छू रहा था और इससे हैंडपंप में लो वोल्टेज करेंट दौड़ रही थी। आज बुधवार की सुबह करुणा शंकर की पत्नी कल्पना 30 वर्ष ने अचानक हैंडपंप को छू लिया। हैंडपंप को छूते ही वह करेंट की चपेट में आ गई और छटपटाने लगी। यह देखकर उसके पति करुणा शंकर ने तुरंत टुल्लू पंप का प्लग निकाल दिया और करेंट से झुलसी अपनी पत्नी को आनन.फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


# कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उरई

प. 635/02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क/ई–निविदा प्रणाली/(2025–26) उरई दि. 05.07.25

**ई–निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क से प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष–2025–26 में कराये जाने वाले कार्य की ई–निविदा दिनांक 25–07–2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक ई–निविदायें (टैक्निकल/फाईनेन्शियल) आमंत्रित की जाती हैं। दिनांक 28. 7. 2025 को अपरान्ह 03.00 बजे नगर पालिका परिषद, उरई कार्यालय में निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगीं। जिसमें टेक्निकल बिड क्वालीफाइंग करने वाले निविदादाताओं को ही फाइनेन्शियल बिड/प्रतिस्पर्धा में शामिल किया जायेगा। उक्त ई–निविदा www.etender.up.nic.in से डाउनलोड की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 09.07.2025 4 बजे PM |
| 2 | ई निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि/ समय | 25.7.2025 समय 12 PM |
| 3 | ई निविदा टेक्निकल बिड खोले जाने की तिथि/ समय | 28.07.2025 समय 3 PM |
| 3 | ई निविदा फाइनेन्सियल बिड खोले जाने | टेक्नीकल विड खोले जाने के उपरान्त |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
उरई

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
उरई


# कानपुर देहात समाचार

## जाति धर्म और मजहब की राजनीति से ना तो इंसान और ना किसी राष्ट्र का होता है विकास-सीता यादव



**माती कानपुर देहात** बिना किसी भेद भाव के सामने वाले व्यक्ति को केवल इंसान समझ कर उसकी हर प्रकार की सेवा में समर्पित संगठन एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में बुधवार को ऐतिहासिक पहल शुरू हुईए राजनीति मैं प्रयोग किए जाने वाले वाएदे और झूठ पर आधारित राजनीति के प्रमुख मुद्दों को हकीकत में सामने लाते हुए समिति द्वारा जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए उन मांगों को रखा गया जिन्हें केवल राजनीति की चौसर पर मोहरों के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा हैए समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव द्वारा कहा गया कि जब तक समानता का अधिकार सभी को प्राप्त नहीं होगा तब तक हमें सभ्य समाज का नागरिक कहलाने का कोई अधिकार नहीं है उन्होंने साफ तौर से कहा कि शिक्षा चिकित्सा और स्वास्थ्य में इंसान पर कोई मानक नहीं लागू किया जाना चाहिए क्योंकि यह सभी का अधिकार है। अपने अलग अधिकार में आने के बाद शायद यह पहला अवसर है जब कानपुर देहात जिले के लोगों की समर्पित सेवा करने का जज्बा किसी संगठन में दिखाई दिया हैए राजनीति खूब हुई वायदे भी तमाम किए गए लेकिन हर मामले में इंसानों के बीच खिंची लाइन कभी समाप्त नहीं हो पाई कहीं शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शी व्यवस्था दिखाई नहीं दी तो कहीं चिकित्सा के नाम पर इंसानों का बंटवारा होता दिखाई दिया है इन सब के बीच पिछले कुछ वर्षों से एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव और उनकी टीम तथा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव का सेवा भाव आज जिले में लोगों की पहली पसंद साबित हो रहा है मामला चाहे दुख का हो चाहे सुख हो का सभी में समिति के पदाधिकारी की मौजूदगी ना सिर्फ झूठी राजनीति से लोगों को तौबा करा रही है बल्कि इंसानों के बीच किसी लाइन भी काफी हद तक समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैए बुधवार को राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने हाईवे ब्रिज से जिलाधिकारी कार्यालय तक रैली निकालीए जिलाधिकारी कार्यालय पर विज्ञापन प्रेषित करते हुए समिति के पदाधिकारी ने अपनी मांगों को पूरा किए जाने की बात रखी प्रेषित ज्ञापन में सभी बच्चों को निशुल्क और समान शिक्षा का अधिकार दिए जाने के साथ महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस प्रभावी कदम उठाए जाने तथा सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के दिए जाने सहित पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दिए जाने और प्लास्टिक के उपयोग पर कठोर प्रतिबंध लगाए जाने के साथ प्रस्तावित 5000 प्राथमिक विद्यालयों को बंद न किए जाने और यदि कोई बदलाव हो तो उसमें बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शिक्षकों की नौकरी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हितों का ध्यान रखे जाने की मांग की गई एक उम्मीद संगठन किसी जाति धर्म अथवा मजहब का पक्ष नहीं लेता है बल्कि अन्य और भेदभाव का विरोध करता है तथा समता मूलक समाज की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि इतना सब होने के बाद भी यदि हम सभी लोग जरूरतमंद लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए आगे नहीं आएंगे तो फिर हम सभ्य समाज के नागरिक कहलाने के भी अधिकारी नहीं होते हैंए उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है जब हम लोगों को जाति धर्म और मजहब से हटकर इंसान को समस्याओं से मुक्त करने का काम करना होगा और यह तभी संभव है जब हम लोग एक दूसरे से स्नेह पूर्वक रिश्ता बनाने का कार्य करेंगे उन्होंने कहा कि जाति धर्म के आधार पर आज तक संसार में कोई एक देश विकास की बुलंदियों को छूने में कामयाब नहीं हुआ है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर काम कर रही है तो ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि हम सभी लोग सरकार के प्रयासों को सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए आगे आएए उन्होंने खोलकर सभी सेवा वहां किया कि हमारी समिति कोई राजनीतिक दल नहीं है जहां केवल झूठे वादे और कभी ना पूरे होने वाले सपने लोगों को दिखाएं जाए उन्होंने कहा कि हम मानव सेवक का प्रति समर्पित हैं और इस कार्य में जीवन की आखिरी सांस तक समर्पित रहेंगे आवश्यक तत्वों पर किसी भी वक्त उन्हें याद किया जाए वह मानव सेवा में तत्पर दिखाई देंगीए कार्यक्रम के दौरान फैसल अंसारी चरण सिंह यादव राजेश गौतम जसवंत सिंह अशोक यादव वीरेंद्र शंखवार धनीराम पैंथर अफ़सर कुरैशी सुधीर यादव शीला कुशवाहा प्राची कटिहार अजीत यादव आदेश कटिहार शिवगोपाल शर्मा रवि शंकर गजेंद्र यादव सुमन चौहान सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## निरोगी व स्वस्थ रहने के लिए पेड़ लगाना जरूरी रू कुल कमल सिंह

### नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार ने कहा पेड़ लगाना भावी पीढ़ी के भविष्य केलिए बहुत ही महत्व पूर्ण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता** रसूलाबाद कानपुर देहात ।पेड़.पौधे लगाने से न केवल पर्यावरण को लाभ होता हैए बल्कि यह हमारे जीवन में खुशहाली भी लाता है। पेड़.पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैंए वायु प्रदूषण को कम करते हैंए और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इसके अलावाए पेड़.पौधे हमें फलए सब्जियांए और अन्य उपयोगी उत्पाद प्रदान करते हैं। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी कुल कमल सिंह ने पौध रोपण करते हुए कहा कि पेड़.पौधे वायु प्रदूषण कम करते है और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते है साथ ही आक्सीजन प्रदान करते है जो हमारे जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है । उन्होंने कहा कि पेड़पौधों के आसपास रहने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और तनाव कम होता है । उन्होंने आमजनमानस से अपील की कि आगामी पीढ़ी को स्वस्थ व निरोगी रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना बहुत ही जरूरी है। नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार ने पौध रोपण करते हुए कहा कि पेड़.पौधे लगाने से न केवल समाज को लाभ होता हैए बल्कि यह हमारे भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिएए हमें अधिक से अधिक पेड़.पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर नगर पंचायत से प्रत्युष राजपूत शीलू बाथम संदीप रावत रोहित कुमार मूलचंद बादल कुमार रूबी देबी पत्रकार साथियों में पत्रकार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता हरिश्चंद राज कुमार तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।




## वित्तीय साक्षरता कैम्प में जनता को किया गया जागरूक

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** नाबार्ड यूपी ग्रामीण बैंक और एबोक इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और लोगों को वित्तीय सेवाओं के बारे में जागरूक करना था। ग्राम पंचायत बर्रा ठर्रा के ग्राम पहाड़पुर में यूपी ग्रामीण बैंक शाखा असालतगंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक नृपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जनता को वित्तीय सेवाओ के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें वित्तीय निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाया गया । शाखा प्रबंधक ने कैम्प में बैंकिंग सेवाओं के बारे जानकारी देकर लोगों को खाता खोलने और उनका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । कैम्प में बचत और निवेश के महत्व पर जोर दिया गया और लोगों को बचत और निवेश के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई। वित्तीय साक्षरता कैम्प के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता में सुधार होगा और लोगों को अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी । इस मौके पर ए बोक इंडिया फाउंडेशन एनजीओ से शुभम यादव बीरेंद्र सिंह यादव प्रधान शिव कान्त द्विवेदी पप्पू बाथम वागीश तिवारी जिलेदार बाथम सोनू अनोखी प्रीती देवी केशरी गोपाल तिवारी पंचम बाथम बराती यादव रोशनी राजकमल सहित बैंक स्टाफ मौजूद रहा।

## शिक्षक विधायक ने डीआईओएस समक्ष रखी शिक्षकों की समस्याएं

कानपुर बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक विधायक माननीय राज बहादुर सिंह चंदेल के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर डॉक्टर संतोष कुमार राय से शिष्टाचार भेंट की भेंट के दौरान माननीय विधायक ने शिक्षकों की समस्याओं जैसे चयन वेतनमान प्रोन्नत वेतनमान प्रवक्ता पद को नियमित करने पुरानी पेंशन योजना से अक्षांकित किए गए शिक्षकों के एनपीएस के अंशदान को जीपीपी खाते में स्थानांतरित करने आदि का ज्ञापन दिया जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा माननीय विधायक को समय से समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया माननीय विधायक के साथ प्रतिनिधि मंडल में सत्येंद्र शुक्ला श्री नारायण मिश्रा मनोज ठाकुर आर के गुप्ता राज बिहारी वाजपेई सुनील मिश्रा आलोक मिश्रा अन्य पदाधिकारी व शिक्षक गण मौजूद रहे


# कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर

पत्रांक– 287 /सूचना/भ०दा०खा०/न०पा०प०घा०/2025–2026 दिनांक 09.07.2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर के निम्न भवनों/भूखण्डों के स्वामित्व परिर्वतन/दर्ज/अंकित करने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः स्वामित्व परिर्वतन/नया भवन/प्लाट/भूखण्ड/भवनकर पांजिका में नाम दर्ज करने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. बाद म्याद प्राप्त आपतियों पर विचार करना सम्भव न होगा।

| क्र0 सं० | भूमि संख्या/भवन संख्या | पालिका अभिलेखों/राजस्व अभिलेखों में दर्ज स्वामी का नाम | कालम संख्या तीन के स्वामी के स्थान में अंकित नाम हेतु |
|---|---|---|---|
| 1. | गाटा सं० 319 डि०सं० 318 क्षेत्रफल 54.49 वर्गमीटर | रानी देवी उर्फ फूल कुमारी पत्नी इन्द्रपाल प्रजापति आरती आर्या पत्नी अजय कुमार नि० कुरसेडा घाटमपुर कानपुर नगर | सीबू कुमार पुत्र राम प्रकाश नीलम देवी पत्नी सीबू कुमार नि० कृष्णा नगर घाटमपुर कानपुर नगर |
| 2. | दानपत्र क्षेत्रफल 80.12 वर्गमीटर | मिथलेश धर्मपत्नी स्व० राजाराम कुशवाहा नि० शास्त्री नगर घाटमपुर | पुष्पा पत्नी रंजीत, छोटी पत्नी उदय कुमार, नीतू पत्नी अमर सिंह, रैना पत्नी पवन कुमार नि० शास्त्री नगर घाटमपुर |
| 3. | गाटा सं० 213 मि० में से क्षेत्रफल 126 वर्गमीटर | रामबाबू सोनी पुत्र स्व० रज्जू सोनी नि० कोटद्वार घाटमपुर कानपुर नगर | अरशद अब्दुल, अरीश अब्दाल पुत्र लियाकत हुसैन नि० पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 4. | गाटा सं0 452 में से क्षेत्रफल 93.27 वर्गमीटर | सुखवीर सिंह पुत्र स्व० राज नरायन सिंह नि० नहोली अकबरपुर कानपुर देहात | रीता देवी पत्नी रण विजय सिंह नि० जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 5. | गाटा सं० 267 में से क्षेत्रफल 136 वर्गमीटर | दुर्गा प्रसाद पुत्र मिश्रीलाल प्रजापति नि० कटरा पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर | नारेन्द्र कुमार पुत्र मौजीलाल प्रजापति नि० कटरा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 6. | वसीयतनामा | चन्द्रकिशोरी श्रीवास्तव पत्नी स्व. देवी चरन श्रीवास्तव नि.कृष्णानगर घाटमपुर कानपुर नगर। | तुषारकान्त श्रीवास्तव पुत्र जगदम्बा प्रसाद नि० कृष्णा नगर घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 7. | गाटा स० 213मि0 में से क्षेत्रफल 84 वर्गमीटर | कृष्णा पत्नी भोला सिंह नि० ग्राम राहा घाटमपुर कानपुर नगर | नजमा पत्नी सफीक नि० पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 8. | गाटा सं0 306 | अयोध्या प्रसाद पुत्र राम चरन नि० बसन्त बिहार घाटमपुर कानपुर नगर। | धीरेन्द्र कुमार, बीरेन्द्र पुत्र स्व० अयोध्या नि० बसन्त बिहार घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 9. | गाटा सं० 382 में से 4 बिस्वा | दीवानचन्द्र पुत्र जमुना नारायण मिश्र नि० घाटमपुर कानपुर नगर। | प्रमोद पुत्र शिशुपाल सिंह नि० गाँधी नगर घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 10. | क्षेत्रफल 65 वर्गमीटर | वीरू कुमार गौतम, अजय कुमार गौतम पुत्र राम स्वरूप नि० नौबस्ता पश्चिमी घाट.कानपुर नगर। | राजीव कुमार वर्मा पुत्र राम आसरे वर्मा नि० नौबस्ता पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 11. | गाटा सं० 249, 250 मि० 251मि० में से अंश क्षेत्रफल 53. 94मि० दानपत्र | मो० वसी, मो० सलमान पुत्र सफी अहमद नि० शिवपुरी पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर। | मो० रफी पुत्र सफी अहमद नि० पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 12. | गाटा सं० 115ख में से क्षेत्रफल 633 वर्गमीटर | सजन देवी पत्नी विन्दु प्रताप सिंह, कमला देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह, अनिल सिंह पत्नी बद्री सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह, बड़कन सिंह, विशाल सिंह पुत्रगण रंजीत सिंह नि० बीरपुर घाटमपुर कानपुर नगर। | राजपाल पुत्र मेवालाल पाल नि० बसंत बिहार घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 13. | गाटा सं० 552 मि० में से क्षेत्रफल 105 वर्ग मीटर | सुनील कुमार, अनिल कुमार पुत्रगण गरीबदास नि० पीरबाजपुर बिन्दकी फतेहपुर। | अर्चना कुशवाहा पत्नी सुनील कुमार नि० जवाहर नगर पूर्वी द्वितीय घाट. कानपुर नगर। |
| 14. | क्षेत्रफल 71 वर्गमीटर | मुन्ना पत्नी यासीन व मो० वसीम पुत्र मो० यासीन, फहीम पुत्र यासीन नि० शेखवाड़ा घाटमपुर कानपुर नगर। | यासमीन पुत्र सोनू नि० शेखवाडा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 15. | क्षेत्रफल 100 वर्गमीटर | श्रीराम पुत्र सीताराम नि० शिवपुरी नगर घाटमपुर कानपुर नगर। | कामता, सुरेन्द्र पुत्र स्व० मझ्यादीन नि० कृष्णा नगर घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 16. | दानपत्र डिमाण्ड सं0 126/150 क्षेत्रफल 119.97 वर्गमीटर | नफीसा खातून पत्नी स्व० अनवार खॉ अबरार खान, अवसार खान पुत्रगण स्व० अनवार खॉ नि० शेखवाडा घाटमपुर कानपुर नगर। | साइमा खान, राहील खान पुत्री स्व० अनवार खाँ नि० शेखवाड़ा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 17. | क्षेत्रफल 35 वर्गमीटर | कल्लू सिंह पुत्र बदलू सिंह परमार नि० ग्राम अमौली पोस्ट गुजेला घाटमपुर कानपुर नगर। | कमला देवी पत्नी स्व० शिवरत्तन नि० आछीमोहाल पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 18. | क्षेत्रफल 104 वर्गमीटर | प्रेमचन्द्र शर्मा पुत्र श्री बाबूराम शर्मा नि० ग्राम गौसगंज, मूसानगर, भोगनीपुर कानपुर देहात। | श्रीमती श्रीदेवी पत्नी जीतेन्द्र कुमार नि० अशोक नगर दक्षिणी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 19. | दानपत्र गाटा सं0 57 में से क्षेत्रफल 87.04 वर्गमीटर डिमाण्ड सं0 96 | जगन्नाथ पुत्र अयोध्या प्रसाद साहू नि० बसंत बिहार घाटमपुर कानपुर नगर। | प्रियंका साहू पुत्री जगन्नाथ साहू नि० बसंत बिहार घाटमपुर कानपुर नगर। |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**घाटमपुर कानपुर नगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**घाटमपुर कानपुर नगर।**

जनता ससंय में नगर में दो सीएमओ

## सीएमओ ऑफिस में हंगामा, फोर्स तैनात



कानपुर । कानपुर में डीएम से भिड़ने वाले सस्पेंड सीएमओ सुबह ऑफिस पहुंचे और कुर्सी पर बैठ गए। रजिस्टर मंगवाकर अटेंडेंस लगाई। सूचना मिलते ही आधे घंटे में वर्तमान सीएमओ भी पहुंच गए। उन्होंने कहा.आप कैसे इस सीट पर बैठ गए उठिए। इस पर पूर्व सीएओ डॉ. हरी दत्त नेमी ने कहा कि मैं कोर्ट से स्टे लेकर आया हूं। आप शासन से बात करें। मुझे यहीं के लिए भेजा गया हैए क्योंकि मेरा निलंबन कानपुर से ही हुआ था। सीएमओ डॉ. उदयनाथ ने इसकी जानकारी अपने सीनियर अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा मेरे पास अभी कोई ऑर्डर नहीं आया है। बुधवार सुबह करीब 9 बजे काशीराम अस्पताल स्थित सीएमओ ऑफिस में हंगामा होते देख लोगों ने पुलिस को फोन कर दिया। चकेरी थाना पुलिस पहुंची और विवाद बढ़ते देख फोर्स तैनात कर दी गई। थोड़ी देर बादैक्ड ऋभु और एसीपी लाइन आशुतोष सिंह भी मौके पर पहुंच गए। लेकिन मामले का ढेर शाम तक कोई समाधान नही निकला ।

## एक पेड़ मां के नामष् अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख ने किया वृक्षारोपण





**स्वतंत्र भारत संवाददाता बिठूर ।** विकासखंड कल्याणपुर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत रामपुर भीमसेन और ग्राम पंचायत सोना में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने स्वयं पौधा रोपित किया।

ग्राम पंचायत सोना स्थित अटल वन में आम पीपल नीम गुलमोहर अर्जुन आदि के सैकड़ों पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों सामाजिक कार्यकर्ताओं और पंचायत सदस्यों एवं ब्लॉक के अधिकारियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण के पश्चात ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा मां जीवन की प्रथम गुरु होती हैं। उनकी ममता और त्याग को सम्मानित करने का यह अनूठा प्रयास है। एक पेड़ मां के नाम लगाकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं बल्कि भावनात्मक रूप से भी प्रकृति से जुड़ते हैं। कार्यक्रम के दौरान एडीओ पंचायत अतुल शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे अपने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें ताकि वे सुरक्षित रूप से वृक्ष बन सकें।कार्यक्रम का समापन वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ जैसे नारों के साथ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एडिओ कोऑपरेटिव पंकज सहाय पंचायत सचिव अखिलेश त्रिपाठी भीमसेन चौकी प्रभारी अमित मौर्या ग्राम प्रधान भीमसेन देशराज पासवान ग्राम प्रधान सोना सत्येन्द्र मोहन गुप्ता बृजेंद्र सिंह चंदेल योगेंद्र पांडे सहित भारी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिल्हौर विधायक ने किया वृक्षारोपण



**बिल्हौर।** एक ही दिन में उत्तर प्रदेश की जनसंख्या से अधिक पेड़ पूरे राज्य में लगाए जा रहे हैं। यह न केवल एक रिकॉर्ड है बल्कि पर्यावरण के प्रति जन.जन की जागरूकता का प्रमाण भी है उक्त बातें बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कहीं। बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने विधानसभा क्षेत्र बिल्हौर के ग्राम बैड़ी अलीपुर में पेड़ लगाओ. पेड़ बचाओ अभियान 2025 व एक पेड़ मां के नाम 2०० के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी तहसीलदार एवं वन विभाग के अधिकारियों सहित ग्राम प्रधान व भाजपा नेता अविरल शुक्ला सौरभ अवस्थी एवं अन्य ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं सभी को वृक्ष लगाने पर्यावरण बचाने एवं जल बचाने के लिए प्रेरित किया।

## मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स ऐसोसिएशन द्वारा 29 सूत्रीय मांगों को लेकर की गई हड़ताल




कानपुर नगर. बुधवार को सर्वोदय नगर स्थित श्रम विभाग कार्यालय में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ऐसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी के नेतृत्व में 29 सूत्री मांगों को लेकर माननीय प्रधानमंत्री से संबोधित ज्ञापन दिया गया अरविंद तिवारी ने बताया 29 सूत्री मांगों में चार महत्वपूर्ण मांगे रखी गई है।

उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी से तत्काल इस मामले पर हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई का निवेदन किया है उनके द्वारा यह भी कहा गया है कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे हड़ताल के दौरान सैकड़ो की संख्या में सेल्स प्रमोशन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घर से पेन लेने के बहाने निकला हाईस्कूल का छात्र लापताए पुलिस ने ढूंढा

. पिता ने बताया कि बेटा शेयर मार्केट का काम सीखने की करता था जिद
. पुलिस ने छात्र को दिल्ली से बरामद कर परिजनों ने किया सुपुर्द

चकेरी। सनिगवां मेँ घर से पेन लाने के लिए निकला हाईस्कूल का छात्र लापता हो गया। पिता ने बताया कि उनके बेटे का पढ़ाई में मन नहीं लगता था। वह शेयर मार्केट का काम सीखने की जिद करता था। वहीं पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मंगलवार की सुबह छात्र को दिल्ली स्टेशन से बरामद कर लिया। साथ ही पूछताछ के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

सनिगवां के सैनिक विहार कॉलोनी निवासी कृष्णा कुशवाहा ने बताया कि उनका फूल झाड़ू का व्यापार है। उनका 16 वर्षीय बेटा ओम कुशवाहा हाईस्कूल् का छात्र है। कृष्णा ने बताया कि बेटे का पढ़ाई में मन नहीं लगता था। वह शेयर मार्केट का काम सीखने की जिद करता था। कृष्णा ने बताया कि बीती चार जुलाई की सुबह बेटा मां से सौ रुपये लेकर पेन लाने की बात कहकर निकला था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह लौटकर नहीं आया। तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन बेटे का कुछ पता नहीं चल सका। वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का मामला दर्ज कर छात्र की तलाश में जुटी थी। कृष्णा ने बताया कि बीते सोमवार को बेटे ने दिल्ली पहुंचकर उन्हें फोन कर जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार सुबह दिल्ली से छात्र को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि छात्र शेयर मार्केट का काम सीखने के लिए दिल्ली गया था। फिलहाल पूछताछ के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### मवेशी को बचाने में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराईए चालक घायल

चकेरी। जाजमऊ में वाजिदपुर रोड पर बीच सड़क पर आये मवेशी को बचाने में एक कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। जिससे कार चालक घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस समेत चालक के परिजन पहुंचे और युवक को निजी अस्पताल उपचार के लिए ले गये। महाराजपुर के हार्निहा गांव निवासी कुलदीप पाल रामनारायण बाजार निवासी वाहिद रंगरेज की कार चलाते हैं। मंगलवार दोपहर को कुलदीप कार लेकर जाजमऊ से प्योंदी गांव जा रहे थे। तभी वाजिदपुर के पास पहुंचते ही एक मवेशी गाड़ी के आगे आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कुलदीप घायल हो गये। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि घायल के परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गये हैं ।

## खबर एक नजर

### जाजमऊ में महिला ने गंगा में कूदकर आत्महत्या का किया प्रयास

**चकेरी।** जाजमऊ में गंगापुल पर मंगलवार की देर शाम को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक महिला पुल से गंगा में छलांग लगाकर आत्महत्या करने पहुंची। तभी मौके पर मौजूद राहगीरों ने महिला को बचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार महिला घरवालों से विवाद के चलते आत्महत्या करने आई थी। साथ ही वह मानसिक विक्षिप्त है। फिलहाल महिला को अस्पताल भेजा गया है।

मंगलवार देर शाम को एक महिला रोते हुए जाजमऊ नये गंगापुल पहुंची और पुल की रेलिंग पर चढ़कर गंगा में छलांग लगाने लगी। तभी राहगीरों ने देखा तो महिला को बचाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। वहीं महिला रो रोकर परिवार से तंग आकर आत्महत्या करने की बात कहती रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो महिला अपने बारे में ज्यादा कुछ बता नहीं पा रही। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि महिला मानसिक विक्षिप्त है। फिलहाल उसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जिसके बाद पूछताछ कर महिला के परिजनों से संपर्क किया जायेगा ।

### निजीकरण रोकने को लेकर प्रदर्शन

**कानपुर ।** अखिल भारतीय प्रमुख श्रम संगठनों के आवाहन पर आज कानपुर में भारतीय जीवन बीमा निगम के माल रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वार पर कानपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियनए ;संबंध ऑल इंडिया लिक इंप्लाइज फेडरेशनद्ध के सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शनए नारेबाजी व सभा की। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष काण्जीण्पीण् पाल ने बताया कि सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण देश में महंगाई और बेरोजगारी से आम आदमी परेशान है। सरकार की नीतियों के कारण आज देश में सरकारी संस्थानो और पब्लिक सेक्टर के सभी विभागों में नई भर्ती का काम पूरी तरीके से बंद किया जा चुका है। शिक्षित युवा बेरोजगार मारा घूम रहा है। सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों को कम वेतन पर बिना सामाजिक सुरक्षा के ठेके पर काम चलारही है। सरकार ने अपनी नीतियों के कारण कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम देने से मना कर दिया है। हमारी मांगे हैं कि बैंकों और बीमा में निजीकरण को रोका जाएए पर्याप्त भर्ती सुनिश्चित की जाएंए आउटसोर्सिंग बंद किया जाएए ग्राहकों के लिए बैंकों में सेवा शुल्क काम किया जाएए पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाएए ट्रेड यूनियन के अधिकारों पर हस्तक्षेप न किया जाएए लंबित मांगों पर निस्तारण किया जाएए सभा में जीण्पीण् पालए अमित त्रिपाठीए शैलेंद्र मोहन कनौजियाए भूपेंद्र बाखरेए अतुल अग्रवालए पीण्सीण् बाजपेईए प्रवीण शुक्लाए रमेश वर्माए रीना शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### गला कसकर वृद्ध की हत्या का आरोप मुकदमा दर्जकर जांच में जुटी पुलिस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव।** बीती रात साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली गांव के पास नातिन को दवा दिलाकर घर लौट रहे वृद्ध की गला दबाकर हत्या की सूचना से हड़कंप मच गया मौके पर पहुंचे साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक ने एसीपी घाटमपुर को सूचना देते हुए वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा उनके साथ बाइक में सवार लोगों से पूंछताछ कर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करने की बात कही। चिरली निवासी सुरेन्द्र पासवान की तहरीर के मुताबिक बीती रात करीब साढ़े सात बजे पिता कालीदीन पासवान 60 नातिन प्रिया को दवा दिलाने तिरमा निवासी रिश्तेदार लवकुश पासवान के साथ बाइक से सवायजपुर जा रहे थे जैसे ही वह कुंदौली गांव स्थित काली मंदिर नाला के पास पहुंचे तभी पीछे बाइक से आ रहे सोनेलाल पुत्र सुरजू तथा भोंदू उर्फ राजकुमार पुत्र रामसेवक पहुंचे और जबरन बाइक को रोक लिया और मारपीट करते हुए गले में पड़े अंगौछे से गला कसकर मार डाला मौके पर पहुंचे एसीपी घाटमपुर तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने ने मृतक के परिजनों को समझाते हुए शव को पीएम के लिए भेजा।वही लोगो की माने तो वृद्ध की मौत बाइक से गिरने से हुई है साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच की जा रही वही तहरीर और पीएम रिपोर्ट कुछ अलग अलग बयां कर रही आगे गहन जांच की जा रही पूर्व में दोनों परिवारों में विवाद की भी बात सामने आ रही जांच के बाद ही अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### सवारियों से भरी ऑटो पलटी चालक समेत आधा दर्जन गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव।** बुधवार दोपहर मुरलीपुर स्थित एक कालेज से प्रयोगात्मक परीक्षा देकर वापस लौट रहे आधा दर्जन से अधिक छात्र ऑटो पलटने से गंभीर घायल हो गए जिन्हें साथी छात्रों द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भीतरगांव भेजा गया जहां उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार भीतरगांव क्षेत्र के मुरलीपुर स्थित एक कालेज से राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी कोमल जाट 22 पुत्री पुखराज जाट अलवर निवासी रोहताश 22 पुत्र फूलसिंह नागौर निवासी पुष्पा 23 पुत्री सरवन राम बीपीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा देकर ऑटो से वापस कानपुर लौट रहे थे जैसे ही ऑटो पसेमा मोड के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित हो खड्ड में पलट गया जिससे ऑटो सवार आधा दर्जन से अधिक छात्र दब गए पीछे दूसरे ऑटो में चल रहे साथियों ने बड़ी मशक्कत से बाहर निकाल सीएचसी भीतरगांव भेजा जहां मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया जबकि गंभीर रूप से घायल एक छात्र सहित दो छात्राओं को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### जहरीले कीड़े के काटने से वृद्ध की मौत

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के कर्चुलीपुर गांव निवासी ब्रजनन्दन पासवान 64 देर शाम अपने खेतो में स्थित मंदिर पर दिया जलाने गए वही पर किसी जहरीले कीड़े के काटने से हालत बिगड़ने लगी सूचना पर पहुंचे परिजन आनन फानन उसे लेकर भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया साढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## कानपुर में लूट के बाद बुजुर्ग महिला की हत्या



**कानपुर।** कानपुर के बजरिया थानाक्षेत्र के रामबाग इलाके में बुधवार दोपहर एक घर में घुसे बदमाशों ने लूटपाट के बाद अकेली बुजुर्ग महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। महिला की मौत का पता तब चलाए जब उनके पति बाजार से लौटे। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने जांच की । हरसहाय कॉलेज से रिटायर्ड सुनील कृष्ण मिश्रा के बेटे काम के सिलसिले में कानपुर के बाहर रहते हैं। सुनील ;75द्ध और उनकी पत्नी प्रेमलता ;71द्ध रामबाग के दोमंजिला मकान में रहते थे। बुधवार दोपहर 12रू30 बजे सुनील सामान लेने बाजार चले गए। 2रू30 बले घर लौटे तो दूसरे तल पर पत्नी प्रेमलता का शव पड़ा था। कमरे में सामान बिखरा था। अलमारी में रखे 2 लाख रुपये और 5 लाख रुपये के जेवरात गायब थे।

## माता फूलमती मंदिर समिति द्वारा भव्य सुंदरकांड का आयोजन

कानपुर नगर. बुधवार को छोटा लखनपुर विनायकपुर स्थित प्राचीन माता फूलवती मंदिर के 13वाँ वर्षीकोत्सव के उपलक्ष में भव्य सुंदरकांड का आयोजन किया गया मंदिर समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा द्वारा बताया गया की मुख्य अतिथि के रूप में रामनाथ योगी गोरखनाथ पीठ मठ के आचार्य व दशई दास वरिष्ठ तिथि के रूप में संगीत मय सुंदरकांड करने के लिए पधारे हैं उन्होंने बताया कल एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे आज के भव्य सुंदरकांड के अवसर पर मुख्य रूप से राममोहन राजेश राठौर रोशन लाल सुनील मिश्रा अर्पण बाबा जी सोनू राठौर श्रीमती विमला देवी मुकेश श्रीवास्तव दिनेश बाबा आदि लोग उपस्थित रहे।



## प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के सरकार के निर्णय को सपाइयों ने बताया जन विरोधी



**बिल्हौर ।** आज बिल्हौर विधानसभा के ब्लॉक ककवन की ग्राम सभा उटृठा मलखरा में प्रदेश भर में विभिन्न जगहों पर बन्द किये जा रहे प्राथमिक विद्यालयों के सरकार के निर्णय के विरोध में बैठक आयोजित की ग?ई। जिसमें सपा बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने प्रदेश सरकार के इस निर्णय पर कड़ा ऐतराज जताया। विनय यादव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पीडीए सहित गरीब वर्ग से शिक्षा का मूल अधिकार छीनने का काम कर रही है। गरीबों को उनकी शिक्षा से बेदखल कर सामाजिक असमानता बढ़ाने का काम कर रही है। दूसरी ओर बंद हो रहे विद्यालयों से शिक्षकों के पद कम हो जायेंगे जिससे बेरोजगारी की विषम परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार का गहन संकट उत्पन्न हो जायेगा।इस दौरान भंते अनिरुद्ध बोधि जी विनय यादव अनिरुद्ध कोरी प्रदीप पाल अनुराग सविता सौरभ पाल सुनील यादव गोलू यादव राम बाबू नरेंद्र वर्मा करन वर्मा विजय वर्मा अवधेश कोरी कल्लू यादव वीरेन्द्र वर्मा अंकित चक्रवर्ती शादाब खान कमल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## पति के साथ स्कूटी से जा रही महिला से चेन लूट का चार माह बाद मुकदमा

. चकेरी के सनिगवां में हुई घटना
. चौकी और थाने के चक्कर काटने के बाद पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट



चकेरी। सनिगवां में बीते मार्च माह में पति के साथ स्कूटी से जा रही महिला से बाइक सवार लुटेरों ने चेन लूट ली। आरोप है कि वे लगातार थाने और चौकी के चक्कर काटती रहीं। फिर पुलिस ने चार माह बाद लूट का मुकदमा दर्ज किया। वहीं पूरी घटना पास में लगे सीसीटवी कैमरे में भी कैद हुई है। जिसकी मदद से पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

सनिगवां के कांशीराम कॉलोनी निवासी विद्या श्रीवास ने बताया कि उनके पति सुखलाल का नौबस्ता में सैलून है। बीती 18 मार्च की दोपहर को वह पति और बेटी के साथ स्कूटी में सवार होकर मायके मछरिया नौबस्ता गई थीं। वहां से लौटते समय कांशीराम कॉलोनी से 200 मीटर दूर ओम नमरू शिवाय मंदिर के पास पीछे से आये बाइक सवार लुटेरों ने विद्या के गले में झपट्टा मारकर चेन लूट ली और भाग निकले। घटना के बाद पीड़िता ने सनिगवां चौकी में शिकायत की। लेकिन आरोप है कि पुलिस लुटेरों को पकड़ने की बात कहकर टरकाती रही। फिर वे चकेरी थाने भी गईं लेकिन वहां पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने बताया कि करीब चार माह चक्कर काटने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। महिला ने बताया कि चेनलूट की घटना घटनास्थल के पास में स्थित एक स्कूल के सीसीटवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस के कार्रवाई न करने पर बीते शुक्रवार को पीड़िता ने एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय से शिकायत की। उनके हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मामले में थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि महिला ने ऑनलाइन शिकायत की थी। जिस कारण से थाने में देरी से मामला आया। अब मुकदमा दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश की जा रही है। वहीं महिला द्वारा टरकाये जाने के आरोप पर थाना प्रभारी ने कहा कि उनके संज्ञान में मामला नहीं था। अब संज्ञान में आने पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, कालपी-जालौन

पत्रांकः 1253 / न0पा0परि0कालपी / अ0क0नि0सू0 / 2025–26 दिनांक : 08.07.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, कालपी द्वारा पालिका निधि / राज्य वित्त आयोग वर्ष 2025–26 के अंतर्गत संकलित की गयी धनराशि से नीचे दिये गये विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिये पालिका पंजीकृत ठेकेदारों से ही दिनांक 26.07.2025 को समय 2 बजे दिन तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपराहन 3 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष शासनादेश सख्या 1319 / नौ–9–21–45ज / 21 नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 में वर्णित व्यवस्थानुसार निकाय समिति द्वारा खोली जायेगीं। जो पालिका पंजीकृत ठेकेदारों को ही दिनांक 25.07.2025 तक निविदायें नगर पालिका परिषद, कालपी एवं उपजिलाधिकारी कार्यालय कालपी में पालिका कर्मचारियों द्वारा बिक्री की जायेगी। आपके द्वारा नियम व शर्तें पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस मे देखी जा सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि वित्तीय वर्ष मे बनी हुयी एन.एस.सी., किसान विकास पत्र या टी.डी. पासबुक आदि द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, कालपी के नाम से बंधक की गयी धनराशि के स्वीकार किये जायेंगे तथा बिना धरोहर धनराशि के निविदायें स्वीकार नही की जायेगीं। टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार उपरोक्त शासनादेश द्वारा निर्धारित निकाय समिति को होगा। नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 एवं श्रम कर की कटौती की जायेगी।

### पालिका निधि / राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कार्य

| क्र. सं. | कार्य का नाम व विवरण | आंगणन की धनराशि | धरोहर की धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रति. सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0–05 मुहल्ला–रामचबूतरा में बलवान कुशवाहा के मकान से उदयभान प्रधान के मकान होते हुए एन0 एच0–02 तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 487273.00 | 48727 | 575 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड न0–04 मुहल्ला–महमूदपुरा में अनुराग पाठक के प्लाट के सामने नाली का निर्माण कार्य। | 98594.00 | 9859 | 116 | 30 दिन |
| 3 | वार्ड न0–16 मुहल्ला–रावगंज में गोपाल तिवारी के मकान से लाला रामस्वरुप के मकान तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 303688.00 | 30369 | 358 | 30 दिन |
| 4 | नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज में छत की मरम्मत ,फर्श व बिभिन्न मरम्मत कार्य। | 497725.00 | 49773 | 587 | 30 दिन |
| 5 | वार्ड न0–14 मुहल्ला–तरीबुल्दा में पंचमुखी हनुमान मंदिर में चबूतरा का निर्माण कार्य। | 184542.00 | 18454 | 218 | 30 दिन |
| 6 | नगर पालिका कालपी में चिकित्सालय से जन औषधि केंद्र तक इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 408320.00 | 40832 | 482 | 30 दिन |
| 7 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में अजय कुमार के मकान से माड़वाली कुइया रोड तक इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 204812.00 | 20481 | 242 | 30 दिन |
| 8 | वार्ड न0–12 मुहल्ला–हरीगंज में शनि / भूतनाथ मन्दिर के सामने इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 425101.00 | 42510 | 502 | 30 दिन |
| 9 | रानी लक्ष्मीबाई पार्क व महमूदपुरा बाल पार्क में लाइटिंग एवं डेकोरेशन का कार्य। | 478490.00 | 47849 | 565 | 30 दिन |
| 10 | वार्ड न0–07 मुहल्ला–राजघाट में पार्किंग स्थल के पास रैम्प का निर्माण कार्य। | 498660.00 | 49866 | 588 | 30 दिन |
| 11 | वार्ड न0–05 मुहल्ला–रामचबूतरा में कन्हैया मिश्रा की दुकान के सामने नाला व पुलिया का निर्माण कार्य। | 211264.00 | 21126 | 249 | 30 दिन |
| 12 | वार्ड न0–04 मुहल्ला–महमूदपुरा के कबीर आश्रम में विश्राम स्थल का निर्माण कार्य । | 486974.00 | 48697 | 575 | 30 दिन |
| 13 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में बनखंडी देवी मंदिर के सामने 02 सीटर शौचालय व यूरिनल का निर्माण कार्य। | 342618.00 | 34262 | 404 | 30 दिन |
| 14 | वार्ड न0–07 मुहल्ला–राजघाट में पातालेश्वर मंदिर के पास कुआं का पुनरोद्धार का कार्य। | 84678.00 | 8468 | 100 | 30 दिन |
| 15 | वार्ड न0–04 मुहल्ला–महमूदपुरा में फालेश्वर मंदिर के सामने व निगम के मकान से विजय सिंह के मकान तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 417823.00 | 41782 | 493 | 30 दिन |
| 16 | तहसील परिसर कालपी में मुनसिफ कोर्ट की छत की मरम्मत का कार्य। | 425744.00 | 42574 | 502 | 30 दिन |
| 17 | वार्ड न0–14 मुहल्ला–तरीबुल्दा में भीमसेन मन्दिर प्रांगण में इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 411074.00 | 41107 | 485 | 30 दिन |
| 18 | वार्ड न0–13 मुहल्ला–टरननगंज में बउआ शर्मा के मकान से पाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग मरम्मत का कार्य। | 275541.00 | 27554 | 325 | 30 दिन |
| 19 | वार्ड न0–04 मुहल्ला–महमूदपुरा में 10 सीटर सार्वजनिक शौचालय के जीर्णोद्धार का कार्य। | 409680.00 | 40968 | 483 | 30 दिन |
| 20 | Tank type stand post with complete fitting in ward N0-05 Muhalla-Ramchabutra. | 325517.00 | 32552 | 384 | 30 दिन |
| 21 | Tank type stand post with complete fitting in ward N0-01 Muhalla-Ramchabutra. | 325517.00 | 32552 | 384 | 30 दिन |
| 22 | Tank type stand post with complete fitting in ward N0-11 Muhalla-Ramchabutra. | 325517.00 | 32552 | 384 | 30 दिन |
| 23 | Tank type stand post with complete fitting in ward N0-16 Muhalla-Ravganj. | 325517.00 | 32552 | 384 | 30 दिन |
| 24 | Tank type stand post with complete fitting in ward N0-04 Muhalla-Mahmoodpura. | 325517.00 | 32552 | 384 | 30 दिन |
| 25 | Tank type stand post with complete fitting in ward N0-17 Muhalla-Maniganj. | 325517.00 | 32552 | 384 | 30 दिन |
| 26 | वार्ड न0–14 मुहल्ला–तरीबुल्दा में राजा बाबा मंदिर में दीवार व इण्टरलॉकिंग मरम्मत का कार्य। | 341952.00 | 34195 | 404 | 30 दिन |
| 27 | वार्ड न0–04 मुहल्ला–महमूदपुरा मे 02 सीटर शौचालय व यूरिनल का निर्माण कार्य। | 492111.00 | 49211 | 581 | 30 दिन |
| 28 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में भट्टी मैया मन्दिर से बाबूदीन के मकान तक इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 473296.00 | 47330 | 558 | 30 दिन |
| 29 | वार्ड न0–07 मुहल्ला–राजघाट में गोपाल के मकान से राजेंद्र पोरवाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 494544.00 | 49454 | 584 | 30 दिन |
| 30 | वार्ड न0–06 मुहल्ला–रामचबूतरा में चना चेन की दुकान के सामने से आनन्दी देवी मंदिर तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 410370.00 | 41037 | 484 | 30 दिन |
| 31 | वार्ड न0–02 मुहल्ला–कागजीपुरा में राजा स्टील की दुकान के सामने मन्दिर की बाउण्ड्री गेट व स्लैब का कार्य। | 337220.00 | 33722 | 398 | 30 दिन |
| 32 | वार्ड न0–16 मुहल्ला–रावगंज में नगर पालिका बालिका इन्टर में प्रार्थना स्थल में सी0 सी0 का निर्माण कार्य। | 499247.00 | 49925 | 589 | 30 दिन |
| 33 | वार्ड न0–01 मुहल्ला–रामचबूतरा में संतोष निषाद के मकान से जाहर के मकान तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 499253.00 | 49925 | 589 | 30 दिन |
| 34 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में मैकासुर मन्दिर में मिट्टी , दीवार, इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 499314.00 | 49931 | 589 | 30 दिन |
| 35 | वार्ड न0–14 मुहल्ला–तरीबुल्दा में विभिन्न स्थानों में नाली रिपेयरिंग का कार्य। | 499169.00 | 49917 | 589 | 30 दिन |
| 36 | वार्ड न0–07 मुहल्ला–राजघाट में विभिन्न स्थानों में इण्टरलाकिंग, सी0 सी0 एवं नाली रिपेयरिंग का कार्य। | 498448.00 | 49845 | 588 | 30 दिन |
| 37 | वार्ड न0–03 मुहल्ला–हरीगंज में विभिन्न स्थानों में इण्टरलाकिंग , सी0 सी0 एवं नाली रिपेयरिंग का कार्य। | 499608.00 | 49961 | 590 | 30 दिन |
| 38 | वार्ड न0–01 मुहल्ला–रामचबूतरा में विभिन्न स्थानों में इण्टरलाकिंग , सी0 सी0 एवं नाली रिपेयरिंग का कार्य। | 495000.00 | 49500 | 584 | 30 दिन |
| 39 | वार्ड न0–04 मुहल्ला–महमूदपुरा में विभिन्न स्थानों में इण्टरलाकिंग , सी0 सी0 एवं नाली रिपेयरिंग का कार्य। | 490000.00 | 49000 | 578 | 30 दिन |
| 40 | वार्ड न0–05 मुहल्ला–रामचबूतरा में विभिन्न स्थानों में इण्टरलाकिंग , सी0 सी0 एवं नाली रिपेयरिंग का कार्य। | 497000.00 | 49700 | 586 | 30 दिन |
| 41 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में विभिन्न स्थानों में इण्टरलाकिंग, सी0 सी0 एवं नाली रिपेयरिंग का कार्य। | 498000.00 | 49800 | 588 | 30 दिन |
| 42 | वार्ड न0–17 मुहल्ला–मनीगंज में विभिन्न स्थानों में इण्टरलाकिंग, सी0 सी0 एवं नाली रिपेयरिंग का कार्य । | 499000.00 | 49900 | 589 | 30 दिन |
| 43 | नगर पालिका कार्यालय भवन में अवर अभियन्ता कक्ष में फाल्स सीलिंग का कार्य। | 170022.00 | 17002 | 201 | 30 दिन |
| 44 | वार्ड न0–07 मुहल्ला–राजघाट में शौचालय के पास दीवार व रपटा का कार्य। | 251419.00 | 25142 | 297 | 30 दिन |
| 45 | वार्ड न0–23 मुहल्ला–अदलसराय में विनीता के मकान से वीर सिंह के मकान तक मरम्मत व नाली निर्माण का कार्य। | 442367.00 | 44237 | 522 | 30 दिन |
| 46 | वार्ड न0–11 मुहल्ला–रामचबूतरा में राजकुमार टेलर के मकान के सामने नाला की दीवार व पुलिया का निर्माण कार्य। | 265912.00 | 26591 | 314 | 30 दिन |
| 47 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में परमू यादव के मकान के पास मिट्टी भराई व बाउण्ड्री वाल का कार्य। | 385220.00 | 38522 | 455 | 30 दिन |
| 48 | वार्ड न0–11 मुहल्ला–रामचबूतरा / राजेपुरा में होली दहन का चबूतरा में इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 321595.00 | 32160 | 379 | 30 दिन |
| 49 | मुहल्ला–तरीबुल्दा में तहसील परिसर के बाहर ग्राउंड में इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 274543.00 | 27454 | 324 | 30 दिन |
| 50 | तहसील परिसर में एस0 डी0 एम0 साहब आवास के सामने व परिसर में चबूतरा, टाइल्स का कार्य। | 441320.00 | 44132 | 521 | 30 दिन |
| 51 | वार्ड न0–12 मुहल्ला हरीगंज में कारस देव मन्दिर में बाउंड्री पुताई, टाइल्स व ग्रिल का कार्य। | 182520.00 | 18252 | 215 | 30 दिन |
| 52 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में कुआं से कल्लू के मकान तक इण्टरलॉकिंग मरम्मत व घसीट यादव के मकान के सामने नाली व सी0 सी0 का कार्य। | 399344.00 | 39934 | 471 | 30 दिन |
| 53 | वार्ड न0–09 मुहल्ला–आलमपुर में डेल्टा गुप्ता मकान से प्रहलाद सैनी के मकान होते हुये प्रमोद प्रजापति मकान तक इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 404010.00 | 40401 | 477 | 30 दिन |
| 54 | प्राथमिक विद्यालय हरीगंज में महर्षि वेदव्यास सभागार व लैब के सामने इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 492764.00 | 49276 | 581 | 30 दिन |
| 55 | वार्ड न0–13 मुहल्ला–टरननगंज में प्रदीप गांधी के मकान के सामने इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 243670.00 | 24367 | 288 | 30 दिन |
| 56 | वार्ड न0–10 मुहल्ला–उदनपुरा में दीपक शर्मा के मकान के पास मन्दिर में चबूतरा व इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 467320.00 | 46732 | 551 | 30 दिन |
| 57 | वार्ड न0–21 गणेशगंज में विवेक दीक्षित के मकान से भोला के मकान तक सी0 सी0 व अमित यादव से रज्जू, बड़े विश्नोई से कैलाश सिंह मकान तक इंटरलॉकिंग मरम्मत का कार्य। | 356040.00 | 35604 | 420 | 30 दिन |
| 58 | वार्ड न0–25 रामचबूतरा प्रथम में इमामबाड़ा में टाइल्स, ग्रिल, एवं सी0 सी0, नाली का कार्य। | 485000.00 | 48500 | 572 | 30 दिन |
| 59 | वार्ड न0–09 आलमपुर में अजय के मकान से पुत्तु महाराज के मकान तक इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 310158.00 | 31016 | 366 | 30 दिन |
| 60 | कान्हा गौशाला में बेग सहित मिट्टी भराई व अन्य लेवेलिंग का कार्य। | 495000.00 | 49500 | 584 | 30 दिन |
| 61 | वार्ड न0–14 मुहल्ला–तरीबुल्दा में गीता रायकवार के मकान से राम निषाद के मकान तक सी0 सी0 का निर्माण कार्य। | 475630.00 | 47563 | 561 | 30 दिन |
| 62 | वार्ड न0–14 मुहल्ला–तरीबुल्दा में नरेंद्र तिवारी की फैक्ट्री के पास पुलिया व भीमसेन मन्दिर की रंगाई–पुताई का कार्य । | 385620.00 | 38562 | 455 | 30 दिन |
| 63 | वार्ड न0–23 मुहल्ला–अदलसराय में बहादुर सैयद तालाब की मिट्टी सफाई ,मरम्मत व रंगाई–पुताई का कार्य। | 325670.00 | 32567 | 384 | 30 दिन |
| 64 | वार्ड न0–24 मुहल्ला–सदरबाजार में रमेश विश्वकर्मा के मकान से विशाल पुरवार तक एवं विमला देवी के मकान से राम श्याम के मकान तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 498740.00 | 49874 | 589 | 30 दिन |
| 65 | वार्ड न0–01 मुहल्ला–रामचबूतरा में नारायण नेत्रालय से धर्मेन्द्र कुशवाहा के मकान तक नाली व सी0 सी0 का निर्माण कार्य। | 146320.00 | 14632 | 173 | 30 दिन |
| 66 | वार्ड न0–01 मुहल्ला–रामचबूतरा में अजहर के मकान से रईस के मकान तक नाली व सी0 सी0 का निर्माण कार्य। | 224600.00 | 22460 | 265 | 30 दिन |
| 67 | वार्ड न0–12 मुहल्ला–हरीगंज में राजू के मकान से वासुदेव के मकान तक इण्टरलॉकिंग मरम्मत एवं महेंद्र से दीपू सैनी मकान तक सी0 सी0 का निर्माण कार्य। | 265470.00 | 26547 | 313 | 30 दिन |
| 68 | वार्ड न0–09 मुहल्ला– आलमपुर में शान्ति निकेतन स्कूल के सामने शंकर जी मन्दिर के चारों तरफ सी0 सी0 का कार्य। | 448120.00 | 44812 | 529 | 30 दिन |
| 69 | वार्ड न0–06 मुहल्ला–रामचबूतरा में सोशल वेल्फेयर स्कूल से नुजहत के मकान ( सर्विस रोड ) तक नाली व सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 478620.00 | 47862 | 565 | 30 दिन |

**नियम व शर्तें :–**

1. शासनादेश सं0 609 / नौ–9–207–249 ज / 06 नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 26 फरवरी 2007 के अनुसार ठेकेदार को स्व घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। यह शपथ पत्र रू0 100 / – के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर दिया जायेगा। स्व घोषणा पत्र प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदादाता को निविदा मे रू. 100 / – का स्टाम्प एवं 1 / – रशीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर करके संलग्न करना होगा।
3. निविदा मूल्य पर नियमानुसार जी0एस0टी0 देय होगा।
4. श्रम कर 1 प्रतिशत देय होगा।

नोट– अन्य नियम व शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं। जिसका अनुपालन करना अनिवार्य है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कालपी**
**जनपद–जालौन**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कालपी**
**जनपद–जालौन**

# फतेहपुर समाचार

## छत से गिरकर अधेड़ घायल

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्ताफ़पुर में बुधवार की छत से गिरकर 45 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मुस्ताफ़पुर गांव निवासी स्व0 रामराज पुत्र अवधेश छत पर सो रहा था। तभी भोर पहर लघुशंका के लिए उठा और नींद के झोंके में छत से गिरकर घायल हो गया। जानकारी होने पर परिजनो ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## एक पेड़ मां के नाम-2 की थीम पर किया वृक्षारोपण



फतेहपुर। वृक्षारोपण अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम-2 की थीम को सफल बनाने के लिए आज स्थानीय निकली गंगा नहर के अधिशासी अभियंता एस. एल. वर्मा ने अपने कार्यालय परिसर में स्टाफके साथ फलदार वृक्ष रोपित किया साथ इस महाभियान और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राकेश कुमार, श्रीमती कुसुम तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, रामकुमार, अलोक सिंह, जयकरण, वंदना सिंह, विभव कुमार, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, अमित शुक्ला आदि ने एक-एक वृक्ष लगाकर उसको जीवित रखने के लिए संकल्प भी लिया। इसी कड़ी में नलकूप खंड के अधिशासी अभियंता प्रशांत सिंह ने भी अपने कार्यालय के प्रांगण में फलदार वृक्ष रोपण किया। उन्होंने पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नीरज कुमार, नागेश भारती, मूलचन्द्र, बबलू भारती, अजय आदि मौजूद रहे।

# जन आंदोलन का रूप देकर वृक्षारोपण महाभियान को बनाएं सफल



**- राज्यमंत्री ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ की तैयारियों की समीक्षा**

**- जनपद को मिला 5138300 पौध लगाने का लक्ष्य**

फतेहपुर। वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक आयाह शाह विकास गुप्ता, नोडल अधिकारी चैत्रा बी0, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने शिरकत की। राज्यमंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद में तैयार की गई कार्य योजना की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभागीय निदेशक जी.डी. मिश्रा ने बताया कि वृक्षारोपण का लक्ष्य 5138300 है। जिसमें वन विभाग को 10.17 लाख, 24 अन्य विभागों को 41.21 लाख पौधों को रोपित करने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसके सापेक्ष गड्ढे खोदान, नर्सरी में पौध तैयार की कार्यवाही पूरी करने के साथ ही पौधरोपण स्थलों तक पौधे पहुंचाने का प्रबंध कर लिया गया है। राज्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम-2.0 की थीम को सफल बनाने के लिए हम सबको एक साथ मिलकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देते हुए पौधरोपित कर उनका संरक्षण भी करें क्योंकि वृक्षारोपण की यह थीम मां के नाम है। अपनी-अपनी माताओं का सम्मान देते हुए एक पौधा धरती मां को अवश्य समर्पित करें, और उसकी देखभाल अवश्य करें। जिससे वातावरण शुद्ध होगा और हमें प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। नोडल अधिकारी चैत्रा बी0 ने कहा कि शासन की मंशानुरूप पौधों का रोपण भी कराया जाए और उनका संरक्षण का भी प्रबंध किया जाए। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक संवेदनशील विषय है इसके संबंध में नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है क्योंकि जागरूकता के आधार पर ही हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त उद्योग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जनप्रतिनिधियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक व चेयरमैन ने किया पौधरोपण



खागा, (फतेहपुर)। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नगर पंचायत खागा क्षेत्र में आज एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय सुजरही परिसर में आयोजित कार्यक्रम में खागा विधायक कृष्णा पासवान एवं नगर पंचायत खागा चेयरमैन गीता सिंह ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। अधिशाषी अधिकारी देवहूती पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष बृजेश सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, समाजसेवी रामगोपाल सिंह एवं सभासद ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों से आग्रह किया कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय परिसर को हरा भरा बनाकर बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जा सकता है। चेयरमैन गीता सिंह ने कहा कि नगर पंचायत खागा द्वारा प्रतिवर्ष पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष भी हमारा लक्ष्य सैकड़ों पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित करने का है। सिर्फपौधे लगाना ही नहीं, उनकी देखभाल और सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। कार्यक्रम में शामिल सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। पौधरोपण के साथ-साथ बच्चों के लिए पर्यावरण जागरूकता पर आधारित लघु सत्र भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम न केवल हरियाली बढ़ाने में सहायक होते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

## एक पेड़ रोपित कर धरती मां को करें समर्पित : प्रतिभा

फतेहपुर। महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पौधरोपण का कीर्तिमान हरितिमा से यूपी का मान, एक पेड़ मां के नाम-2.0 की थीम पर आयोजित अभियान के तहत मसवानी स्थित अयोध्या कुटी परिसर स्थित मंदिर में वैदिक रीति रिवाज से पूजा कर हरिशंकरी पीपल, बरगद, पाखर के पौध रोपित किए। तत्पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक आयाह शाह विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, नमित नोडल अधिकारी चैत्रा बी0 महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अवनीश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक व जन प्रतिनिधियों ने पाखर का पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यमंत्री ने एनसीसी के छात्र-छात्राओं को फलदार व छायादार पौधों का वितरण किया। अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने पर्यावरण संरक्षण व प्रदेश में हरित क्रांति लाने संबंधित अपने-अपने विचार साझा किए। प्रभागीय वनानिदेशक जी.डी. मिश्रा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रोपित किए गए पौधों के संरक्षण करने का पूरा प्रयास किया जायेगा।

## संविधान एक दस्तावेज नहीं, सुगम व न्यायप्रिय जीवन का रास्ता हैः महेश द्विवेदी

फतेहपुर। भाजपा की नीतियों के विरोध में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ सम्मेलन के क्रम में आज हुसैनगंज विधान सभा के नगर पंचायत हथगाम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवा कांत तिवारी के संयोजकता में एक सफल आयोजन किया गया। आयोजन में तमाम क्षेत्रीय लोगों के सम्मुख जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जिस प्रकार आम नागरिकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है, बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा की 11 सालों की उपलब्धि यही है कि सेना का बजट तक कम कर अग्निबीर जैसी योजना लागू की जो पूरी तरह असफल साबित हुई है। बेरोजगारी एक विभीषिका बनकर युवाओं के भविष्य को निगल गई। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भी जनता के बीच जोश भरते हुए सरकार को उखाड़ फेंकने का आवाहन किया। आयोजक शिवाकांत तिवारी ने कहा कि भविष्य में अगर जनता उन्हें मौका देती है तो निश्चित ही वह क्षेत्र को बदल कर रख देंगे। पार्टी प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे, कानपुर देहात कोऑर्डिनेटर कलीम उल्ला सिद्दीकी, प्रकाश पाण्डेय, राम नरेश महराज, माधुरी रावत, उदित अवस्थी आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य रूप से अशोक दुबे, सलीम शेख, दीपक सिंह, नज़जन नेता, धरम सिंह, परवेज, धीरेन्द्र, असगर, श्रीदेवी मौर्य, रमाकांत, राजेश, मुन्ना प्रधान, एकलाक, राम कृष्ण आंबेडकर, इश्तियाक शेख उपस्थित रहे।

## एएसपी से मिले बाईपास के ट्रांसपोर्टर व व्यापारी

फतेहपुर। शहर के लखनऊ बाईपास के ट्रांसपोर्टरों समेत अन्य व्यापरियों के साथ जिला उद्योग व्यापार मंडल (पंजी0) के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे के नेतृत्व में समस्याओं के सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। समस्या सुनने के बाद तुरंत बाईपास पुलिस चौकी के इंचार्ज को निर्देश दिया। जो भी ट्रक व कमर्शियल वाहन दुकान में जाकर अपनी गाड़ियों का काम करायेगा उस दुकानदार का नाम गाड़ी नंबर मोबाइल नंबर लिखकर ट्रैफिक पुलिस के स्टाफ या चौकी इंचार्ज को देना होगा और काम कराने के बाद जब वापस लौटेंगे उनके गाड़ी नंबर का मिलान किया जाएगा। यदि कोई वाहन कोल्ड स्टोरेज या धान मिल के आगे पाया जाएगा तुरंत गाड़ी को सीज कर दिया जाएगा और कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसका जिम्मेदार वाहन मालिक होगा। इस मौके पर व्यापारी फूल सिंह, जिला संगठन मंत्री राज कुमार मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, छोटू खरादी, बच्चा बॉडी मेकर, छोटू कमानी, राधे पेंटर, गुड्डू शीशा, तौफ़ीक़, मोगा रेबियल आदि मौजूद रहे।

## टीबी अस्पताल में क्षय रोगियों को बांटी पोषण सामग्री

- राज्यमंत्री ने तीन क्षय रोगियों को पोषण सामग्री देकर किया शुभारंभ

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के संयोजकत्व में टीबी अस्पताल परिसर में 151 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम व वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या कुटी में महिला कल्याण व बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने तीन क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान कर किया तत्पश्चात टीबी अस्पताल परिसर में रेडक्रॉस चेयरमैन व सभी आजीवन सदस्यों ने गोद लिए सभी 151 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान की। पोषण सामग्री में भुने चने, मूंगफली के दाने, गुड़, सत्तू, प्रोटीन पाउडर दिया गया। यह सामग्री प्रत्येक मरीज के चिकित्सकीय कोर्स पूर्ण होने तक दी जाएगी। राज्यमंत्री द्वारा इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही अयोध्या कुटी परिसर में रेडक्रॉस चेयरमैन द्वारा पांच वृक्ष लगाकर उन्हें जाली लगवाकर सुरक्षित किया गया और उन्हें संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. निशात शहाबुद्दीन जिला क्षय रोग अधिकारी, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अशोक गुप्ता, सचिव अजीत सिंह, महेंद्र शुक्ल, डॉ. वकील अहमद, गिरजा शंकर श्रीवास्तव, डॉ. अरुणा श्रीवास्तव, कल्पना सिंह, संजय श्रीवास्तव, गोरे लाल, के.के. सिंह, वेद प्रकाश गुप्ता, प्रशांत चतुर्वेदी, चैतन्य कुमार, विशुन बाबू, राकेश कुमार सहित उपस्थित रहे।

# उ.प्र. ग्रामीण बैंक कर्मियों ने आईपीओ का किया विरोध

**- डीआरएम के माध्यम से चेयरमैन को भेजा ज्ञापन**





फतेहपुर। उ.प्र. ग्रामीण बैंक कर्मियों ने निजीकरण का विरोध करते हुए आईपीओ लाये जाने पर असहमति जताते हुए पेंशन, प्रमोशन समेत कमर्चारियों की अन्य समस्याओं को लेकर चौयरमैन को सम्बोधित ज्ञापन भेजकर निस्तारण की मांग किया। बुधवार को उ.प्र. ग्रामीण बैंक कर्मियों ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने को बैंकों का निजीकरण बताते हुए ट्रेड यूनियनों की बुलाई हड़ताल में शामिल होने की बात कही। जिलाध्यक्ष गोपाल त्रिवेदी के नेतृत्व में चेयरमैन को सम्बोधित ज्ञापन डिप्टी आरएम को देते हुए समस्याओं के निस्तारण की मांग किया। ज्ञापन में कर्मचारियों ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को पूंजी उपलब्ध कराने हेतु आईपीओ लाने के प्रस्ताव का विरोध जताते हुए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का निजीकरण करने की कोशिश बताया। कहा कि बैंक की स्थापना केवल व्यावसायिक लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, ग्रामीण वित्त सुनिश्चित करने, सरकारी योजनाओं, बैंकों की अपनी योजनाओं का लाभ आमजनों तक देने के लिये की गई थी। निजीकरण से 40 करोड़ से अधिक ग्रामीण ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं पर दूरगामी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। आरआरबी का निजीकरण न किया जाए। ग्रामीण विकास और ग्रामीण ऋण के हित में आरआरबी में आईपीओ का प्रस्ताव वापस लिया जाए। व्यावहारिक जनशक्ति नीति, पदोन्नति नीति में संशोधन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, शारीरिक रूप से विकलांग, विकलांग उम्मीदवारों, पूर्व सैनिकों आदि को लाभ, आरक्षण के विशेष प्रावधानों के साथ स्थानांतरण नीति को तत्काल लागू किया जाए। ई-एपीजीवीबी, ई-सीजीजीबी आदि द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के अनुरूप सभी आकस्मिक, अंशकालिक, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण, नई पेंशन योजना को समाप्त किया जाए तथा सभी के लिए ओपीएस बहाल किया जाए जैसी मांगे शामिल रहीं। इस मौके पर रोहन, दीपक त्रिपाठी, अंकित तिवारी, उपेन्द्र कुमार, वैभव शुक्ला, उज्जवल दीक्षित, महेन्द्र विक्रम, नीरज सोनी, दीपेन्द्र उत्तम आदि रहे।

## पीडब्ल्यूडी मिनि. एसो. के अध्यक्ष बने श्रीचंद बहादुर

**- कार्यकारी अध्यक्ष समेत अन्य पदों पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन**



फतेहपुर। उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव प्रान्तीय पर्यवेक्षकों की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष श्रीचंद्र बहादुर व जिला सचिव सैलेश को मतदान द्वारा चुना गया जबकि अन्य पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। बुधवार को उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसो. का द्विवार्षिक चुनाव लोकनिर्माण विभाग कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। चुनाव कार्य को सम्पन्न कराने के लिए प्रान्तीय पर्यवेक्षक के रूप में प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत कुमार गूजर व प्रान्तीय महामंत्री जेपी पांडेय रहे। संगठन का द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष व जिला सचिव के पद पर आम सहमति न बन पाने के कारण मुख्य चुनाव आयुक्त सत्यजीत सिंह द्वारा मतदान करने की घोषणा की गयी जबकि शेष अन्य पदों पर एक ही आवदेन आने से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर श्रीचंद्र बहादुर द्वारा नीरज द्विवेदी को 08 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। जनपद सचिव पद पर शैलेश कुमार विजयी रहे, जबकि जिला कार्यकारी अध्यक्ष पद पर राशिद नसीर, जिला वरि. उपाध्यक्ष पर बैजनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार त्रिवेदी, जिला संयुक्त सचिव अतुल रावेंद्र सिंह, जिला संगठन सचिव रामानुज सिंह, जिला संगठन सचिव महिला सृष्टि तोमर, जिला वित्त सचिव मधुकर सिंह, जिला संप्रेक्षण सचिव आलोक कुमार को निर्विरोध विजय घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी चंद्रेश कुमार यादव, आशीष मिश्रा, अवधेश प्रजापति द्वारा मतगणना का कार्य पूरा कर पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में मुख्य चुनाव अधिकारी सत्यजीत सिंह द्वारा नवमनोनीत पदाधिकरियों को प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलाई गई। पदाधिकारियों के निर्वाचन पर साथी कर्मचारियों ने अध्यक्ष श्रीचंद्र बहादुर सचिव शैलेन्द्र सिंह समेत सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया व मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस मौके पर अभिषेक शुक्ला ऋषि, राहुल श्रीवास्तव, पवन कुमार, उदय सिंह, रामानुज सिंह, धनराज, बलराम मनोज सिंह, डी.के. मौर्या आदि रहे।

## खबर एक नज़र

### विधायक व चेयरमैन ने किया पौधारोपण

बिंदकी, (फतेहपुर)। क्षेत्रीय विधायक तथा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ने मिलकर पौधों पर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी लोग कम से कम एक पेड़ अवश्य लगे और सिर्फ लगाए ही नहीं बल्कि उनकी सिंचाई कर देखभाल कर उन्हें बाद भी करें ताकि हम सभी को अधिक से अधिक ऑक्सीजन मिल सके अधिक ऑक्सीजन मिलेगी तो शरीर स्वस्थ रहेगा स्वस्थ शरीर से ही व्यक्तित्व का विकास होता है और जीवन में सफलता मिलती है। जानकारी के अनुसार बिंदकी कस्बे के मोहल्ला पुरानी बिंदकी स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर परिसर में बिंदकी क्षेत्र के विधायक जयकुमार सिंह जैकी तथा नगर पालिका परिषद बिंदकी की चेयरमैन राधा साहू ने पौधारोपण किया। इस मौके पर उन्होंने अन्य लोगों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। हम सभी लोग अधिक से अधिक पौधे लगाए और सिर्फ लगाए ही नहीं बल्कि उनकी देखभाल कर उनकी सिंचाई करके उन्हें बाद भी करें ताकि पर्यावरण हरा भरा रहे सभी को शुद्ध ऑक्सीजन मिले शुद्ध ऑक्सीजन से ही शरीर स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ शरीर में ही अच्छे व्यक्तित्व का विकास होता है जिससे जीवन में सफलता मिलती है। इस मौके पर भा.ज.यु.मो. के जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, खजुहा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र उत्तम, नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन मुन्ना लाल सोनकर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी चंद्र कृष्ण पांडे, नगर पालिका के प्रधान लिपिक मनोज कुमार शुक्ला, नगर पालिका के जलकल के अवर अभियंता योगेश गुप्ता, नगर पालिका के निर्माण विभाग की अवर अभियंता आराधना पटेल, नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक रविंद्र कुमार सोनकर, भाजपा बिंदकी मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह, अतुल द्विवेदी, सभासद पप्पू शाह, सीताराम कपाड़िया, विनय तिवारी, सुल्तान सिंह, दिनेश सोनकर, अंकित गुप्ता, सौरभ बाजपेई, प्रवीण दीक्षित, अरविंद भारती, सुजीत उमराव, मां ज्वाला देवी मंदिर मेला कमेटी अध्यक्ष बबलू सिंह, किशन सोनकर रचना हुसैन स्वाति ओमर संगीता तिवारी रन्नो गुप्ता सोमवती निषाद सुनीता श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### सभासदों ने फिर सौंपा पालिका ईओ को ज्ञापन

फतेहपुर। सदर नगर पालिका परिषद के कई सभासदों ने आज पुनः पालिका के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों से संबंधित पास किए गए प्रस्तावों की टेंडर प्रक्रिया अभी तक पूर्ण न किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए, अतिशीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में सभासदों ने यह भी मांग किया कि बैठक में पास प्रस्तावों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही अगली बैठक में दूसरे विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव सदन पटल पर रखे जाए। यह भी कहा कि पास प्रस्तावों काम पूर्ण होने के बाद ही बोर्ड की अगली बैठक करवाई जाए। इस दौरान सभासद शबिया बेगम, मो. अयाज़, वसीम ख़ान, मो. अयाज़, मो. अहमद आदि सभासद मौजूद रहे।

### किशोरी को अगवा करने वाले युवक पर केस दर्ज

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 17 वर्षीय नाबालिक किशोरी को गैर समुदाय के युवक पर अगवा कर भाग ले जाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते मंगलवार थाना स्थानीय पर पिता की तहरीर पर किशोरी को अगवाकर ले जाने के आरोपित युवक मडौली गांव निवासी मोहम्मद यासीन उर्फछोटू पुत्र रज्जाक पर मुकदमा पंजीकृत किया है। तहरीर में पीड़ित ने बताया कि पुत्री रिश्तेदारी तक्कीपुरवा खखरेरू घर की अनुमति से रिश्तेदारों के साथ गई थी। क्षेत्र के विजयीपुर चौराहे पर रिश्तेदारों ने फोन करके टेंपो स्टैंड पर छोड़ दिया था। वहीं से आरोपित युवक किशोरी को अगवा कर ले गया।

### करंट की चपेट में आकर पति की मौत, पत्नी गंभीर

बिंदकी, (फतेहपुर)। रात में फर्राटा पंखे के करंट में चिपक कर पति की मौत हो गई जबकि पति को करंट से दूर करने में उसकी पत्नी भी करंट की चपेट में आ गई। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालांकि काफी देर चले उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ तो परिजन उसे घर वापस ले गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के बेहटा गांव में मंगलवार की देर रात को घर के अंदर फर्राटा पंखे के करंट में राम सजीवन 35 वर्ष चिपक गए। उनकी पत्नी कमला देवी 30 वर्ष पति को करंट से दूर करने के लिए कोशिश किया तो वह भी करंट में चिपक गई। करंट में चिपकने से राम सजीवन की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी कमला देवी को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में मंगलवार व बुधवार की मध्य रात करीब 12 बजे भर्ती कराया गया हालांकि पत्नी की हालत में सुधार होने पर परिजन उसे वापस घर ले गए। रामसजीवन की मौत के बाद परिजनों में हड़कंप मचा रहा। गांव के सभी लोग घटना पर दुख जता रहे थे।

### रिंद नदी के किनारे मिला कई दिन पुराना शव

बिंदकी, (फतेहपुर)। रिंद नदी किनारे एक शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस बल मौके पर पहुंचा। शव का सिर व बाकी हिस्सा दूर-दूर मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं दूर से शव बहकर आया। काफी दिनों का शव होने के कारण जंगली जानवर आदि ने शव के मांस को खा लिया जिसके कारण केवल कंकाल बचा था। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत घोरहा गांव के समीप रिंद नदी में मंगलवार की देर शाम लगभग सात बजे एक अज्ञात पुराना शव देखा गया तो हड़कंप मच गया। शव का सिर व धड अलग था। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को मर्चरी भेज दिया। पुलिस पूरी मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शव कई दिन पुराना बताया जाता है। चर्चा रही कि शव रिंद नदी में बहकर आया होगा। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिंदकी लान सिंह ने बताया कि शव काफी पुराना है कंकाल ही बचा है।

### गाज गिरने से महिला की मौत

फतेहपुर। थाना क्षेत्र के धुंधुरकीपुर मजरे सियाड़ी गांव में राजू की 45 वर्ष की पत्नी चंदा देवी खेत में धान लगा रही थी। आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पारिवारीजन सीएचसी हथगाम लाए लेकिन महिला की मौके पर ही बहुत हो चुकी थी। महिला के तीन पुत्र अभिलाष 28 वर्ष, अनुपम 20 वर्ष, अनुराग तथा एक पुत्री रोली देवी 24 साल की है। पारिवारिक जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। महिला खेत में धान लग रही थी तभी कड़क के साथ बिजली गिरने से मौत हो गई। सूचना पाकर मजिस्ट्रेट तहसीलदार इवेंद्र कुमार ने अस्पताल आकर विधिक कार्रवाई पूरी कराई। घटना की सूचना मिलते ही छिवलहा पुलिस चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार सिंह थाली में आधा खाना छोड़कर सीधे अस्पताल आए और पुलिस से संबंधित कारवाई पूरी की। इस बीच चौकी इंचार्ज परिवार के लोगों को सांत्वना देते रहे। भा.ज.पा. के छिवलहा मंडल उपाध्यक्ष मोनू पाल भी पीड़ित परिवार की सहायता में लगे रहे।

### अनियंत्रित होकर युवक गहरे कुएं में गिरा

-युवक को निकालने के लिए कुएं में उतर रहा दूसरा युवक भी गिरा

बिंदकी, (फतेहपुर)। कुएं के समीप बैठा युवक अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 40 फीट सुखे गहरे कूएं में गिर गया। रस्सी बांधकर उसके सहारे युवक को निकालने जा रहा दूसरा युवक भी रस्सी टूट जाने से कुएं में गिर गया। काफी प्रयास कर ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर देख रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर गांव में मंगलवार की देर रात को दीपक उम्र 20 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कल्लू गांव के ही एक लगभग 40 फीट गहरे सूखे कुएं में अचानक अनियंत्रित होकर गिर गया। युवक के गिरते ही हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। युवक दीपक को निकालने के लिए गांव का ही युवक रवि उम्र 25 वर्ष पुत्र प्रहलाद रस्सी के द्वारा कुएं में उतरने लगा। तभी अचानक रस्सी टूट जाने से वह भी कुएं में गिर गया। दोनों को काफी प्रयास के बाद कुएं से बाहर निकाला गया। दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया, जिसमें दीपक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। हालत में थोड़ा सुधार होने पर परिजन बुधवार की भोर पहर वापस अपने घर माधवपुर ले आए। जहां बुधवार की सुबह लगभग 8रू00 बजे दीपक की हालत फिर बिगड़ गई।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ब्रिक्स में मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर भी अपने व्यापक दृष्टिकोण का सभी को कायल कर दिया है। उन्होंने शांति और सह अस्तित्व की भारतीय सोच की प्रतिष्ठा फिर स्थापित की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के सख्त स्टैंड को भी फिर मजबूती से रखा। हालांकि सम्मेलन में रूस व चीन के राष्ट्रपति नहीं आए पर मोदी की मौजूदगी से लगा ही नहीं कि इसमें कोई वैश्विक नेता नहीं शामिल हुआ। संगठन को अपनी प्रासंगिकता व शक्ति का ही एहसास था कि अपनी आलोचना पर झल्लाए अमेरिकी राष्ट्रपति की ब्रिक्स देशों पर बढ़ा टैरिफ लगाने की धमकी का सटीक जवाब देते हुए मेजबान देश के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने साफ कहा कि दुनिया को अब सम्राट की जरूरत नहीं। इसे दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए चेतावनी भी माना जा सकता है। जहां तक आतंकवाद की बात है तो प्रधानमंत्री ने अपनी चिर परिचित आक्रामक शैली में पाकिस्तान को फिर कड़ी वॉर्निंग देते हुए कहा कि आतंक के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मोदी का कथन सिर्फ पाक ही नहीं बल्कि उसके सबसे बड़े सरपरस्त चीन को भी संदेश के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि पाक ने जहां बरसों से खुलेआम आतंकवादियों की नर्सरी चला रखी है, वहीं संयुक्त राष्ट्र सहित तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीन पूरी निर्लज्जता से उसका बचाव करता रहता है। सम्मेलन में जिस तरह सदस्य देशों की बातें सामने आई हैं, उससे तय है कि ये अपनी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट सामूहिक कदम उठाकर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का नया और महत्वपूर्ण समीकरण प्रस्तुत करेंगे। दरअसल अमेरिका, चीन और रूस अपनी शक्ति और क्षमताओं के सहारे जिस तरह पूरे विश्व को अपनी तरह से संचालित करने की मानसिकता में आते जा रहे हैं, उससे निपटने को विभिन्न देशों को सामूहिक रूप से संगठित ताकत की जरूरत बढ़ रही है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने उसी दिशा में कदम बढ़ाने के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। अब ब्रिक्स अपनी अंदरूनी ताकत को जितना मजबूत करेगा, उतनी ही उसकी प्रासंगिकता भी बढ़ेगी। पीएम मोदी इसी ताकत का केंद्र बिंदु बन कर उभरे हैं।

## महत्वाकांक्षी वृक्षारोपण

उत्तर प्रदेश जैसे अति विशाल राज्य को प्राकृतिक रूप से भी समृद्ध बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है कि इसे अधिकतम सीमा तक हरा-भरा बनाने के बड़े प्रयास हो रहे हैं। बड़ी बात ये भी है कि स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्य में व्यक्तिगत रूप से रुचि ही नहीं ले रहे बल्कि सहभागिता भी कर रहे हैं। पर्यावरण के व्यापक पैमाने पर विनाश के कारण पृथ्वी पर पैदा हो रही गंभीर समस्याएं इसके जीवों के लिए भी खतरा बन रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा इस संबंध में लगातार आगाह करने के बावजूद बेहद जरूरी कदम भी नहीं उठाए जा रहे हैं। ऐसे में कहीं न कहीं से तो ऐसी पहल होनी चाहिए कि लोगों में जागरूकता आए और वे इसकी गंभीरता समझें। इसका क्रम यूपी ने पिछले कई सालों से जारी रखा हुआ है। बुधवार को पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण महाअभियान मे लगभग चालीस करोड़ पौधे रोप कर ऐसा महारिकॉर्ड बनाया गया है जिसका अनुकरण देश अन्य प्रांतों ही नहीं विश्व के सभी देशों को करना चाहिए। मुख्यमंत्री द्वारा इस कल्याणकारी अभियान को एक परंपरा का रूप देने से यूपी को अपना प्राकृतिक गौरव पुनः प्राप्त करने में अधिक समय नहीं लगेगा। उपलब्धि ही मानिए कि यह अभियान केवल सरकारी स्तर पर नहीं चल रहा है बल्कि सभी वर्गों के नागरिक, तमाम स्कूल-कॉलेज, विश्वविद्यालय, स्वयंसेवी संस्थाएं, विभिन्न संगठन आदि बढ़ चढ़ कर प्रतिभागिता के साथ इसे और सार्थक बना रहे हैं। असर भी सामने आ रहा है कि लगभग एक दशक पहले प्रदेश के कई स्थान जहां निर्जन-उजाड़ स्थिति में थे, वहां छाई हरियाली मन मस्तिष्क को प्रफुल्लित करने के साथ नए सिरे से पर्यावरण को विकसित अवस्था देने की दिशा में योगदान दे रही है। हां, यह ध्यान रखना होगा कि इतने व्यापक स्तर पर पौधरोपण के बाद पौधों के सुचारु रूप से बड़े होने का ध्यान भी रखा जाए। नियमित देखरेख के साथ इनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। यदि ये पौधे पेड़ न बन पाए तो अभियान उद्देश्यहीन बनकर औपचारिकता मात्र ही रह जाएगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**ट्रंप को मिले नोबेल शांति पुरस्कार - इजरायल**
अशांति पुरस्कार नेतन्याहू को मिलना चाहिये!

**साईबर जालसाजों ने कारोबारियों से ठगे लाखों**
डिजिटल इंडिया में रहने का आनंद लीजिये!

**अमेज़न ने बेचा था पुलवामा कांड का विस्फोटक**
छह साल बाद इतना ही पता चल पाया है मित्रों!

**भारत नेपाल सीमा पर बाढ़ ने ढहा दिया मैत्री पुल**
प्रकृति भी अपने तरीके से बहुत कुछ बताती है!

**संवैधानिक अधिकारों का रक्षक सुप्रीम कोर्ट-गवई**
यही बातें तो राजनेताओं को अच्छी नहीं लगतीं!

**हिस्ट्रीशीटर के घर रात में दबिश गैरकानूनी-कोर्ट**
देश में अपराधियों के मानवाधिकार सुरक्षित हैं!

♦♦♦

# ब्रिक्स में दिखा भारत का बढ़ा कद

ब्राजील में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत के लिहाज से बहुत ही सफल रहा. इसमें पहलगाम हमले की निंदा की गयी और घोषणापत्र में सीमापार आतंकवाद को शामिल किया गया. यही नहीं, ब्रिक्स घोषणापत्र में सीसीआइटी-यानी कॉम्प्रीहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल टेररिज्म (अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन) का भी सदस्य देशों ने समर्थन किया, जो




- अनिल त्रिगुणायत

संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहल रही है. इसके तहत विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों को परिभाषित करने, उन्हें आपराधिक घोषित करने, आतंकवादियों को सजा देने और प्रत्यर्पित करने का प्रावधान है. आतंकवाद पर सख्ती के अलावा सुधार, बहुध्रुवीय विश्व आदि पर भारत के रुख को भी ब्रिक्स सम्मेलन में समर्थन मिला. अगर एससीओ की पृष्ठभूमि में देखें, जिसके घोषणापत्र में बलूचिस्तान में हुई आतंकी घटना का तो जिक्र था, लेकिन पहलगाम का जिक्र नहीं था, तो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के रुख को भारी समर्थन मिला. सम्मेलन में एआइ यानी कृत्रिम मेधा के जिम्मेदार उपयोग पर साझा रणनीति बनाने का प्रस्ताव तो रखा ही गया, भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पहल की भी सराहना हुई. अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और वैश्विक सहयोग की जरूरत बतायी, साथ ही, गाजा पट्टी में संघर्ष और ईरान-इस्राइल के बीच तनाव की पृष्ठभूमि में शांति और संवाद के माध्यम से समाधान पर भी बल दिया. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार पर जोर दिया और इन संस्थाओं में विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की. प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण, जलवायु सम्मेलन और वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बोलते हुए अपने यहां की आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख किया और कहा कि लोगों और धरती का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है. ब्राजील में हुए ब्रिक्स सम्मेलन को इसलिए भी याद किया जायेगा कि राष्ट्रपति बनने के बाद शी जिनपिंग पहली बार इसमें गैरहाजिर रहे. इतने महत्वपूर्ण आयोजन में जिनपिंग क्यों नहीं आये? इस बारे में बहुत सारे तथ्य सामने आये हैं. यहां तक कि जिनपिंग द्वारा सत्ता हस्तांतरित करने की बात भी कही गयी, जो सही नहीं लगती. चीन एक ऐसा देश है, जिससे जुड़ी सच्चाई कभी सार्वजनिक नहीं होती. तथ्य यह है कि चीनी सत्ता पर जिनपिंग की पकड़ अब भी बहुत मजबूत है. जिनपिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इसलिए नहीं पहुंचे, क्योंकि ब्राजील में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाला विशिष्ट सलूक उन्हें रास नहीं आता. प्रधानमंत्री सिर्फ ब्रिक्स के सम्मेलन में भाग लेने नहीं गये थे, यह ब्राजील का उनका राजकीय दौरा था. रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद वह द्विपक्षीय वार्ता के लिए ब्रासीलिया गये. भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में ब्राजील की लूला सरकार ने डिनर भी रखा. खुद को शक्तिमान और महत्वपूर्ण समझने वाले जिनपिंग को यह सब अखर गया. इसलिए उन्होंने शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया. हालांकि यह भी सच है कि चीन इस समय विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है, जिनसे उबरना ज्यादा जरूरी है. इसलिए भी जिनपिंग ने ब्राजील न जाने का फैसला किया हो, तो आश्चर्य नहीं. पुतिन पर यूक्रेन युद्ध के कारण युद्धापराध का आरोप है और ब्राजील अंतरराष्ट्रीय अदालत का सदस्य है. जाहिर है, पुतिन पर लगे आरोप ब्राजील में बाध्यकारी थे, इसलिए सम्मेलन में शामिल होने के बजाय पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस का विकल्प चुना. हालांकि अगर ब्राजील चाहता, तो पुतिन को गिरफ्तार न करने का आश्वासन दे सकता था. लेकिन ब्राजील ने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया. इस लिहाज से देखें, तो मेजबान ब्राजील ने चीन और रूस की तुलना में भारत को ज्यादा महत्व दिया. यह विश्व मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव का सबूत है. इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स सम्मेलन में अमेरिकी नीतियों की आलोचना को गंभीरता से लिया और ब्रिक्स देशों पर शुल्क लगाने की धमकी दी. लेकिन ट्रंप को समझना होगा कि वैश्विक नीतियां अमेरिका या किसी एक देश के मुताबिक नहीं चल सकतीं. सच तो यह है कि ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण वैश्विक संगठन के रूप में उभर रहा है. दुनिया की करीब आधी आबादी यहां रहती है, तो यह वैश्विक भूभाग का 36 प्रतिशत है। वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स देशों की हिस्सेदारी लगभग 40 फीसदी है. ब्रिक्स में डेवलपर्स और उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी संख्या है. फिलहाल इसके सदस्यों की संख्या ग्यारह है, लेकिन इसमें और वृद्धि होगी. भारत का महत्व इस कारण है कि यह एक बड़ा लोकतंत्र होने के साथ बड़ी अर्थव्यवस्था भी है, जिसने हाल के वर्षों में भारी तरक्की की है. वैश्विक सुस्ती के दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर विश्व में सबसे तेज है. पर सिर्फ इन वजहों से नहीं, भारत का महत्व इसलिए भी बढ़ रहा है कि वह बहुध्रुवीय विश्व की बात करता है. ब्रिक्स के सदस्य देश ज्यादातर उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं हैं. इसमें अमेरिकी नीतियों की आलोचना भी होती है, जैसी कि इस बार भी हुई. पर भारत इस संगठन को अमेरिका या पश्चिम-विरोधी नहीं मानता. इससे पहले जब चीन ने अमेरिकी डॉलर को चुनौती देने के लिए ब्रिक्स की अपनी मुद्रा की बात कही थी, तब भी भारत ने उसका विरोध किया था. कुल मिलाकर, सबको साथ लेकर चलने का यह नजरिया ही भारत को महत्वपूर्ण बनाता है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि 'अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालते हुए हम इस विश्व संगठन को नयी पहचान देने के लिए काम करेंगे. ब्रिक्स का मतलब होगा, आपसी सहयोग और टिकाऊ विकास के लिए लचीलेपन और नवाचार को प्राथमिकता देना. जैसे कि भारत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल साउथ को प्राथमिकता दी'. उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स में अधिक समावेशी और समतापूर्ण वैश्विक भविष्य को आकार देने की अपार क्षमता है और यह ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूती देता है। भारत जी-20, क्वाड, ब्रिक्स और एससीओ का सदस्य है तथा जी-7 में आमंत्रित सदस्य है. यह विश्व मंच पर भारत के बढ़ते महत्व का परिचायक है. चूंकि भारत देशों को जोड़ने की बात करता है, सो आने वाले दिनों में इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण होने वाली है. निकट भविष्य में यह बहुध्रुवीय विश्व के निर्माण में बड़ी भूमिका निभायेगा. (ये लेखक के निजी विचार हैं.) में संपन्न ब्रिक्स शिखर



सम्मेलन भारत के लिहाज से बहुत ही सफल रहा. इसमें पहलगाम हमले की निंदा की गयी और घोषणापत्र में सीमापार आतंकवाद को शामिल किया गया. यही नहीं, ब्रिक्स घोषणापत्र में सीसीआइटी-यानी कॉम्प्रीहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल टेररिज्म (अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन) का भी सदस्य देशों ने समर्थन किया, जो संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहल रही है. इसके तहत विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों को परिभाषित करने, उन्हें आपराधिक घोषित करने, आतंकवादियों को सजा देने और प्रत्यर्पित करने का प्रावधान है. आतंकवाद पर सख्ती के अलावा सुधार, बहुध्रुवीय विश्व आदि पर भारत के रुख को भी ब्रिक्स सम्मेलन में समर्थन मिला।

## प्रेमचंद की कहानियां



### खून सफेद

लड़का भला चंगा हो गया और आराम से है। साहब को परमात्मा सुखी रखे। उन्होंने बच्चे की जान रख ली। चौथे दिन रात को ही वहां से पादरी साहब ने कूच किया। सुबह को जब देवकी उठी तो साधो का वहां पता न था। उसने समझा, कहीं टपके ढूंढ़ने गया होगा, किन्तु थोड़ी देर देखकर उसने जादोराय से कहा- लल्लू यहां नहीं है। उसने भी यही कहा-यहीं-कहीं टपके ढूंढ़ता होगा। लेकिन जब सूरज निकल आया और काम पर चलने का वक्त हुआ तब जादोराय को कुछ संशय हुआ। उसने कहा- तुम यहीं बैठी रहना, मैं अभी उसे लिये आता हूं। जादोराय ने आस-पास के सब बागों को छान डाला और अन्त में जब दस बज गये तो निराश लौट आया। साधो न मिला, यह देखकर देवकी ढाढ़ें मार कर रोने लगी। फिर दोनों अपने लाल की तलाश में निकले। अनेक विचार चित्त में आने लगे। देवकी को पूरा विश्वास था कि साहब ने उस पर कोई मंत्र डाल कर वश में कर लिया। लेकिन जादो को इस कल्पना के मान लेने में कुछ संदेह था। बच्चा इतनी दूर अनजान रास्ते पर अकेले नहीं जा सकता। फिर दोनों गाड़ी के पहियों और घोड़े की टापों के निशान देखते चले जाते थे। यहां तक कि वे एक सड़क पर आ पहुंचे। वहां गाड़ी के बहुत से निशान थे। उस विशेष लीक की पहचान न हो सकती थी। घोड़े के टाप भी एक झाड़ी की तरफ जाकर गायब हो गये। आशा का सहारा टूट गया। दोपहर हो गयी। दोनों धप के मारे बेचैन और निराशा से पागल हो रहे थे। वहीं एक वृक्ष की छाया में बैठ गये। देवकी विलाप करने लगी। जादोराय ने उसे समझाना शुरू किया। जब जरा धूप की तेजी कम हई तो दोनों फिर आगे चले। किन्तु अब आशा की जगह निराशा साथ थी। घोड़े के टापों के साथ उम्मीद का धुंधला निशान गायब हो गया था। शाम हो गयी। इधर-उधर गायों-बैलों के झुंड निर्जीव से पड़े दिखायी देते थे। यह दोनों दुखिया हिम्मत हारकर एक पेड़ के नीचे टिक रहे। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला 'गोदी मीडिया'

यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टी वी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुज़रता हो जिस दिन गोदी मीडिया के इन टी वी



–निर्मल रानी

एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्र्म पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आख़िर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व ज़िम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज़ करने लगे हैं? आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताज़ा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी ज़िम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाकामियों पर सवाल पूछता है। परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफ़ादार भोंपू बन चुका है बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा हे। यह सत्ता के बजाये विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है। पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल क़िस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुक़द्दमे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चैनल्स व पत्रकारों को कई बार डाँट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ़ अर्नब गोस्वामी के ख़िलाफ़ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को 'राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ी' होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज़ चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी , कौशल विकास,उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ़ यह है कि इन्हें 4 नवंबर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिज़ाइनर को आत्महत्या के लिये मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ़्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, ग़लत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दाग़दार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बाँट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ



खड़ा है? कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी 'एजेंडा पत्रकार' ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय ज़लील किया जब उसने भारत की अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पुछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे ? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गये और ---निकालो इसको साले को, हटाज्बहन चो... को। कौन? कौन साला हरामज़ादा बोल रहा था? कौन कुत्ता बोल रहा था? कौन था वो? मालूम है मैं कौन हूँ? कौन कह रहा था? मादर... तुम समझते क्या हो अपने आप को, मादर चो ... पागल समझ रहे हो? तेरी माँ चो ... दूंगा मैं, बहन चो ....। और आख़िरकार इस पत्रकार पर इतने सरे अलंकरण की बारिश करने के बाद दुलत ने उस दलाल पत्रकार व उसके कैमरामैन को धक्के देकर अपने घर से बाहर खदेड़ दिया। तो क्या इस तरह पत्रकारिता की 'शान' बढ़ा रहा है हमारे देश का बिकाऊ भाण्ड मीडिया? इसी तरह पिछले दिनों ज़ी न्यूज़ और CNN-News18 के विरुद्ध पुंछ की अदालत ने एफ़आईआर का आदेश दिया तथा प्रत्येक पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना सुनाया। मामला यह था कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पुंछ में पाकिस्तानी हमले में क़ारी मोहम्मद इक़बाल नामक एक सज्जन व्यक्ति शहीद हो गए थे। उस समय ZeeNews और CNNnews18 जैसे चैनल बड़ी ही बेशर्मी से इक़बाल को आतंकवादी बता रहे थे तथा बिना किसी सबूत के यह दावा कर रहे थे कि क़ारी मोहम्मद इक़बाल का सम्बन्ध लश्कर-ए-तैयबा से था। जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फ़र्ज़ी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुँह पर ज़ोरदार तमाचा है। यह कैसा ग़ैर ज़िम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है? याद कीजिये 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी। परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिये मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों।

## प्रेरक प्रसंग

### चार बातें

एक बड़े बुद्धिमान साधु थे। उनसे शिक्षा लेने के लिए बहुत-से स्त्री- पुरुष आते थे। साधु उन्हें बड़ी, उपयोगी बातें बताया करते थे। एक दिन उन्होंने कहा, तुम लोग चार बातें याद रखोगे तो जीवन में बहुत ही आनंद से रहोगे। लोगों ने पूछा, स्वामीजी, वे चार बातें क्या है ?

स्वामीजी बोले, पहली बात यह है कि तुम जहां भी रहो, अपने को आवश्यक बना दो। इतना काम करो कि लोग समझें कि अगर तुम चले गये तो उनका काम रुक जायगा। कहने का अर्थ यह है कि तुम किसी पर बोझ मत बनो, दूसरों के बोझ को हल्का करो।

लोगों ने कहा, दूसरी बात बताइये।

साधु बोले, अपने को खूब स्वस्थ रखो। काम करने के लिए शरीर को तन्दुरुस्त रखना आवश्यक है।

और तीसरी बात क्या है ? लोगों ने उत्सुकता से पूछा।

साधु ने कहा, आलस को अपने पास कभी मत फटकने दो। जो आदमी प्रमाद करता है, वह निकम्मा हो जाता है।

आखिरी बात ? लोगों ने बड़ी जिज्ञासा से उनकी ओर देखा।

साधु बोले, एक-एक पैसे का उपयोग करो। मौज-शौक पर एक कौड़ी भी खर्च मत करो। याद रखो, तुम्हें जो पैसा मिला है, वह भगवान का दिया हुआ है, और भगवान की दी हुई चीज का किसी को दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थियों की बढ़ती संख्या गंभीर चुनौती

**नैतिकता और रणनीति में उलझे ईयू-इजरायल संबंध**

यूरोपीय संघ (ईयू) का इजरायल के प्रति रवैया विरोधाभासी और नैतिक कमजोरी का प्रतीक बनता जा रहा है। २० मई को ईयू की विदेश मामलों की परिषद ने गाजा में मानवीय सहायता को रोके जाने की समीक्षा की जिसमें स्पष्ट रूप से इजरायल द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन की पुष्टि हुई। इसके बावजूद २६ जून को ईयू ने इजरायल के साथ सहयोग जारी रखने का आमंत्रण देकर उस गंभीर कार्रवाई से खुद को अलग कर लिया जिसकी अपेक्षा अंतरराष्ट्रीय समुदाय करता है। यह रवैया ईयू की कथित तटस्थता और मानवीय मूल्यों को गहरा आघात पहुंचाता है। गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की निरंतर मौत, बुनियादी ढांचे की तबाही और जीवन-अवरोधों के चलते इजरायल पर नरसंहार जैसे अपराधों के आरोप लगे हैं फिर भी यूरोपीय संघ का मौन उसकी राजनीतिक सुविधा की नीति और दोहरे मानदंडों को उजागर करता है। इजरायल के प्रति ईयू की यह ढिलाई न केवल उसकी नैतिक प्रतिष्ठा को धूमिल करती है बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन के दावों को भी खोखला बनाती है। यह रवैया न केवल फिलिस्तीनियों के प्रति अन्यायपूर्ण है बल्कि स्वयं यूरोप की विश्वसनीयता, आत्मसम्मान और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों को भी क्षीण करता है। यदि ईयू मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों का सच्चा संरक्षक बनना चाहता है तो उसे रणनीतिक गठबंधनों से ऊपर उठकर न्याय और नैतिकता की आवाज़ बुलंद करनी होगी वरना भविष्य में उसकी भूमिका एक मूकदर्शक से अधिक नहीं रह जाएगी। फिलिस्तीन के बलिदान की अनदेखी कर यूरोप अपनी आत्मा और वैश्विक नेतृत्व की साख खोता जा रहा है जो भविष्य के लिए घातक संकेत है।

अमृतलाल मारू 'रवि'
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक, स्वतंत्र भारत 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# ऑफिस में दिखना है हटके, तो पहनें इस तरह के फॉर्मल कपड़े



एक जैसे कपड़े पहन कर रोजाना ऑफिस जाने में अधिकतर महिलाओं को शर्मिंदगी महसूस होती है। ऐसे में वह हमेशा आउटफिट को लेकर परेशान नजर आती है। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है और ऑफिस में क्या पहने इस बात को लेकर परेशान रहती है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे फॉर्मल वियर ड्रेसेस बताएंगे, जिन्हें आप अपने ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं।

**ऑलिव सॉलिड फॉर्मल ड्रेस-** अगर आप भी अपने ऑफिस में एलिगेंट और क्लासी लुक क्रिएट कर जाना चाहती है, तो इस खूबसूरत आउटफिट ऑलिव सॉलिड फॉर्मल ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएंगे। इसके साथ आप चाहे तो एक्सेसरीज भी शामिल कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

**मैंडरिन सॉलिड कॉटन शॉर्ट पैंट-** यही नहीं अगर आपके ऑफिस में कोई खास मीटिंग है और आप मीटिंग दौरान अपने लुक को बेहतर बनाना चाहती हैं, तो आपके लिए यह मैंडरिन सॉलिड कॉटन शॉर्ट पैंट भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे आप मीटिंग के समय पहनकर सभी का दिल जीत सकती है। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**ब्लैक स्लीवलेस फॉर्मल जंपसूट**

यही नहीं अगर आप अपने ऑफिस में गॉर्जियस लुक क्रिएट कर जाना चाहती है और अपने कलीग्स से तारीफ बटोरना चाहती हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत ब्लैक स्लीवलेस फॉर्मल जंपसूट आउटफिट भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे भी आप पहनकर अपने ऑफिस में सभी को खुश कर सकती हैं।

**लाइट ब्लू सॉलिड फॉर्मल आउटफिट-** अगर आपके ऑफिस में कोई खास मीटिंग है और आप उस मीटिंग के दौरान अपने लुक को गॉर्जियस बनना चाहती है, तो अब आप इस लाइट ब्लू सॉलिड फॉर्मल आउटफिट को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप मॉडर्न और क्लासी लुक भी क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा।

**स्ट्रेट कट-** ऑफिस में स्ट्रेट कट कुर्ते पहनना एक अच्छा विकल्प है, खासकर जब वे हल्के और सॉफ्ट कलर्स, जैसे पेस्टल, बेबी पिंक, स्काई ब्लू या ऑफ व्हाइट में हों। इनकी सीधी सिलाई शरीर को स्लीमिंग इफेक्ट देती है और प्रोफेशनल लुक भी। स्ट्रेट कट कुर्ते में सिंपल प्रिंट्स या हल्की एंब्रॉयडरी अच्छी लगती है। आप छोटे स्टड ईयररिंग्स, सिंपल वॉच और हल्का मेकअप कर परफेक्ट ऑफिस लुक पा सकती हैं। क्लोज्ड टो सैंडल्स आपके लुक को कंप्लीट करेंगे।

**ए लाइन-**ये कुर्ते ऊपर से फिट और नीचे की ओर हल्के फ्लेयर्ड होते हैं, जिससे पहनने पर एक स्लिम और ग्रेसफुल लुक मिलता है। यह स्टाइल न ज्यादा सिंपल लगता है, न ही ओवर। अगर आप ऑफिस में कुछ अलग और प्रोफेशनल पहनना चाहती हैं तो ए लाइन कुर्ते बेहतर हैं। इन्हें प्लाजो या लेगिंग्स के साथ पहनकर आप एलिगेंट और कंफर्टेबल ऑफिस लुक पा सकती हैं।

**खादी या हैंडलूम -** अगर आप ऑफिस में ट्रेडिशनल अंदाज में प्रोफेशनल दिखना चाहती हैं तो खादी का कुर्ता एक बेहतरीन विकल्प है। इसकी सादगी में खास आकर्षण होता है, जो आपको भीड़ से अलग पहचान देता है। ऑफ व्हाइट, इंडिगो ब्लू, बेज या हल्के ग्रे जैसे रंग इसमें खास तौर पर अच्छे लगते हैं। खादी कुर्तों में अक्सर छोटे बटन, ट्रेडिशनल प्रिंट और स्टिचिंग डिटेल्स देखने को मिलते हैं, जो इन्हें खास बनाते हैं। आप इन्हें प्लाजो, पैंट या स्कार्फ के साथ पहन सकती हैं। झुमके, सिंपल वॉच और मोजड़ी आपके लुक को खास बना देते हैं।

# पुराने कपड़ों से फैशन को दें नया रंग

पुराने कपड़ों को नया जीवन देना और उन्हें स्टाइलिश तरीके से पहनना एक आनंददायक प्रक्रिया हो सकती है। यह एक रोमांचकारी मिशन है जिसमें आप अपनी स्टाइल और क्रिएटिविटी को प्रकट कर सकते हैं। जब आप अपने पुराने कपड़ों को नए रूप में लाते हैं, तो वहाँ एक नई उत्साह और संवेदनशीलता का संयोग होता है, जो आपकी व्यक्तिगत स्टाइल को नवीनतम फैशन तक पहुंचाने में मदद करता है। इस प्रक्रिया में, हर वस्त्र और एक्सेसरी का चयन एक साहसिक रोमांच होता है, जो आपको नए और स्वयंसिद्ध लुक में विश्वास दिलाता है। यहां कुछ टिप्स दी गई हैं जो आपकी मदद करेंगी आपके वर्डरोब को रीवैंप करने में-



**मिलाना और मैच करना :** अपने वर्डरोब की विभिन्न वस्त्रों को मिलाकर एक स्टाइलिश आउटफिट बनाने की कोशिश करें। पुरानी ब्लाउज को नई स्कर्ट के साथ जोड़ें या उम्रके टॉप के साथ नया स्कर्ट पहनें। विभिन्न टेक्स्चर्स और पैटर्न्स को मिलाकर एक दिलचस्प और अद्वितीय लुक बना सकते हैं।

**लेयरिंग :** लेयरिंग आपके आउटफिट में गहराई और विस्तार जोड़ सकती है। एक ड्रेस के ऊपर स्वेटर या डेनिम जैकेट या ब्लेज़र डालने से आपके आउटफिट में चारचित्र्य और स्टाइल आएगा। यह न केवल स्टाइल जोड़ता है बल्कि आपको अलग-अलग मौसमी शर्तों के अनुसार अपने आउटफिट को एडजस्ट करने का भी अवसर देता है।

**एक्सेसराइज़ करें :** एक्सेसरीज़ आपके आउटफिट को पूरी तरह से बदल सकते हैं। स्टेटमेंट ज्वेलरी, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी या बैग का उपयोग करके अपने पुराने कपड़ों को एक स्टाइलिश झलक दें। एक्सेसरीज़ आपके आउटफिट को अधिक ध्यान में लाने में मदद कर सकते हैं और उन्हें एक मुख्य बिंदु बना सकते हैं।

**बेल्ट उपयोग करें :** अपनी ड्रेस, ट्यूनिक या ओवरसाइज़ शर्ट में बेल्ट डालना त्वचीकरणीय और स्ट्रक्चर्ड लुक प्रदान कर सकता है। विभिन्न बेल्ट स्टाइल्स और साइज़ के साथ अनुभव करें और देखें कि आपके आउटफिट के साथ क्या सबसे अच्छा काम करता है।

**अपसाइकल और कस्टमाइज़ करें :** रीवाम्प करने के लिए बहुत अद्वितीय और विविध हो सकते हैं। आप जींस को शॉर्ट्स में बदल सकते हैं, सादे शर्ट या जैकेट पर पैच या इम्ब्राइडरी जोड़ सकते हैं, या फिर कपड़ों को नए रंगों में डाई कर सकते हैं।



**जूते के साथ खेलें :** आपके फुटवियर का चयन आपके आउटफिट को प्रभावित कर सकता है। ड्रेस के साथ स्नीकर्स पहनना या जींस के साथ हील्स पहनना, विरोधाभासी और फैशनेबल संयोजन बना सकते हैं। विभिन्न जूते के स्टाइल के साथ प्रयोग करने से डरें नहीं।

**फिट के लिए सिलाई करें :** कभी-कभी, पुराने कपड़े अच्छी तरह से नहीं बैठते हैं। उन्हें अपनी वर्तमान शारीरिक आकार के अनुसार सिलाई करने का विचार करें। सिलाई आपकी कपड़ों के दिखने और महसूस होने में बड़ा अंतर कर सकती है।

**8. फैशन की प्रेरणा लें-** पत्रिकाओं, सोशल मीडिया या फैशन ब्लॉग्स से फैशन की प्रेरणा लें। देखें कि दूसरों ने कैसे समान आइटमों को स्टाइल किया है और अपने वर्डरोब में उन विचारों को अपनाएं।

**पुराने और नए को मिलाएं :** अपने वर्डरोब में पुराने पसंदीदा कपड़ों को नए या मोडर्न वस्त्रों के साथ मिलाने में झिझक न करें। पुराने कपड़ों को नए विकल्पों के साथ जोड़ने से आप एक संतुलित और फैशनेबल दृष्टिकोण बना सकते हैं।

**आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है :** अंत में, अपने पुराने कपड़ों को आत्मविश्वासपूर्वक पहनें। आप कैसे अपने आप को लेकर हैं, वह आपके आउटफिट के भीतर बड़ा अंतर कर सकता है। अपनी स्टाइल चुनाव का स्वामित्व करें और अपने रीवैंप किए गए आउटफिट्स का आनंद लें।

इन टिप्स का पालन करके, आप बिना अपने बजट को फाड़ते हुए अपने पुराने कपड़ों को स्टाइलिश तरीके से नया रूप दे सकते हैं। मनोरंजन करें और नए तरीके खोजें अपनी व्यक्तिगत स्टाइल को व्यक्त करने के लिए।

# मंगेतर के लिए परफेक्ट आउटफिट की तलाश? ये विकल्प करेंगे उन्हें इंप्रेस

अगर आपकी भी सगाई हो गई है या फिर होने वाली है तो आपके मन में भी ये ख्याल आ रहा होगा, कि कैसे अपने मंगेतर की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं। ऐसे में आप उन्हें कुछ तोहफा दे सकते हैं। जी हां, तोहफा देकर अपने रिश्ते की शुरुआत करेंगे, तो इससे आपकी बॉन्डिंग और मजबूत होगी। खासतौर पर अगर आप मंगेतर तो आउटफिट तोहफे में देंगे तो वो इससे अवश्य ही इंप्रेस होंगी। यहां हम आपको कुछ ट्रेंडी आउटफिट के विकल्प दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप अपनी मंगेतर को तोहफे में दे सकते हैं।

**टिश्यू साड़ी-**आज-कल लड़कियों को अलग तरह की साड़ी काफी खूबसूरत लगती है। ऐसे आप अपनी मंगेतर को इस तरह की साड़ी तोहफे में दे सकते हैं। इसे खरीदते समय रंग का ध्यान रखें। इस फैब्रिक में ज्यादातर लोगों को पेस्टल रंग ही ज्याजा फबते हैं। इसलिए कोशिश करें कि इस साड़ी का रंग पेस्टल ही हो और इसका ब्लाउज कॉन्ट्रास्ट में हो, ताकि देखने में और खूबसूरत लगे।

**साड़ी विद वेस्टर्न टच-**अपनी मंगेतर को कुछ अलग सी साड़ी तोहफे में देना चाहते हैं तो ये बेहतर विकल्प है। ऐसी साड़ी हमेशा प्लेन ही आती है, बस इसके साथ कोर्सेट वाला ग्लैमरस ब्लाउज उन्हें तोहफे में दें। इसे वो जब-जब पहनेंगी तो आपको याद करके इतराएंगी। यदि आपकी मंगेतर इसे पहनने में सहज नहीं हैं तो आप सिंपल ब्लाउज भी उनके लिए बनवा सकते हैं। उनकी सहजता का खास ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है।

**सलवार सूट-**साड़ी नहीं देना चाहते तो इस तरह का सलवार सूट उन्हें तोहफे में दें। इस तरह का सूट वो अपने मायके में भी पहन सकती हैं। सूट अगर रेडीमेड खरीद रहे हैं तो उनके नाप का खास ध्यान रखें। अगर नाप गलत हुआ तो वो उसे पहन नहीं पाएंगी। इसलिए सूट हमेशा सही नाप का ही दें।

# कम उम्र में दाढ़ी के बाल सफेद? आजमाएं ये देसी नुस्खे

आज-कल की लाइफस्टाइल इतनी व्यस्त और खराब हो गई है कि इसका असर लोगों के सेहत के साथ-साथ त्वचा और बालों पर दिखने लगा है। खासतौर पर इसका असर दाढ़ी के बालों पर भी होने लगा है। दरअसल, अब कम उम्र में ही लड़के दाढ़ी के बाल सफेद होने की शिकायत कर रहे हैं। इसकी कई अन्य वजहें भी हो सकती हैं। पर, यदि आप ऐसे में बाजार में मिलने वाली केमिकल वाली डाई का इस्तेमाल दाढ़ी पर करेंगे तो इससे आपकी परेशानी और बढ़ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि केमिकल वाले प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल और धूप में जरूरत से ज्यादा रहने पर भी कम उम्र में ही लोगों के बाल सफेद होना शुरू हो जाते हैं। इसलिए दाढ़ी के सफेद बालों को काला करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे आजमाकर देख लें।

**आंवला का तेल करें इस्तेमाल-**यदि आप आंवले के तेल से नियमित रूप से दाढ़ी पर मसाज करेंगे, तो इससे आपकी दाढ़ी के सफेद बाल खुद ब खुद प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे। दरअसल, आंवला बालों के लिए वरदान है, क्योंकि इसमें विटामिन C और एंटीऑक्सिडेंट जैसे तत्व पाए जाते हैं। जो बालों को काला करने में मददगार होते हैं।

**नारियल तेल और करी पत्ता-**इन दोनों चीजों के मिश्रण के इस्तेमाल से त्वचा में मेलेनिन की मात्रा बढ़ती है, जो बालों को काला करने में सहायक होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले नारियल के तेल में करी पत्ते को डालकर उबालें। जब ये उबल जाए तो इसे ठंडा करके दाढ़ी पर लगाएं। इसका असर भी आपको कुछ दिन में दिख जाएगा।

**मेहंदी और कॉफी-**बिना केमिकल से बालों की रंगत बदलना चाहते हैं तो सबसे पहले मेहंदी पाउडर में कॉफी मिक्स करके पेस्ट तैयार करें। अब इसे दो घंटे के लिए अपनी दाढ़ी पर अप्लाई करें। आखिर में इसे धो लें और फिर इसका असर देखें। मेहंदी बालों को रंग देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत भी बनाती है।

**प्याज का रस-**यदि आप नियमित रूप से प्याज के रस का बालों पर इस्तेमाल करते हैं तो ये बालों की जड़ों को पोषण देता है और सफेदी को रोकता है। इस्तेमाल के लिए प्याज का रस निकालकर दाढ़ी की जड़ों में हल्के हाथों से मालिश करें और 30 मिनट बाद धो लें। इससे भी आपको आराम मिलेगा।

# तीज पर लगाएं ये ट्रेंडी मांग टीका खूबसूरती में लगाएंगे चार चांद



मांग टीका भारतीय आभूषणों का एक खास और पारंपरिक हिस्सा है, जो अक्सर शादी या खास अवसरों पर पहना जाता है। आजकल के ट्रेंड में कई सुंदर और विंटेज डिज़ाइन वाले मांग टिके मिल रहे हैं। ऐसे में इस बार आप भी तीज के अवसर पर ये नए और बेहद क्लासी डिजाइंस ट्राई कर सकते हैं। यहाँ कुछ ट्रेंडी मांग टीका डिज़ाइन दिए गए हैं-

**चांदबाली मांग टीका-** यह डिज़ाइन बड़े गोल या अर्द्धचंद्राकार पिस पर आधारित होता है, जिसमें जटिल पैटर्न और कभी-कभी मोती या रत्नों की लटकन होती है। यह बहुत ही शानदार और शाही लुक देता है।

**कुंदन मांग टीका-** कुंदन डिज़ाइन में अनकट रत्नों को सोने या चांदी में सेट किया जाता है, जिससे एक रिच और भव्य लुक मिलता है। यह पारंपरिक लेकिन हमेशा के लिए फैशनेबल होता है।

**पोल्की मांग टीका-** पोल्की डिज़ाइन में अनकट डायमंड्स का उपयोग किया जाता है, जो जटिल पैटर्न में सेट होते हैं, जिससे एक पुरानी और ग्लैमरस अपील मिलती है।

**मल्टी-लेयर्ड मांग टीका-** इनमें कई लेयर्स की चेन या स्ट्रैंड्स होती हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की सजावट जैसे मोती, रत्न या बीड्स होते हैं। ये एक लेयर्ड और सोफिस्टिकेटेड लुक प्रदान करते हैं।

**मिनिमलिस्टिक मांग टीका-** जो लोग सादगी पसंद करते हैं, उनके लिए स्लीक लाइन्स और छोटे, नाजुक रत्न या बीड्स वाले डिज़ाइन बहुत ट्रेंडी हैं। ये एक आकर्षक और परिष्कृत लुक देते हैं।

**विंटेज या एंटीक मांग टीका-** जो डिज़ाइन विंटेज या एंटीक स्टाइल को दोहराते हैं, वे जटिल उकेरे हुए पैटर्न और पुराने जमाने का चार्म लाते हैं। ये पारंपरिक अवसरों के लिए एकदम सही होते हैं।

**कस्टमाइज़्ड या पर्सनलाइज़्ड मांग टीका-**कुछ डिज़ाइन व्यक्तिगत मोनोग्राम, नाम या विशिष्ट मोटिफ्स के साथ कस्टमाइज किए जाते हैं, जो उन्हें विशेष और अनूठा बनाते हैं।

**साउथ इंडियन मांग टीका-** साउथ इंडियन स्टाइल में आमतौर पर बड़े और जटिल डिज़ाइन होते हैं, जो पारंपरिक मंदिर आभूषण पैटर्न से सजे होते हैं और भारी-भरकम लुक प्रदान करते हैं। इन डिज़ाइन को विभिन्न सामग्रियों में बनाया जा सकता है, जैसे पारंपरिक सोना और चांदी से लेकर आधुनिक मिश्रित धातुओं तक। चाहे आप कुछ भव्य ढूंढ़ रहे हों या सरल, हर मौके और पसंद के लिए एक मांग टीका डिज़ाइन उपलब्ध है।

# कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्



डॉ.आशा रस्तोगी

अखिल ब्रह्माण्ड के नायक, जिसकी श्वास से वेदों की रचना हुई, उसे भी जगत गुरु बनने से पूर्व गुरु संदीपनि से शिक्षा ग्रहण करनी पड़ी। उन्होंने गुरुद्वारा शिक्षा प्राप्ति के आदर्श को समाज के समक्ष रखा। उन्होंने 64 दिनों में ही चारों वेद, चार उपवेद एवं छह वेदांग सहित 14 विद्याओं एवं 64 कलाओं का ज्ञान अर्जित कर लिया। इस प्रकार श्रीकृष्ण का ज्ञान अखंड था। गुरु से ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् श्रीकृष्ण द्वारा दक्षिणा के लिए आग्रह करने पर गुरु ने कहा कि मैं विद्या का विक्रय नहीं करता। श्रीकृष्ण के आग्रह को देखते हुए गुरु जी ने कहा कि मैंने तुम्हे जो ज्ञान दिया है उसके बदले यदि तुम को कोई शिष्य मिले तो बिना कुछ लिए विद्या के वंश की वृद्धि करना। श्रीकृष्ण ने गुरु केज्ञानोपदेश करने की आज्ञा का अच्छी तरह से पालन किया।

जब महाभारत के युद्धक्षेत्र में सभी बंधु बांधवों के विनाश को सोचकर अर्जुन किंकर्तव्यविमूढ़ हो रहा था, तब मोह जाल में फंसे अर्जुन कोश्रीकृष्ण ने गीता रूपी दुग्धामृत का पान कराया जिससे अर्जुन के हृदय के सारे विकार कपूर के भाँति उड़ गए और उसे अपने कर्तव्य का ज्ञान हो गया। गीता के माध्यम से संसार को अद्वितीय ज्ञान दिया। अर्जुन को कर्म के ज्ञान का उपदेश देते हुए उन्होंने फल की आसक्ति को छोड़ कर कर्म की सिद्धि और असिद्धि दोनों ही अवस्थाओं को समान मानकर योगस्थ होकर कर्म करने को श्रेयस्कर बताया। अर्जुन के युद्ध भूमि में बंधु-बांधवों को मारने में भ्रमित होने पर श्रीकृष्ण कहते है कि जो इस आत्मा को मारने वाला समझता है तथा जो इसको मरा मानता है, वे दोनों ही यह नहीं जानते कि वह आत्मा वास्तव में न तो किसी को मारता है और न किसी के द्वारा मारा जाता है। यह नित्य है, अजन्मा है, सनातन और पुरातन है तथा शरीर के मारे जाने पर भी नहीं मारा जाता है। जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नए वस्त्रों को ग्रहण करता है, वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीरों को त्याग कर नये शरीरों को प्राप्त होता है। उन्होंनेबताया कि जीव सच्चिदानंद स्वरूप परमात्मा का ही अंश है लेकिन धरती पर आने के पश्चात माया के स्पर्श होते ही माया के छह आवरण-काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मत्सर उस जीव को ढक लेते हैं जिससे कि वह परमानंद का अनुभव कर पाने में अपने को असमर्थ पाता है। इन्हीं आवरणों के कारण जीव अनेकों पापादि कर्म को करता हुआ नरकगामी बनता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने बताया की जीव संसार में अपनी प्रकृत्यानुसार आचरण और व्यवहार करता है। प्रकृति को त्रिगुणात्मक पदार्थों को उत्पन्न करने वाली बताया। ये तीन गुण सत, रज और तम हैं। ये गुण अविनाशी जीव आत्मा को शरीर में बांधते हैं। इसमें सत्व गुण निर्मल होने के कारण विकार रहित है। वह सुख और अभिमान के संबंध से जीवात्मा को अभिमान से बांधता है। रजो गुण कामना और आसक्ति से उत्पन्न होता है, वह जीव को कर्मों और उसके फल से बांधता है। तमो गुण को अज्ञान से उत्पन्न माना गया है, वह इस जीवात्मा को प्रमाद, आलस्य और निद्रा द्वारा बांधता है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार जब श्रीकृष्ण स्वधाम लौटने हेतु पृथ्वीलोक से जाने की तैयारी करने लगे तब उद्धव ने भी उनके साथ जाने का आग्रह किया। तब कृष्ण ने कहा जब तुम मेरे साथ आये ही नहीं थे तो साथ चलने का प्रश्न कैसा? यह संसार तो केवल सपनों का खेल है, माया हैं, भ्रम है, असत्य है। सत्य तो केवल आत्मा ही है। इस प्रकार उद्धवजी को कृष्ण ने त्याग और संन्यास का उपदेश दिया। जब उद्धव जी ने त्याग और संन्यास के मार्ग को कठिन बताते हुए कृष्ण से कोई सरल मार्ग बताने की कृपा करने का अनुरोध किया, तब भगवान कहते हैं मैंने तुम्हें मनुष्य जन्म देकर क्या कम कृपा की? अब तुम्हें स्वयं अपने ऊपर कृपा करनी पड़ेगी। स्वयं अपना गुरु बनकर अपना उद्धार करो-उद्धरेदात्मनात्मानं। क्योंकि आत्मा हि गुरुरात्मैव। अर्थात् आत्मा ही आत्मा का गुरु है। हे उद्धव तुम स्वयं अपने गुरु हो। जब तक अंदर से प्रेरणा नहीं होगी तब तक उद्धार भी नहीं होगा। मेरे सिवा जो कुछ भी दिखता है, सब मिथ्या है। इसी भांति उद्धव जी को बंधन और मोक्ष का स्वरूप भी समझाया। बंधन और मोक्ष शरीर के नहीं मन के धर्म हैं। यह जीव मेरा ही अंश है किंतु अविद्या के कारण बंधनों में फंसता है। जीव कर्मों से बंधा हुआ है,ईश्वर नित्यमुक्त है। विषयों में फंसा रहने वाला भोगी दुखी होता है। विवेकी परमहंस को योगी कहते हैं। उद्धव जीके पूछने पर कि जब विषय दुखदायी होते हैं तो मनुष्य उन्हें भोगने की इच्छा क्यों करता है? तो श्रीकृष्ण कहते हैं कि यह रजोगुणी मन मनुष्यों को विषयों में फंसाता है। पहले मन विषयों की ओर जाता है और फिर विषयों का आकार धारण कर विषयों को अपने मन में बसा लेता है। मन विषयाकार हो जाता है। मन विषय युक्त बन जीव को सताता है। विषयों का चिंतन प्रभु भक्ति में बाधक होता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 10 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, पूर्णिमा तिथौ गुरु वासरे 14/07/ पूर्वा आषाढ़ नक्षत्रे 29/18/ ऐन्द्र योग 21/38/ भद्रां करणे 13/52/धनु राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-**भद्रा समाप्त घं.13मि.52पर। पूर्णिमा। आषाढ़ी पूर्णिमा। कोकिला पूर्णिमा। गुरू पूर्णिमा।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

बालू डम्प स्थल के आसपास रूट प्लान जारी किया एसडीएम, सीओ ने

**कालपी(जालौन)।** बालू डंप स्थलों के आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों में आवागमन में राजगीरों की सुविधाओं के लिए उपजिलाधिकारी अतुल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार ने रूट प्लान जारी किया है तथा थानाध्यक्षों को रूट प्लान के मुताबिक आवागमन की व्यवस्था को बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि बेतवा तथा यमुना नदियों में 30 जून को बालू खनन बंद हो जाता है।

# फरार चल रहे 25 हजार के ईनामीहत्यारोपी को दबोचा पुलिस ने



उरई : पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी ।

**-बच्चो को ट्यूशन पढाने के दौरान इश्क में पड़ गया था पुष्पा तिवारी के**

**जालौन।** फरार चल रहे हत्या के 25 हजार के ईनाम घोषित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये इनामी आरोपी को पुलिस ने न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।
कोतवाली पुलिस 6 जून को हुई पुष्पा तिवारी की हत्या के आरोपी की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पुलिस हत्या के आरोपी अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र संतोष श्रीवास्तव निवासी ग्राम डकोर थाना डकोर को मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे सातमील के पास से पकड़ लिया है। पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मैं दिल्ली में होटल में नौकरी कर रहा था। जब मैं ग्राम डकोर में रहता था तो बच्चो को ट्यूशन पढाता था करीब 2 वर्षो से मैं अपने ही गांव के ऋषि तिवारी के बच्चो को ट्यूशन छुट्टियों में पढाता था ट्यूशन पढाते वक्त ऋषि तिवारी की पत्नी पुष्पा तिवारी से मेरा सम्पर्क हुआ व बीच बीच में मुलाकात होती थी आज से लगभग दो महीने से पुष्पा तिवारी फोन करके कहती थी मुझे अपने साथ ले चलो मैं तुम्हारे साथ रहना चाहती हूं चूंकि पुष्पा शादी सुदा थी इसलिये मैं उसके साथ नहीं रहना चाहता था इसलिये मैने उसे रास्ते से हटाने के लिये दिल्ली बुलाया तो वह अकेले दिल्ली चली आयी। मै उन्हें लेकर अपने कमरे पर गया वहां एक डेढ घण्टे रूकने के बाद उत्तराखण्ड घूमने के लिये निकल गये। फिर देहरादून, ऋषिकेश मसूरी होते हुये 05.06.2025 को नैनीताल पहुंच गये थे एक दिन नीमकरौली बाबा कैंची धाम रूक गया था।
6 जून की शाम का भामताल पहुंचकर श्राहरा हाटल में कमरा किराय पर लिया। वहां पर हम दोनो लोगो ने शराब पी जिसमे मैने थोडी शराब पी और पुष्पा को ज्यादा शराब पिलायी वह काफी नशे में हो गयी थी। हम लोगो लेटे ही थे कि पुष्पा तिवारी ने नशे मे अपने पति ऋषि तिवारी को उसी रात्रि में फोन किया और अपने पति से कहा तुम हमे बच्चो से बात कराओ ऋषि तिवारी काफी देर इधर उधर की बात करता रहा और बच्चो से बात नही करायी मैं ने इसे बात करने से मना किया तो इस बात को लेकर मुझसे झगडा करने लगी इसके बाद मैं पुष्पा तिवारी को लेकर लगभग रात 1बजे मैं पुष्पा तिवारी को लेकर झील की तरफ टहलने चला गया और जहां से बोटिंग वाली नाव मिलती है वहां सीढियो के पास बैठ गया वहां रात्रि में कोई नहीं रहता है। और सूनसान था जहा पर बैठकर पुष्पा तिवारी फोन पर बच्चो से बात कराने को लेकर हम दोनो में विवाद गया पुष्पा तिवारी अत्यधिक नशे मे थी वहीं सीढियो पर मैने मुह पर हाथ रखके उसका टीशर्ट पकडा और पानी की ओर ढकेल दिया वह नशे की हालत में उठ नही पायी तब मैं अपने जूते उतारकर पानी मे घुसा और पानी मे ही थोडी देर दबाये रखा तो वह अपने बचाव में पानी मे छटपटाई तो उसकी टीशर्ट मेरे हाथ में आ गयी। जिसको मैने झील में ही फेक दिया। जब मुझे लगा कि पुष्पा तिवारी मर गयी है तब मैं तेज कदमो से अपने होटल में चला आया।कोतवाली पुलिस ने पकड़े गये हत्या के 25 हजार के ईनाम घोषित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है।

# नून नदी तट पर वृहद वृक्षारोपण, बारिश के बीच जनसहभागिता से हरियाली की ओर बड़ा कदम



उरई : पौधारोपण करते जन प्रतिनिधि व अधिकारीगण ।

**उरई(जालौन)।** ग्राम सतोह स्थित नून नदी के तट पर एक एक पेड़ मां के नाम, वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने बरसात के बीच उत्साहपूर्वक भागीदारी कर प्रकृति से जुड़ाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। नून नदी के उद्गम स्थल से लेकर करीब 81 किलोमीटर में पड़ने वाले 47 ग्राम पंचायतों में 20 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि भारतेन्दु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी रहे।
वृक्षारोपण कार्यक्रम में सदर मंडलायुक्त बिमल दुबे, विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, अध्यक्ष नगर पालिका कॉफ प्रदीप गुप्ता, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और ग्रामीणजन ने वृक्षारोपण किया उपस्थित रहे।
डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा, प्रकृति और जनता को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए प्रदेश स्तर पर वृक्ष आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद जालौन में त्रिवेणी सहित विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष रोपे गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इंद्रदेव स्वयं वर्षा के माध्यम से इन नवरोपित वृक्षों को सिंचित कर रहे हैं। विधायकों ने भी लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रमों में भागीदारी निभाकर हरियाली अभियान को गति प्रदान की है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वर्षा के बीच बढ़-चढ़कर भाग लिया।
जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी कि, आज जनपद के विभिन्न हिस्सों में सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया है। उद्गम स्थल से नून नदी तट पर विशेष रूप से छात्र-छात्राओं व नागरिकों ने मिलकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में आज एक ही दिन में लगभग 97 लाख पौधे रोपे गए हैं, जो पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है।

# पालिकाध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी ने सफाई व्यवस्था का किया स्थलीय निरीक्षण



उरई : बारिश के दौरान नगर का स्थलीय निरीक्षण करतेपालिकाध्यक्ष व ईओ ।

**कालपी(जालौन)।** बारिश के दौरान नगर में जलभराव की समस्या लेकर अधिशासी अधिकारी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा कई मुहल्लों का स्थलीय निरीक्षण करके नाला नालियों की बेहतर साफ सफाई के निर्देश दिए। सफाई कर्मियों के साथ जेसीबी की मदद से जल निकासी की व्यवस्था की गई।पालिकाध्यक्ष व ईओ के द्वारा नाला सफाई का औचक निरीक्षण किया।
इस दौरान उन्होंने सफाई प्रभारी व सफाई नायक को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है, कहीं पर भी जलभराव की समस्या ना हो तथा सफाई अभियान युद्धस्तर पर चलाया जाए। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण कई मोहल्ले में जल निकासी की समस्या हो रही थी। बुधवार को अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने नगर के मोहल्ला आलमपुर बाईपास, खानकाह शरीफ के पास व अन्य स्थानों में स्थलीय निरीक्षण करके साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। अमलतास बाईपास के पास जल निकासी न होने के कारण जलभराव की समस्या आ रही थी, पालिकाध्यक्ष ने सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह पप्पी यादव को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल जेसीबी बुलाकर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। मौके पर पहुंची जेसीबी मशीन ने खुदाई करके जल निकासी की व्यवस्था की। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बारिश के मौसम को मद्देनजर रखते हुए पालिका द्वारा नाले नालियों की साफसफाई का कार्य शुरू करा दिया गया था। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा खुद समय-समय पर सफाई कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर नगर में कहीं पर भी जलभराव की शिकायत आती है तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा। साफ सफाई में किसी भी प्रकार की हीला हवाली को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगरीय सफाई व्यवस्था के लिए 125 से अधिक कर्मचारी तैनात है। इस मौके पर निर्माण लिपिक सरफराज खान सभासदगण व मोहल्लेवासी मौजूद रहें।

# फर्रुखाबाद के लिए स्थानांतरित अधिकारी रामपुरा को भावभीनी विदाई



उरई : ईओ को सम्मानित करतीअध्यक्ष श्रीमती गायत्रीओमप्रकाश वर्मा ।

**रामपुरा(जालौन)।** आदर्श नगर पंचायत रामपुरा के अधिशासी अधिकारी रामानंद यादव का फर्रुखाबाद जनपद के लिए स्थानांतरण हो जाने के बाद नगर पंचायत में समारोह पूर्वक विदाई दी गई। अध्यक्ष श्रीमती गायत्री ओम प्रकाश वर्मा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह आदि तमाम गण मान्य लोगों ने अधिशासी अधिकारी के कार्यकाल को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत रामपुरा के अधिशासी अधिकारी रामानंद यादव का जनपद फर्रुखाबाद के लिए स्थानांतरण हो गया है, उनके विदाई समारोह का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में किया गया जबकि संचालन पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री ओमप्रकाश वर्मा ने ईओ की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि रामपुरा में उनका अच्छा कार्यकाल रहा नगर के विकास के साथ ही कान्हा गौशाला में गोवंशों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए गए उपाय सराहनीय रहे और वह जहां भी जाएंगे वहां भी उनका कार्यकाल अच्छा रहेगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने कहा कि अधिशासी अधिकारी के रूप में रामानंद यादव ने बेहतर विकास की कल्पना की थी और उनकी नगर के विकास में हर संभव सहयोग करने की धारणा रही यही वजह है कि शासन की मंशा के अनुरूप शहर के विकास के लिए निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाया जा सका। वरिष्ठ लिपिक मैथिलीशरण गुप्त ने अधिशासी अधिकारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि उनका रुख हमेशा सहयोगात्मक रहा। इस अवसर पर अजय सिंह सभासद प्रतिनिधि, संतोष चक, जितेंद्र,राहुल, सुनीत आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## तमंचा कारतूस संग पकड़ा गया अभियुक्त

**कोंच(जालौन)।** थाना कैलिया पुलिस ने दिन बुधवार को एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि दिनांक 9 जुलाई 2025 को प्रदीप कुमार वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कैलिया विकेश बाबू के कुशल निर्देशन में उपनिरीक्षक मोहित यादव मय हमराह फोर्स के साथ रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर हिंगुटा पुल के करीब 50 मीटर आगे गोलू उर्फ अक्षय गुर्जर पुत्र बीरपाल सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम हिंगुटा थाना कैलिया को एक अदद नाजायज देशी पिस्टल 32 बोर मय दो अदद जिंदा कारतूस 32 बोर व जामा तलाशी में 2 सौ 50 रुपये के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा संख्या 55/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विकेश बाबू उपनिरीक्षक मोहित यादव हेड कांस्टेबिल अजीत सिंह कांस्टेबिल प्रबल प्रताप व रणविजय सिंह सम्मलित रहे।

# पुलिस ने दबोचा वारंटी

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोना निवासी भीकम पुत्र तेताली के विरुद्ध मुकदमा संख्या 550 वर्ष 2022 में धारा 128 में दर्ज किया गया था जिसमें भीकम की पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी क्योंकि वह माननीय न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था जिसके लिए पुलिस ने मुखबिरो का जाल बिछा रखा था और दिनांक 9 जुलाई 2025 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि भीकम अपने घर के बाहर बैठा हुआ है फिर क्या था मंडी चौकी प्रभारी नितेश कुमार अपने हमराही कांस्टेबिल भूपेंद्र के साथ ग्राम लोना पहुंच गए और वारंटी भीकम को धर दबोचा और पकड़कर कोतवाली ले आये जहां पर उक्त के खिलाफविधिक कार्यवाही की गई।

# बच्चों को विटामिन ए की दवा पिला कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया पालिकाध्यक्ष अरविंद ने



उरई : बिटामिन ए की दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ करते पालिकाध्यक्ष अरबिंद यादव ।

कालपी(जालौन)। बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। अभियान के अंतर्गत 6881 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी।
शासन के द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मी एवं गणमान्य नागरिक पहुंच गए। नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव ने अपने हाथों से बच्चों को विटामिन ए की दवाइयां पिला कर अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने महिलाओं तथा नागरिकों से आव्हान किया कि शासन के द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत अपने अपने 5 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलायें चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह अभियान 9 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगा। जिससे लक्ष्य के अनुरूप 6881 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जायेगा। अगर बाहरी क्षेत्र के बच्चे विटामिन ए की दवा पीने आयेंगे तो यह संख्या बढ़ भी सकती है।उन्होंने कहा कि 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगी। इस कार्यक्रम डॉ विशाल सचान, डॉक्टर शेख शहरयार ,डॉ अशोक चक, डॉक्टर गौतम, डॉक्टर रूबी सिंह, स्वास्थ्य कर्मी वरुणा सचान के अलावा सभासद राकेश यादव, सभासद प्रतिनिधि आशु बाबा, शिवा बुंदेला, रविंद्र कोरी, अमरदीप पांडे, अंकित ठाकुर, अंजनी सिंह, राजेंद्र पोरवाल, अरविंद सिंह राठौर,गंगाराम प्रजापति बब्लू कुमार, दिग्विजय सिंह समेत गणमान्य नागरिक तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

## ग्राम असूपुरा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

कोंच(जालौन)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक पेड़ माँ के नाम महा अभियान के अंतर्गत बृहद वृक्ष रोपण अभियान दिनांक 9 जुलाई 2025 को चलाया गया जिसमें पूरे प्रदेश में लोगों द्वारा पौधा रोपित किये गए इसी क्रम में दिन बुधवार को विकास खंड कोंच के ग्राम असूपुरा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन द्वारा पौधे रोपित किये गए। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी गिरवर वर्मा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार उर्फ शीलू मण्डल महामंत्री सोनू पटेल असूपुरा प्रधान प्रतिनिधि कनहैया लाल वर्मा सामी प्रधान आनंद पचौरी गेदौली प्रधान दिग्विजय सिंह गुर्जर लोना प्रधान प्रेम प्रकाश पचीपुरी प्रधान अवधेश पटेल कूँडा प्रधान प्रतिनिधि अरविंद सिंह भडारी प्रधान गोपाल बापू सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बिना वैद्य प्रपत्र पाये जाने पर की गई कार्यवाही

ललितपुर। खान अधिकारी अमितोश वर्मा ने अवगत कराया है कि माह जून में खनिज विभाग के द्वारा 21 वाहनों पर अवैध परिवहन के चलते कार्यवाही की गयी। भ्रमण के दौरान वाहन निरीक्षण किये जाने पर बिना वैद्य प्रपत्र के पाये जाने पर कार्यवाही की गयी है, जिनमें से टैक्टर ट्रॉली एवं डम्फर सहित जेसीबी पर कार्यवाही की गयी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल 2025 से जून तक कुल 66 वाहन पकड़े गये, जिनसे 24.03 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है व जनपद में अवैध परिवहन गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है व खनिज, उत्पाद, ओवरलोडिंग, बिना वैद्य दस्तावेजों के परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है व जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि जिले की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये और किसी भी प्रकार के अवैध वाहन को जिले की सीमा में प्रवेश न करने दिया जाये व खनिज विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है व अवैध परिवहन में संलिप्त पाये जाने पर संबंधित वाहन को जब्त कर उसके स्वामी, चालक के विरूद्ध खान एवं भूतत्व विभाग की धारा 4/21 के अंतर्गत तथा अन्य आवश्यक कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी व जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को अवैध परिवहन संबंधी कोई सूचना प्राप्त हो, तो वह तुरंत नजदीकी पुलिस थाने अथवा जिला खनिज अधिकारी को सूचित करें व सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा व अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है, मगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# जनता के सवालों को लेकर एक्टू एवं भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




उरई : सड़कों पर हंगामी प्रदर्शन करते कामरेड ।

**उरई(जालौन)।** आज ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफट्रेड यूनियंस एक्टू पल्लेदार मजदूर यूनियन ऑल इंडिया कंस्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने संयुक्त रूप से उरई की सड़कों पर अंबेडकर चौराहे होते हुए प्रदर्शन किया जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टू के राष्ट्रीय पार्षद कामरेड राम सिंह चौधरी अखिल भारतीय किसान महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड राजीव कुशवाहा अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा जिला संयोजक कामरेड हरिशंकर उत्तर प्रदेश ऑल इंडिया कंस्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन निर्माण मजदूर सभा कामरेड सुरेश जाटव अखिल भारतीय किसान महासभा मचकुंद उर्फपोटे नेताविनोद सिंह ने किया।
प्रदर्शन जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया सभा को संबोधित करते हुए एक्टू के राष्ट्रीय पार्षद कामरेड राम सिंह चौधरी ने कहा किकेंद्र प्रदेश सरकार जन विरोधी हो चुकी है और जनता पर जबरिया अल्पमत के कानून लाद रही है 50 परसेंट से ऊपर 51प्रतिशत विधानसभा लोकसभा में जब तक बहुमत न हो तब तक संवैधानिक तरीके से संविधान में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता इसलिए सरकार द्वारा ससद स पारित चार श्रम संहिता लेबर कोड मजदूर वर्ग के ऐतिहासिक संघर्षो और अकूत बलिदानों से हासिल अधिकारों पर हमला है यह कोड मजदूर विरोधी और कॉर्पोरेट मालिकों के हित में है बच्चों की पढ़ाई संवैधानिक अधिकार है खुले हुए सरकारी स्कूलों को मर्जर के नाम पर बंद करना असंवैधानिक ही नहीं गैरकानूनी है ऊपर से न्यायालय द्वारा गलत निर्णय का यह आंदोलन विरोध करता है दूसरी तरफबुलडोजर राज के जरिए लगातार गरीबों की बस्तियां ढहाई जा रही है जिसमें अकबरनगर से लेकर अब बसे हुए लोगों पर पुलिसिया दमन तेज है अखिल भारतीय किसान महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड राजीव कुशवाहा ने कहा की लगातार हो रही बुंदेलखंड और जनपद जालौन में आत्महत्याओं होनेपर योगी और मोदी सरकार के चेहरे को उजागर कर दिया है बुंदेलखंड के विकास के नाम पर बिजली के बिल बढ़ाकर स्मार्ट मीटर लगाकर जनता की लूट मचा रहे हैं अखिल भारतीय खेत मजदूर ग्रामीण सभा जिला संयोजक कामरेड हरिशंकर ने कहा की निर्माण मजदूर मनरेगा मजदूर खेत मजदूर के सवालों से सरकार ने किनारा कर लिया है ग्राम पारासन में सौर्य ऊर्जा के नाम पर गरीबों की पट्टे लायक खेती को अदानी ग्रुप को देखकर उसमें बड़ा घोटाला किया गया है इसकी जांच किया जाए। आज के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पल्लेदार मजदूर यूनियन रामबाबू अहिरवार ऑल इंडिया कंस्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन नेताकामरेड सुरेश कामरेड लखन राज प्रताप जाटव भाकपा माले झांसी प्रभारी कामरेड केपी सिंह कामरेड विमला कामरेड विनोद सिंह कामरेड लाखन कुसमरा कामरेड श्री राम कुशवाहा राजा भाई गुड्डे रेखा क्रांति बबली खुशबू वर्षा बबली राजकुमार सभासद नंदू अनिल बलजीत भारत अमन सोनिया राधा सुमित पौटी सिंह अजय राम रतन सियाराम इत्यादि टेक्नोलॉजी उपस्थित रहे।
फोटो

# पूर्वजों ने हमारे लिए वृक्ष लगाकर शुद्ध वायु की उपलब्धता की सुनिश्चित-नोडल अधिकारी



**ललितपुर।** वृक्षारोपण महाअभियान का जनपद में जोरदार आगाज हुआ व क्या बूढ़े, क्या बच्चे, क्या महिला, क्या पुरुष, जनप्रतिनिधि या अधिकारियों व कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ पौधों का रोपण किया व जनपद को प्राप्त 90 लाख 51 हजार पौधे के लक्ष्य से अधिक पौधे लगाकर जनपद ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। वृक्षारोपण के नोडल अधिकारी एवं बीडा के सीईओ अमृत त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने पुलिस लाइन प्रांगण में बेल, अमरूद व कटहल के पौधे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया और सभी को अपने हिस्से के पौधे लगाने का संदेश दिया। पुलिस लाइन प्रांगण में पौधे रोपण के दौरान जनपद नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी ने पिछले वर्ष इसी प्रांगण में अमरूद व सागवान के दो पौधे माँ के नाम पर लगाए थे जिन्हें देखने वह दौड़ पड़े और लहराते इन पौधों के साथ उन्होंने भावनात्मक रूप से जुड़ते हुए सेल्फी ली और इस एक वर्ष के दौरान इन पौधों की देखभाल करने वाले कर्मचारियों को धन्यवाद किया और इस वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिए सभी संबंधित अधिकारियों की सराहना की, इसके पश्चात् वह अमरपुर मंडी पहुंचकर वहां जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन के साथ वृक्षारोपण किया व इसी प्रांगण में पिछले वर्ष मियांबाकी पद्धति से लगाए गए पौधों की वृद्धि देखकर प्रसन्नता जाहिर की और जनपद में वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिए जिला प्रशासन की सराहना की, इसके उपरांत वह ग्राम पंचायत कल्याणपुर पहुंचकर 20 एकड़ से अधिक की भूमि पर ग्राम्य में विकास विभाग द्वारा पिछली वर्ष 18 एकड़ में 18 प्रजातियों के अलग-अलग फलदार वृक्ष लगाए गए थे और दो एकड़ में मियांबाकी पद्धति से विभिन्न प्रकार के पौधे आरोपित किए थे जिनकी वृद्धि और सफलता को देखकर प्रसन्नता जाहिर की इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों व ग्रामीण के साथ वहां पौधे लगाकर सभी क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया, इस दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान प्रदेश में आज के दिन 37 करोड़ पौधे लगाने की महत्वाकांक्षी योजना का एक अंग है जो पर्यावरण संरक्षण एवं मातृत्व सम्मान की परिकल्पना को साकार करता है, हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए वृक्ष लगाकर हमको शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित की है अब हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी पीढ़ी के लिए वृक्ष लगाए। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी क्षेत्रवासियों को वृक्षों का महत्व बताते हुए सभी को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया, इसके पश्चात् उन्होंने बार ब्लॉक के चंदन वन पहुंचकर पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी केशव कुमार चौधरी के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक वन संरक्षक महावीर कौजलगी, उप प्रभागी वनाधिकारी सत्येंद्र सिंह तोमर, उप जिलाधिकारी तालबेहट भूपेंद्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी बार व ललितपुर आदि उपस्थित रहे।

# औषधि विक्रेता प्रतिबंधित दवाओं की न करें विक्री-जिला औषधि निरीक्षक



ललितपुर। जिला औषधि निरीक्षक विनय मिश्रा ने जनपद के समस्त औषधि विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि वह प्रतिबंधित दवाओं की विक्री कदापि न करें व औषधियों की विक्री करते समय अधिकृत बिल आवश्यक तौर पर प्रदान करें एवं नारकोटिक्स दवाओं की विक्री अधिकृत चिकित्सकों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही करें व विक्री का लेखा जोखा अपने पास रखें, यदि इसका उल्लंघन औषधि विक्रेता द्वारा किया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# आक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए सभी को करना चाहिए पौधरोपण- कमलावती

**चित्रकूट ब्यूरोः** मानिकपुर ब्लाक के उमरी ग्राम पंचायत में बुधवार को उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती सिंह की अध्यक्षता में पौधरोपण महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ निगम की प्रदेश अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना व नीम, पीपल व बरगद के पौधे रोपित कर किया।



कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कमलावती सिंह ने बताया कि धर्मनगरी को 74 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वह कानपुर में भी उनके कार्यों को देख चुकी है। कहा कि महिला और वन दोनों ही पालनहार है, जिस तरह से मां अपने बच्चों को सहेजती है, उसी तरह प्रकृति भी मानव को सहेजती है। कहा कि पेड़ लगाने से पहले सभी लोग उसका संरक्षण करने का संकल्प लें।

ऑक्सीजन के कमी से लोग परेशान हो रहे हैं, इस समस्या के चलते पेड़ों की रक्षा करनी होगी। सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत पौधे अवश्य लगाएं एवं उसकी रखवाली स्वयं करें। किसान मेढ़ के ऊपर पेड़ अवश्य लगाएं, जिससे बाढ़ आने पर कटान न हो। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि सही स्थलों का चयन कर पौधरोपण कराएं।

मंडलायुक्त अजीत कुमार ने कहा कि पौधरोपण अभियान में बच्चों को जोड़कर परिवर्तन लाएं। कहा कि संसाधनों की कमी नहीं है, बस इच्छा शक्ति को मजबूत करना होगा। सभी लोग पेड़ के महत्व को समझें, पेड़ हर दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। पेड़ के नीचे ही महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस अभियन में युवाओं को भी जोडें।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जनपद को दिए गए लक्ष्य के अनुसार सभी लोग पेड़ लगाएं व उसका सरंक्षण करें। अभियान में बच्चों, अभिभावकों, किसानों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़कर पौधरोपण कराया जा रहा है। जनपद के स्थलों को चिन्हित कर ग्राम वन, उपवन वन, सूर्यवन आदि बनाकर पौधे लगाए जा रहे हैं तथा फेंसिंग भी कराई जा रही हैं। मंदाकिनी के किनारे एक लाख 21 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। 328 तालाबों के बीटे पर पौध रोपण व रखरखाव की व्यवस्था किया जा रहा है। डीएम ने सभी लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रकृति मां के समान ही भरण-पोषण करती है। सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण अवश्य करें तथा उसकी देखभाल करते हुए पानी दें। सभी की सहभागिता से परिवर्तन आ सकता है।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने ग्राम वन में नवग्रह पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को पौधे भी वितरित किए। कार्यक्रम में विज्ञान फाउंडेशन बरगढ़ एवं प्रयागराज से आए युवक-युवतियों द्वारा पौधरोपण के संबंध में नुक्कड़ नाटक भी किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला व गरिमा सिंह ने किया। दयाराम रैकवार ने भगवान रामचंद्र के तपोभूमि एवं एक पेड़ मां के नाम पर गीत प्रस्तुत किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, जिला महामंत्री भाजपा आलोक पांडेय, भाजपा नेत्री अंजू वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, अपर प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, आदि मौजूद रहे।

# तमंचे के साथ पकड़े गए दो युवक

**- मारपीट के मुकदमे में वांछित चल रहे थे अभियुक्त**

**बांदा।** मारपीट के मुकदमे में वांछित चल रहे दो युवकों को पुलिस ने तमंचे के साथ पकड़ा है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ अभियान अनवरत जारी है। पदार्थों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे 02 अभियुक्तों को गिरतार किया गया। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि परागी तालाब के पास दो युवक मौजूद है। जिनके पास अवैध तमंचा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबन्दी कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए युवकों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 02 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना नाम असद उर्फ भय्यू पुत्र इमरान निवासी मर्दननाका थाना कोतवाली नगर, शहजाद पुत्र छेदू निवासी मर्दननाका थाना कोतवाली नगर बताया। सीओ ने बताया कि अभियुक्त असद पर पूर्व में भी मारपीट आदि के सम्बन्ध में 04 मामलें दर्ज है। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि अभियुक्त मारपीट के मुकदमे में भी वांछित चल रहे थे। जैसे ही उनके मौजूद होने की सूचना मिली तो तत्काल पुलिस टीम पहुंची।

पुलिस ने अभियुक्तों को तमंचे के साथ गिरतार किया है। बताया कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। लेकिन इससे पहले उन्हें गिरतार कर लिया गया। पकड़ने वाली टीम में मर्दननाका चौकी प्रभारी बुद्धि सागर, उपनिरीक्षक गौरव प्रताप सिंह, आरक्षी ऋषभ कुमार, महेंद्र कुमार, सत्यम गुर्जर, पवन कुमार नायक शामिल रहे।

# पर्यावरण परिवर्तन और ग्लाबल वार्मिंग को रोकने के लिए जिला जज ने किया पौधरोपण

**चित्रकूट ब्यूरोः** उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पर्यावरण परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिये दिए गए निर्देश के क्रम में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर एवं सेशन हाउस परिसर में जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने एक पेड़ माँ के नाम थीम के साथ ग्लोबल वार्मिंग कैम्पेन का शुभारम्भ पौधरोपण कर किया।



कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे-भरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने कहा कि धरती माँ का श्रृंगार हरियाली में निहित है। भारत में धरती को माँ के रूप में माना गया है और माटी को भी माँ का दर्जा दिया गया है। इसलिए धरती को प्रदूषण रहित करने, जलस्रोत को बढ़ावा देने, जल, जमीन व जंगल और जीवों के जतन की जिम्मेदारी सभी को पूरी करनी होगी। कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए सभी लोग एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़कर पौधे लगाएं। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवाहन किया गया कि सभी लोग अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगायें।

इस मौके पर श्रीकृष्ण यादव पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अनुराग कुरील अपर जिला जज प्रथम, राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी पीए एक्ट, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज कक्ष संख्या द्वितीय, नीलू मैनवाल अपर जिला जज, रवि कुमार दिवाकर अपर जिला जज, राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सीडि), इला चौधरी सिविल जज (सीडि), सैफली यादव सिविल जज (जूडि), विदिशा भूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय आदि मौजूद रहे।

# वृक्ष लगाने के साथ डीआईजी ने किया वन महोत्सव का आगाज

- डीआईजी तथा एसपी ने पुलिस लाइन में किया वृक्षारोपण
- पौधरोपण करने के साथ मातहतों को वृक्ष लगाए जाने के लिए किया प्रेरित



बांदा : वृक्षारोपण करते डीआईजी तथा एसपी ।

बांदा। शासन द्वारा एक पेड़ माँ के नाम लगाए जाने की चलाई जा रही थीम के तहत डीआईजी चित्रकूटधाम ने एसपी की मौजूदगी में पौधरोपण करते हुए पुलिस लाइन से वन महोत्सव कार्यक्रम का आगाज किया है। इसके साथ ही डीआईजी ने मातहतों को भी वृक्ष लगाए जाने के लिए प्रेरित किया है। कहा है कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्ष होना बहुत आवश्यक है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाये जा रहे वन महोत्सव-2025 के अंतर्गत चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत बुधवार को पुलिस लाइन में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया। अभियान के तहत पुलिस लाइन सहित सभी थानों एवं कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान में 16 हजार 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया तथा विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार आदि पेड़ के पौधे लगाये गये। इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पौधरोपण को प्रोत्साहित करना तथा आगामी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित करना है। डीआईजी राजेश एस0 ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए हर किसी को वृक्ष लगाना चाहिए। वृक्षों से जहां हमे शुद्ध हवा मिलती है वहीं वृक्ष हमें छाया प्रदान करते है। एसपी पलाश बंसल ने मातहतों को निर्देशित किया है कि एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए। पेंड़ लगाए जाने के साथ उनकी देखभाल भी आवश्यक है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी पियूष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्र सहित समस्त पुलिसकर्मी व रिक्रूट आरक्षियों ने पौधरोपण किया।

## गांजा के साथ पकड़ा गया सप्लायर

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में मादक तस्करों पर थाना पुलिस की नकेल जारी है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा गश्त एवं वाहन चेकिंग के दौरान सुरेन्द्र सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी नगौता थाना गौरीहार जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को अवैध सूखा गांजा के साथ गिरतार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक थैले में अवैध सूखा गांजा व तलाशी के दौरान गांजा बिक्री से प्राप्त रुपये बरामद हुए है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसकी भूरागढ़ बाइपास पर सिंह दरबार के पास दुकान है और उसी दुकान में अवैध सूखे गांजे की बिक्री करता है। तथा शेष बचे गांजे को वह लेकर वापस घर जा रहा था। एडीशनल एसपी शिवराज ने बताया कि अभियुक्त बाहर से गांजा लाकर जनपद में सप्लाई करता था। जैसे ही उसके मौजूद होने की सूचना मिली तो तत्काल पुलिस टीम ने पहुंचकर उसे गिरतार कर लिया है। तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा के अलावा बिक्री का पैसा बरामद हुआ है। गिरतार करने वाली टीम में भूरागढ़ चौकी प्रभारी अनिल कुमार साहू, आरक्षी विमल मिश्रा, अश्वनी उपाध्याय शामिल रहे।

# हजारों की तादाद में पौधरोपण ब्लॉक क्षेत्र में किया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** एक पेड़ मां के नाम की थीम पर मुख्यमंत्री के पौधरोपण महाभियान में क्षेत्रीय विधायक की अगुआई में ब्लॉक क्षेत्र में चार लाख 71 हजार 523 पौधे लगाने के अनुरूप पौधरोपण किया है। इस दौरान ब्लॉक परिसर सहित सभी ग्राम पंचायतों में पौधरोपण अभियान सारा दिन चलता रहा। पौधरोपण सापेक्ष का सभी ने मिलकर पूरे दिन हजारों की संख्या में विभागए जनता एवं पार्टी नेताओं ने सुरक्षित जगहों पर वृहद पौधरोपण किया।



उत्तर प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 9 जुलाई को प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य की शुरुवात अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण कर की है। पौधरोपण महाभियान के तहत ब्लॉक क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक ओम मणी वर्मा ए खंड विकास अधिकारी एवं विभिन्न विभागों ए पार्टी कार्यकर्ताओं ने लक्ष्य के महाभियान के तहत लगाए गए सभी पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी सीएसआर फंड को दी गई है। साथ ही बैंकों और निजी कंपनियों को पौधे गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा । इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ए सहायक विकास अधिकारी सुशील द्विवेदीए ए डी ओ आई एस भी योगेन्द्र सिंहए भाजपा नेता दिलीप सिंह राजपूतए आदित्य चतुर्वेदीए ओमप्रकाश सिंह राजपूतए राकेश दीक्षित एरामदीन साहूए अरुण पटेलए दिलीप गर्ग सहित तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया है ।

# एक नाबालिक लड़की फांसी लगाकर की आत्महत्या पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही पूरी किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, अतर्रा बांदा।** आज दिन बुधवार को गोथिल्ला पुरवा थाना अतर्रा के अंतर्गत राधा पुत्री रामकिशोर उम्र लगभग 13 वर्ष अपने दुपट्टे से कमरे में बंद होकर फांसी लगाकर की आत्महत्या। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों के द्वारा लगा कि फांसी के फंद्दे के बाद शायद बिटिया जीवित हो इसलिए वह सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा लेकर गए। उपस्थित डॉक्टर ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया तथा घटना की जानकारी थाना पुलिस को दिया।

# पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्ष लगाना है जरूरी

**बाँदा।** वृक्षारोपण के अनतर्गत मुख्य कार्यक्रम ग्राम दुरेड़ी में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने वृक्षारोपण जन अभियान 2025 के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिवत पूजा अर्चना कर किया। उन्होंने स्वयं भी जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने के लिए वृक्षारोपण को जन सहयोग से एक अभियान के रूप में किया जाए। प्रमुख सचिव बाह्य सहायतिक परियोजना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीय विभाग/नोडल अधिकारी जनपद पंधारी यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के उपरान्त हमें वृक्षों को सुरक्षित रखना अति आवश्यक है। उन्होंने पौध वितरण करते हुए कहा कि सहजन का वृक्ष व अन्य बहुत ही लाभकारी हैं। हर वृक्ष की अपनी महत्ता है। वृक्ष जल स्तर में वृद्धि करने के साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं। पद्मश्री उमांशकर पाण्डेय ने कहा कि एक पेड दस पुत्रों के समान है, अतः वृक्ष अवश्य लगायें, वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध रखने के साथ जलवायु परिवर्तन में सहायक हैं। अनेक वृक्षों से हमें औषधियां एवं छाया तथा ईधन आदि की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर वृक्षारोपण के अन्तर्गत फलदार, औषधीय एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने वाले बृहद स्तर पर वृक्षों का रोपण जनप्रतिनिधियों सहित लोगों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण करते हुए वृक्षों को जीवित रखने के लिए सीचिंत किये जाने एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक टीगार्ड तथा अन्य साधनों का उपयोग करने हेतु आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को वृक्षों के महत्व एवं उनकी उपयोगिता के सम्बन्ध में अवश्य बताया जाए। इसके साथ ही वृक्षारोपण मरौली झील के किनारे, ब्लाक तिन्दवारी एवं अन्य ब्लाकों व स्थानों में भी सम्पन्न हुआ। वृक्षारोपण अभियान के कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, डीएफ्ओ अरबिन्द कुमार, उप जिलाधिकारी नमन मेहता, ब्लाक प्रमुख बडोखर खुर्द स्वर्ण कुमार सोनू, ग्राम प्रधान देवी दयाल सिंह, कार्यक्रम संचालक संजय काकोनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# टीकाकरण में लापरवाही बरतने पर डीएम ने किया जवाब तलब

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेउट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण पर विशेष रूप से ध्यान दें।



बांदा : बैठक लेती जिलाधिकारी ।

- प्रगति खराब होने पर कई चिकित्साधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण
- डीएम बोली महिलाओं तथा नवजातों का समय से कराएं टीकाकरण

जिलाधिकारी जे0 रीभा ने नियमित टीकाकरण में नरैनी एवं जसपुरा में कार्य में सुधार करने के साथ सम्बन्धित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों के बर्थ डोज पर भी नियमित निगरानी रखे जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत 11 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रभावी रूप से आयोजित करने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत हाई वनरेबल ग्राम पंचायतों एवं अन्य पंचायतों में क्षय रोगी का चिन्हाकंन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग के रिक्त पदों पर आउटसोर्सिंग चिकित्सकों की नियुक्ति किये जाने हेतु साक्षात्कार कराने के निर्देश दिये। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बडोखर खुर्द में विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिये। विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई से 25 जुलाई तक 15 दिन का विशेष अभियान परिवार नियोजन को सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आभा आईडी बनाये जाने के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना एवं जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जननी सुरक्षा के लाभार्थियों को समय से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया। स्कूलों में आरबीएसके टीमों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने हेतु एक रजिस्टर बनायें एवं टीम के स्कूल में भ्रमण का डीटेल अंकित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आरबीएसके टीमों के द्वारा चिन्हित किये गये अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेन्टर स्वास्थ्य लाभ हेतु भर्ती कराये जाने के सम्बन्ध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना एवं संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव बढाये जाने एवं अवशेष आशाओं का चयन शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना की समीक्षा करते हुए चिकित्सा अधिकारियों को इन योजनाओं में विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीजेन्द्र सिंह, एसीएमओ डॉ0 जय प्रकाश, सीएमएस डॉ0 सुनीता सिंह, डब्लूएचओ की वर्षा, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# वन रेंजर अभिषेक तिवारी डेंजर्स जोन के प्रति रहते है सतर्क

**चित्रकूट ब्यूरोः** मानसून आने पर धर्मनरगी स्थित तुलसी जल प्रपात का जल स्तर बढ़ने पर प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ गया है। जिसे देखने के लिए अब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं।



तुलसी जल प्रपात मानसून में जितना सुंदर और लुभावना दिखता है, लापरवाही बरतने पर यह उतना ही खतरनाक और जानलेवा भी है। प्रशासन द्वारा इसका सौंदर्यीकरण करने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से यहां बैरिकेटिंग के साथ सूचनात्मक बोर्ड भी लगा दिए हैं। इसके बावजूद पर्यटक फोटो और रील के लिए बड़ी लापरवाही करते हुए प्रतिबंधित प्वाइंट पर चले जाते है, जिससे घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विगत वर्षों में हुए हादसों में कई पर्यटक अपनी जान भी गवां चुके हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा मौके पर अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। यहां तैनात वन रेंजर अभिषेक तिवारी ने बताया कि यहां घूमने आने वाले पर्यटकों को प्रतिबंधित प्वाइंट पर जाने पर तत्परता दिखाते हुए रोका जाता है, जिससे हादसा होने की आशंका टल जाती है।

# 51 कन्याओं ने रखा गौरी एवं जया-पार्वती का व्रत

**चित्रकूट ब्यूरोः** धर्मनगरी स्थित श्री रघुवीर मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को गौरी एवं जया पार्वती व्रत का शुभारंभ हुआ। जिसमें सद्गुरु परिवार की 151 बालिकाएं भाग लेकर शिव-पार्वती की आराधना कर रही हैं।



कार्यक्रम के शुभारंभ पर महिला समिति की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संचालिका उषा जैन ने बताया कि यह व्रत आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व भूतपूर्व अध्यक्ष अरविंदभाई माफतलाल के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया था। यह व्रत विशेष रूप से गुजरात में प्रचलित है और इसमें कुंवारी कन्याएं भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं। माना जाता है कि इस व्रत के पालन से बालिकाओं को एक श्रेष्ठ जीवन और उचित जीवनसाथी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह व्रत प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी से प्रारंभ होकर श्रावण कृष्ण द्वितीया तक चलता है। पांच दिनों तक बालिकाएं उपवास रखते हुए प्रतिदिन प्रातः काल स्नान कर विधिवत आचार्यों के निर्देशन में पूजन-अर्चन करती हैं। साथ ही भजन-कीर्तन करते हुए संयमित जीवन का पालन करती हैं।

बताया कि व्रत की शुरुआत ज्वारारोपण से होती है, जिसमें मिट्टी के पात्रों में जौ एवं अन्य धान्य बोए जाते हैं और प्रतिदिन उनकी पूजा की जाती है। व्रत का समापन रात्रि जागरण और ज्वारा विसर्जन के साथ होता है, जिसमें पूरी रात भजन-कीर्तन, नृत्य एवं कथा वाचन के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहता है। इस पर्व की विशेषता यह भी है कि इसी समय गुरुपूर्णिमा महोत्सव भी आयोजित होता है, जिसमें देशभर से गुरुभाई-बहन चित्रकूट पधारते हैं। वे न केवल गुरुपूर्णिमा मनाते हैं, अपितु व्रत में सम्मिलित बालिकाओं को भी आशीर्वाद प्रदान करते हैं। यह समागम गुरु-शिष्य परंपरा, तप, सेवा और भक्ति का जीवंत उदाहरण बनता है। श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट द्वारा बालिकाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। यह आयोजन बालिकाओं में सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और भक्ति भावना के बीजारोपण का महत्वपूर्ण माध्यम बनता जा रहा है। यह पर्व न केवल गुजरात की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, अपितु चित्रकूट की तपोभूमि में भी इसे जीवंत बनाए रखने एवं नयी पीढ़ी की बालिकाओं को अहरम संस्कारित करने का भी एक सराहनीय प्रयास है। ट्रस्टी डॉ बीके जैन एवं डॉ इलेश जैन ने इस व्रत में सम्मिलित समस्त बालिकाओं को शुभकामनाएं एवं साधुवाद प्रेषित किया।

# प्राइवेट शिक्षक ने वकील से किया अभद्रता वकील ने पुलिस में किया शिकायत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** राजकुमार इंटर कालेज में प्राइवेट शिक्षक पद पर तैनात व्यक्ति ने खुलेआम वकील दंपति के साथ बदसलूकी और अभद्रता की।पीड़ित वकील अपने परिवार सहित कोतवाली पहुंचकर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार आज दिन बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के पड़मई गांव निवासी कपिल तिवारी पेशे से तहसील में अधिवक्ता है।गांव में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव में देर रात रासलीला देखकर वापस घर आ रहे।इसी दौरान रास्ते में मौजूद दिलीप सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह शराब के नसे में धुत्त होकर वकील और पत्नी से अभद्रता करने लगा।इस दौरान मौके पर मौजूद कपिल तिवारी ने विरोध किया।लेकिन दिलीप माना नहीं।पीड़ित कपिल तिवारी कोतवाली पहुंच पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।दिए गए पत्र में बताया कि उक्त व्यक्ति दबंग है।गांव में लगातार महिलाओं और बच्चों के साथ अभद्रता करता है।विरोध करने पर अधिवक्ता के साथ बुरा बर्ताव कर मारपीट और गाली गलौच करने लगा।साथ ही अवैध तमंचा लहराते हुए धमकी देकर कहा कि अगर कही शिकायत करने गए तो बचोगे नहीं।धमकी के चलते वकील और उसका परिवार दहशत में आ गया।वकील कपिल तिवारी ने कोतवाली निरीक्षक को शिकायत पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

इकदिलए इटावा। ग्वालियर बाईपास यमुना पुल के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। गांव रामनगर के रहने वाले वीरेन्द्र सिंह ;50द्ध पुत्र चिरोंजी लाल बुधवार दोपहर में बाइक से जा रहे थे तभी ट्रक ने टक्कर मार घायल कर दिया और हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर भाग गया। राहगीरों ने घायल अवस्था मे पड़े घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

## जनता मंदिर के निकट निकली बीवी हलीमा की जमीन

**■ जनता मंदिर के निकट की लेखपाल ने सौपी रिपोर्ट**

छिबरामऊ कन्नौज देश विभाजन के समय हलीमा बीवी के पाकिस्तान जाने के बाद उनकी जमीन बिक्री के मामले की जांच नित गए गट बात क्षेत्र सामने आ रहे हैं। अब अस्पताल रोड जनता मंदिर के निकट करीब तीन बीघा जमीन हलीमा बीवी को होने की रिपोर्ट लेखपाल ने एसडीएम को सौंपी । इससे इस बस्ती में रहने वाले लोगों में हलचल मच गई है लोग अनुमान लगा रहे हैं कि अब क्या होगा यह तो जमीन हलीमा बीवी के नाम निकल गई है यह संपत्ति राज्य सरकार की हो जाएगी

उप जिलाधिकारी के निर्देश पर लेखपाल क्षेत्र में हलीमा बीवी की जमीन की तलाश कर रहे हैं। छिबरामऊ देहात कपूरपुर ग्राम सहित कई जगह जांच हो चुकी है इस बीच छिबरामऊ क्षेत्र के जानकारी लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई है बताया है कि करीब 59 डेसिमल तीन बीघा जमीन अस्पताल रोड पर जनता मंदिर के निकट हलीमा बीवी के नाम अंकित है एसडीएम ने इसकी प्रस्तुत रिपोर्ट मांगी है इस क्षेत्र में पक्के मकान बने हुए हैं यहां जमीन मिलने की बात सामने आने के बाद लोगों में हलचल मच गई है। हलीमा बीवी की जमीन छिबरामऊ के मोहल्ला बिरतिया छिबरामऊ देहात में धमेकेताल फर्रुखाबाद रोड सराय सुंदर बहावलपुर अतिराजपुर कपूरपुर खोजपुर सारी डायमगंज समधन इस्माइलपुर बाद जिला फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद सहित कई स्थानों पर बताई जा रही है करीब 800 बीघा से अधिक जमीन होने का दावा किया जा रहा है वही उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी छिबरामऊ ने बताया कि छिबरामऊ देहात दीपक का तालग्राम देहात मां कपूरपुर की जांच पूरी हो चुकी है अन्य की जांच हो रही है छिबरामऊ नगर क्षेत्र में एक घंटा बताया जा रहा है इसकी जांच कराई जा रही है जनता मंदिर के पास निकली हलीमा बीवी की जमीन को लेकर लोगों में हड़कंप बचा हुआ है यहां पर सारे पक्के मकान दो.दो मंजिल के तैयार खड़े हुए हैं लोगों की फैमिली रह रही है ऐसे में राज्य सरकार के नाम हो गई तो इन लोगों का क्या होगा जिलाधिकारी ने इसकी जांच कराई जा रही है जो भी जमीन मिल रही है वह राज्य सरकार की निहित की जा रही है।

## विलुप्त नदी तिलखोर पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण करना प्रारंभ प्रशासन मौन

**छिबरामऊ कन्नौज।** शासन के निर्देशानुसार विलुप्त नदी खोलने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा कल तिलकोर नदी का भौतिक सत्यापन शुरू किया शासन के निर्देशानुसार तिलकोर नदी का भौतिक सत्यापन राजस्व निरीक्षक प्रशांत तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा शुरू किया गया गोसाई दासपुर मौज से तिलखोर नदी प्रारंभ हुई वहां पर ही नदी के ऊपर आक्रमण मिलने से अतिक्रमणकारियों में दहशत फैल गई तिलखोर नदी पर अभी भी लगातार अतिक्रमण कार्यो द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है प्रशासन मौन है।

## चिकित्सकों की मनमर्जी को लेकर राज्यपाल संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपा



छिबरामऊ कन्नौज समाजवादी लोहिया वाहनी के राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में सपा के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौपा ।

समाजवादी लोहिया वाहनी के राष्ट्रीय सचिव रॉबिन यादव ने राजपाल संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र दुबे को सौप जिसमें कहा गया है कि 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में व्याप्त अनिवायताओं को लेकर राज्यपाल से आम जनता के हितो को ध्यान में रखते हुए 100 सैय संयुक्त चिकित्सालय मैं कर्मचारी व चिकित्सकों को निर्देशित करने की मांग की गई है चिकित्सकों को प्राइवेट दबा व जांच न करने के निर्देश देते हुए उपचार करने जनता को लाभ पहुंचाने की मांग की गई है ज्ञापन देते समय जैवेंद्र अनिल रजत सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप शिवकुमार पंकज शाहित सैकड़ो सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आल इंडिया बैंक हड़ताल में जिले की 20 करोड़ चेको का क्लीयरिंग ठप्प 15 करोड़ व्यवसाय प्रभावित




फर्रूखाबाद।आल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन आल इंडियन बैंक ऑफिसर एसोसिएशन

बैंक इम्प्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पूरे देश की जनरल हड़ताल में बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।आज की हड़ताल में देश के दस श्रमिक संगठनों ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन में हड़ताल पर रहे।

लगभग 20 करोड़ मजदूर आज की देश व्यापी हड़ताल में शामिल हुए।बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारी संगठन ने भी शिरकत की आज यू पी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले जिले के सभी बैंक बंद रहे। सभी पदाधिकारी ठंडी सड़क स्थित इंडियन बैंक में एकत्रित हुए

यूनियन के चेयरमैन केदारशाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों की बात को नहीं सुन रही है समझौता बैठक के निर्णय पर भी उदासीन है तथा लगातार लंबित मांगों का निराकरण नहीं कर पा रही है जिससे आज हड़ताल की स्थिति उत्पन्न हुई है।आगे अगर सरकार ने इस मुद्दे का समाधान न निकाला तो अनिश्चित काल की हड़ताल की जाएगी।सेंट्रल बैंक कर्मचारी मयंक गुप्ता ने कहा कि आज की हड़ताल में क्लीयरिंग का काम पूरी तरह से ठप्प रहा जिससे 20 करोड़ की चेको का निस्तारण नहीं हो सका। कैश का लेन देन भी पूरी तरह ठप्प रहा।लगभग 15 करोड़ का लेन देन प्रभावित रहा और आर टी जी एस के ट्रांसफर का काम भी ठप्प रहा।ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष चितवन शर्मा मंत्री सुरेंद्र सिंह मनोज शर्मा यूनियन के मंत्री अंकित श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।इस मौके पर ग्रामीण बैंककेशिवाकांत चंदशेखरएशिवम् चौधरी? अतुल यादव महिला संयोजक नीलम पटेल नीतू जोशी निहारिकालक्ष्मी पटेल सूबेदार बाथम आनंद कुमार सुरेंद्र सिंह प्रतीक तान्या गुप्ता पूजा सिंह सुभाष यतेंद्र कुमार रामजी आर्यनआकाश मिश्रा अविनाश राम अनुरोध तिवारी जितेंद्र दीक्षित रमाकांत प्रेम कुमार सहित कई सैकड़ा बैंक कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे

# प्रदेश के नगर विकास मंत्री ने पुठरी में एक पेड़ मां के नाम किया वृक्षारोपण

**कानपुर के मंडलायुक्त डीएम एसपी सांसद विधायक ने 30 हैक्टेयर भूमि में 62000 पौधे लगवाएं**



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिले में वृक्षारोपण के प्रभारी नगर विकास मंत्री राकेश राठौर तथा शासन की ओर से नोडल कानपुर मंडलायुक्त कमिश्नर विजेंद्र पांडियन ने मोहम्मदाबाद ब्लाक क्षेत्र के पुठरी तथा दुल्लामई मैं मैं 30 हैक्टेयर ग्राम समाज की भूमि में वृक्षारोपण किया

यह वृक्षारोपण प्रदेश सरकार की ओर से 37 करोड़ पौधों के आरोपित करने के लक्ष्य के सापेक्ष था

उत्तर प्रदेश सरकार के सबसे बड़े वृक्षारोपण अभियान केतहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जनपद पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने मुख्य अतिथि के रूप में पुठरी गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया इस दौरान उन्होंने पौधा रोपित किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने प्रदेश में पौधा रोपण का सबसे बड़ा अभियान चलाया है इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधों को रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद फर्रुखाबाद में भी 62000 पौधे रोपित किया जा रहे हैं। यह कार्यक्रम पूरे जनपद में अलग.अलग स्थान पर आयोजित हो रहा है सरकार की मंशा है जो लक्ष्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रखा है उस लक्ष्य को पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। मानव के जीवन में वृक्ष का बहुत महत्व है अत्यधिक पेड़ काटने से ऑक्सीजन की दिक्कत होने लगी है कोरोना जैसी महामारी में ऑक्सीजन की महत्वता दिखाई दी। केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार की सूझबूझ से ऐसे अभियान को हर वर्ष चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पौधारोपित हो सके। समाज में संकल्पित होकर इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी की आवश्यकता है ताकि यह अभियान बृहद रूप से पूरे जनपद के साथ ही पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके

इस दौरान सांसद मुकेश राजपूत विधायक सुशील शाक्य या जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एसपी आरती सिंह मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया खंड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद त्रिलोकचंद शर्मा डीएफओ वन रेंजर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद राजपूत जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी कैप्टन डी एस राठौर आदि वृक्षारोपण किया वन विभाग के अनुसार पुठरी में 25 हेक्टेयर भूमि पर 62500 तथा दुलमई 5 हेक्टर ग्राम समाज वृक्षारोपण भूमि पर वृक्षारोपण किया गया पूरे जिले में 3884110 लक्ष्य दिया गया है

# प्रदेश में जिला कार्यक्रम अधिकारी को संभव अभियान में चौथा स्थान मिला




स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। उत्तर प्रदेश बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से जिले को संभव अभियान में चौथा स्थान मिला है ।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश शासन की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव को संभव अभियान के तहत जिले में जून से सितंबर तक सैम बच्चों को चिन्हित कर उनका इलाज करा कर सेहतमंद किया था दौरान जिले में 1160 गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने चिन्हित किया था और उन्हें स्वास्थ्य विभाग की एएनएम के द्वारा ई कवच पर फीड किया गया था और इनमें से अधिकांश कुपोषित बच्चों को सेहत बंद किया गया था इसी के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है पहला स्थान श्रावस्ती दूसरा बनारस तीसरा उन्नाव को मिला है

# गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण को लेकर बच्चों को जागरुक किया गया

**नेहरू महाविद्यालय में प्रधानाचार्य ने किया वृक्षारोपण**




**छिबरामऊ कन्नौज।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण को लेकर बच्चों को जागरुक करते हुए पर्यावरण अभियान के प्रमुख आनंद गुप्ता बच्चों को जागरूक किया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज पूरे प्रदेश में 37 करोड़ वृक्षारोपण का विश्व कीर्तिमान स्थापित हुआ गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण को लेकर बच्चों को जागरुक करते हुए पर्यावरण अभियान के प्रमुख आनंद गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज 37 करोड़ वृक्षारोपण हो रहा है हम सभी जानते हैं कि जीवन के लिए ऑक्सीजन की जरूरत हमारे पेड़ ही करते हैं हमारा कर्तव्य है कि पर्यावरण और अपने जीवन के लिए पेड़ों की रक्षा की जाए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए विकास की रफ्तार से जिस प्रकार पेड़ों को काटा जा रहा है इससे पर्यावरण को बहुत ही नुकसान हो रहा है आप सभी बच्चे देश के भविष्य हैं जब आप जागरूक होंगे तो आने वाला समय पर्यावरण को लेकर एक सुंदर वातावरण बनेगा आनंद गुप्ता ने सभी बच्चों को पौधे भेंट किया और बच्चों के साथ वृक्षारोपण किया इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर महामंत्री संजीव चौहान जी ने किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोग नगर महामंत्री पंकज दुबे अंकित शर्मा नगर उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी एवं पूर्व नगर महामंत्री संजीव चौहान जी उपस्थित रहे।

वृहद वृक्षारोपण अभियान एवं एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के अंतर्गत नेहरू महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ;डॉ?द्धजयवीर सिंह ने कहा कि जलवायु के असंतुलन एवं पृथ्वी के तापमान में वृद्धि से भविष्य में जीव.जंतु व सम्पूर्ण मानव जाति के लिए उत्पन्न समस्याओं एवं प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ पौधौ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महाविद्यालय में आमए अमरूदए अनारए इमलीए आंवला आदि के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पर्यावरण समिति के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। 09 जुलाई 2025 को शासन के निर्देशानुसार कान्हा गौशालाए सौरिख रोड डिवाइडरएगंगेश्वर नाथ मंदिर पार्क में एक पौधा मां के नाम पौधा रोपण किया गया। इस आयोजन में अधिशासी अधिकारीए मंदिर के महंत प्रेम गिरी महाराज और स्थानीय स्कूल के बच्चों ने मिलकर भाग लिया।

## खबर एक नज़र

### गंगा का जलस्तर घटा खतरे के निशान से 65 सेंटीमीटर नीचे फसलें अब भी जलमग्न कटान ने बढ़ाई चिंता



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** गंगा नदी के जलस्तर में आंशिक कमी दर्ज की गई है लेकिन तटीय क्षेत्रों की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। सोमवार रात 136ण्60 मीटर पर पहुंचने के बाद गंगा का जलस्तर मंगलवार रात को घटकर 136ण्45 मीटर पर आ गया जो खतरे के निशान 137ण्10 मीटर से 65 सेंटीमीटर नीचे है।

हालांकि जलस्तर घटने से राहत की उम्मीद थी लेकिन इसके साथ ही कटान तेज हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में नदी के किनारे बसे कई गांवों में कटान की घटनाएं सामने आ रही हैंए जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।

तहसील अमृतपुर समेत गंगा और रामगंगा के किनारे बसे गांवों के खेतों में अब भी पानी भरा हुआ है। मक्का और मूंगफली की फसलें डूब चुकी हैं। किसानों को फसल के पूरी तरह बर्बाद होने का डर सता रहा है। जिन खेतों से पानी निकल भी गया हैए वहां मिट्टी की उर्वरता को नुकसान हुआ है।

किसानों की बढ़ी परेशानी

स्थानीय किसान संदीप यादव का कहना है पानी तो कम हो रहा है लेकिन खेतों की हालत ऐसी हो गई है कि दो महीने तक कोई बुआई नहीं हो सकती। कटान भी तेज हो रही हैए जिससे खेत बचे रहने की उम्मीद भी कम है।

### कृषि विभाग ने हर खेत हर मेड के लिए किसानों को दिए पौधे

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद । कृषि विभाग की ओर से एक पेड मां के नाम अभियान के तहत




362800 पौधे लगवाए गए हैं

जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि खेत में मेड हर मेड पर पेड़ के तहत किसानों को पौधे दिए गए हैं ।

राजकीय कृषि फार्म जाजपुर बंजारा पर व्रत वृक्षारोपण किया गया एवं यहां पौधे भी वितरित किए गए

अमृतवादी किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड नवाबगंज में कृषि विभाग की ओर से?? पौध वितरण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें फलदार वृक्ष आम अमरूद नींबू बेल जामुन करौंदा कटहल इमली औषधि पौधा तुलसी आदि एफपीओ के किसानों एवं समूह की महिलाओं को निशुल्क वितरण किया गया जिसमें उपकृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मितेश यादव पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन भगवती सेवा संस्थान अध्यक्ष अनीता सिंह आदि लोगों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

### पेडों को सुरक्षित रखना हमरा प्रथम दायित्व है=चेयरमैन

**इटावा।** एक पेड़ मॉ के नाम जन सहभागिता के साथ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्योति गुप्ताए सतोष कुमार मिश्रा अधिशाषी अधिकारीए मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नत्थीलाल कुशवाहाए स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के डीपीएम सुनील कुमारए एंबेसडर डॉण् हरीशंकर पटेल ने बुद्धापार्क नुमाइशए अम्बेडकर पार्क आवास विकास तथा शीतल प्रसाद शोरावाल वालिक इन्टर कालेज के प्रागंण में नगर पालिका परिषद के द्वारा भी विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमान यादव के साथ स्टाफ तथा छात्राओं ने भी वृहद पौधारोपण कर पुनीत कार्य किया

चेयरमैन ने बताया वृक्ष हमें प्राण वायु देकर जीवन दान देते है पेडों को सुरक्षित रखना हमरा प्रथम दायित्व है। अधिशाषी अधिकारी ने वृक्षों को लगाने के बाद कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षों को लगाने के साथ ही उनकी सेवा अपने बच्चों की भाँति करें। डॉण् हरीशंकर पटेल ने बताया कि वृक्षो के विना मानव जीवन शून्य है। पौधारोपड़ कार्यक्रम में सभासद पुष्पा देवीए अरुण यादवए सचिन कठेरियाए केशव यादवए महिपाल सिंह शाक्यए मन्जेश यादवए आरआई प्रदीप शर्माए शुसांत कुमार यादवए ईओं पेशकार गौरव गौड़ए सफाई नायक रजनीश राठौरए अमित कुमारए नरेशए चन्द्रशेखरए पालिका का स्टॉफ तथा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### कन्नौज प्रभारी ने सरकार पर हमला बोला

इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व कन्नौज जिले के प्रभारी प्रशांत तिवारी ने सरकार पर बोला हमला। प्रशांत तिवारी ने कहा 27 लाख बिजली कर्मचारी जो देश में बिजली निजीकरण के खिलाफ हड़ताल पर है

उनका समर्थन करते हुए कहा कि सरकार अपना फैसला वापिस ले ओर कहा कि सरकार उत्तर प्रदेश को बर्बाद करने में लगी है बिजली निजीकरण होगी तो जो बिजली दर 6ण्50 रूपये है बो बढ़कर 13 रुपए होगी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत के अभी 42 जिलों में निजीकरण कर रही है जो ग़लत है प्रशांत तिवारी ने कहा सरकार सबसे पहले विद्युत कर्मचारी की जो मांगे हैं उनका सरकार पूरा करे जैसे यूपी में बिजली निजीकरण नहीं हो विद्युत मेंए पुरानी पेंशन बहाल होए संविदा कर्मचारियों को पक्की नौकरीए देश में 12 लाख के लगभग जो रिक्त पद खाली है वो भरे जाएए कांग्रेस पार्टी निजीकरण का विरोध करती है और सड़कों पर उतर के विद्युत कर्मचारियों का साथ देगी सरकार को हर हाल में ये फैसला वापिस लेना पड़ेगा।

### बैंक कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर हड़ताल पर रहे

इटावा। सरकार की आर्थिक व श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन जिले के सभी बैंकों के कर्मचारियों ने पंजाब एवं सिंध बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन के जिलामंत्री कामरेड महेश सिंह भदोरिया ने बताया की 10 ट्रेड यूनियंस के साथ ही आज हमारे सभी मेंबर हड़ताल पर रहेंगे। इसमें कर्मचारी वर्ग शामिल रहेगा। मुख्य मांगों में निजीकरण का विरोध आउटसोर्सिंग का विरोध पर्याप्त भारतीयों की मांग ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग एवं भारतीय जीवन बीमा निगम में विनिवेश आदि मुद्दे हैं। यूनाइटेड फोरम के जिला समन्वयक राजीव सिंह ने बताया की सरकार की पॉलिसी राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं सरकारी बीमा कंपनियों का को निजीकरण की आग में झोंकने की है। जिससे देश में पूंजीवाद को बढ़ावा मिलेगा एवं कुछ खास बड़े घरानो को लाभ दिया जाएगा। आज बैंकों में विभिन्न प्रकार के शुल्कों के नाम पर ग्राहकों का शोषण किया जा रहा है। हमारी इस हड़ताल में इस मांग को भी उठाया जा रहा है। जिससे आम ग्राहक कम खर्चे में अपना खाता चला सके। धरना प्रदर्शन के उपरांत सभी कर्मचारियों ने पंजाब सिंध बैंक हर्ष नगर की शाखा से बलराम सिंह चौराहे तक पैदल शांति मार्च कर जनता को अपनी मांगों से अवगत कराया। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों के कर्मचारी पदाधिकारी श्रृषांक शर्मा जयदीप सिंह प्रियंक विनोद कुमार राहुल अवनीश दिनेश राजा पांडे एकता ज्योति रोहित सत्यवान रजनीश मयंक गोविंद नेहा बबीता नरेंद्र विशाल आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवर अभियंता ने किया पौधरोपण



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया लालगंज मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे व खरीहट खुर्द मार्ग के किनारे बुधवार को एक पेड़ माँ के नाम महा अभियान के तहत अवर अभियंता सुशील कुमार ने सड़क किनारे अपने टीम के साथ पौधेरोपण किया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधेरोपण किया गया है। अवर अभियंता सुशील कुमार ने बताया की एक पेड़ माँ के नाम महा अभियान के तहत हलिया लालगंज मार्ग व खरीहट खुर्द मार्ग के किनारे पौधरोपण किया गया है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' महा अभियान के तहत मुख्य वन संरक्षक ने किया पौधरोपण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज के हर्रा कम्पार्टमेंट नंबर पांच 17 हेक्टेयर वन भूमि पर बुधवार को मुख्य वन संरक्षक कानपुर पश्चिमी संजीव कुमार ने पीपल बरगद नीम के पौधों का रोपण कर एक पेड़ माँ के नाम महा अभियान का शुभारम्भ किया है। 17 हेक्टेयर वन भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण किया गया है। मुख्य वन संरक्षक कानपुर पश्चिमी के साथ प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर ने भी पौध रोपण किया है। मुख्य वन संरक्षक ने पौधरोपण के बाद पौधों का नियमित देखभाल करने का निर्देश दिया है जिससे पौधे तैयार हो सके इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा इस दौरान रेंजर अवध नारायण मिश्र, डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी,वन दरोगा सन्नी सिंह वन्यजीव रक्षक शीतला बक्स सिंह,अंकुर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अदलपुरा शीतला धाम पक्का घाट पर पहुंचा बाढ़ का पानी, मची हलचल

**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के अदलपुरा स्थित शीतला धाम पक्का घाट पर गंगा के बाढ़ का पानी से पहुंचने पर स्थानीय दुकानदारों में हलचल मच गई। आनन फानन में दुकानदार अपनी दुकानों से समान समेटने लगे। वही बाढ़ में बह कर आए जलकुंभी से शीतला धाम दर्शन पूजन करने आए श्रद्धालुओ को गंगा नहाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

# हलिया के ट्रांसफार्मर की वृद्धि के लिए विधायक को सौंपा पत्रक

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया कस्बा ब्लॉक रोड़ निवासी वरिष्ठ पत्रकार समाज सेवी रणविजय सिंह ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर पौधरोपण के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई छानबे विधायक रिंकी कोल से व्यक्तिगत मुलाकात कर पत्रक सौपकर हलिया बाजार के ट्रांसफार्मर के क्षमता वृद्धि कराने की मांग किया है। छानबे विधायक ने ट्रांसफार्मर के क्षमता वृद्धि कराने का आश्वासन दिया है। दिए गए पत्रक में बताया है कि हलिया भारतीय स्टेट बैंक के सामने लगे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर का क्षमता वृद्धि कराते हुए 630 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाय इसी प्रकार हलिया के सोनकर बस्ती नहर के पटरी पर लगे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 400 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाय जिससे क्षेत्र में निर्बाध तरीके से लोगो को विद्युत आपूर्ति मिल सके ट्रांसफार्मर का क्षमता कम होने से विद्युत लोड बढ़ जाने से आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिस पर छानबे विधायक रिंकी कोल ने पत्रक को गंभीरता से लेते हुए दोनों स्थान पर लगे ट्रांसफार्मर के क्षमता वृद्धि कराने का आश्वासन दिया है।

# 17 जुलाई को जनपद आयेंगे प्रभारी मंत्री

**श्रावस्ती।** प्रदेश के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0प्र0/जनपद के प्रभारी मंत्री श्री नितिन अग्रवाल जी एक दिवसीय भ्रमण हेतु 17 जुलाई, 2025 को अपरान्ह 01.30 बजे जनपद के लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन भिनगा पहुंचेंगे। तत्पश्चात् मा0 मंत्रीजी कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला योजना समिति की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। दोपरान्त मा0 मंत्री जी जनपद लखनऊ हेतु प्रस्थान कर जाएंगे। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल/उपजिलाधिकारी ओम प्रकाश ने दी है।

# अपर सचिव ने गेहूं क्रय केन्द्र व वेयर हाउस का निरीक्षण कर लिया जायजा

**श्रावस्ती।** मा0 अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार श्री संजीव शंकर जी ने मंगलवार को विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत गेहूं क्रय केंद्र भिनगा का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव ने क्रय केन्द्र पर किसानों से गेहूं खरीद प्रक्रिया एवं भुगतान की जानकारी ली। उन्होने केन्द्र पर खरीद पंजिका, इलेक्ट्रानिक कांटा, विनोइंग फैन/पंखा, छलना एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए सरकार के मंशानुसार आवश्यक सुविधाएं प्रत्येक दशा में उपलब्ध रहें, ताकि गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई दिक्कत न होने पाये।इसके उपरान्त अपर सचिव ने विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकघरवा में उचित दर विक्रेता मालती देवी की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने लाभार्थियों बात किया तथा वितरण की जानकारी ली। उन्होने विक्रेताओं से ई-पॉस मशीन के माध्यम से की जा रही वितरण प्रक्रिया की विधिवत जानकारी ली। तदोपरान्त विकास खण्ड गिलौला के ही अन्तर्गत पी0ई0जी0 सतीश वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया तथा खाद्यान्नों के रख-रखाव, भण्डारण इत्यादि की जानकारी ली तथा गोदामों में खाद्यान्न का भण्डारण एवं रख-रखाव उचित ढंग से करने के निर्देश दिया।

# श्रावण मास मेले की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाद गोतनी प्रतापगढ़।**पौराणिक एवं धार्मिक आस्था का केंद्र महारूद्र बाबा अवधेश्वरनाथ धाम,शाहपुर बेंती में आगामी 11जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावण मास मेले को लेकर तैयारियों का श्रीगणेश हो गया है।अवधपति महाराज राजा भगीरथ द्वारा पूजित इस ऐतिहासिक धाम में सावन महीने के दौरान हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक व दर्शन हेतु पधारते है।श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो,इसके लिए मंदिर मेला कंट्रोल रूम में एक अहम बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मेला ट्रस्ट संरक्षक राजा भैया के संरक्षण में की गई।थानाध्यक्ष हथिगवां नंदलाल सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और मेला प्रबंधक व कोषाध्यक्ष जुगनू के साथ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सावन में पड़ने वाले चारों सोमवारों को विशेष फोर्स की तैनाती की जाएगी,क्योंकि इन दिनों कांवरियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।गंगा मैया का जलस्तर बढ़ने के कारण इस बार भी गोताखोरों व नाव की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# पौधरोपण के बाद प्रभारी चिकित्साधिकारी ने तीन प्रसूताओं को वितरित किया पौधा

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में बुधवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार व चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत परिसर में पौधेरोपण करने के बाद स्वास्थ्य केंद्र में हुए तीन महिलाओ को प्रशव के बाद एक एक पौधे रोपित करने के लिए वितरित किया है। जिससे एक पेड़ माँ के अभियान को सफल बनाया जा सके। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महा अभियान की तहत परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों की साथ पौधोंरोपण करने के बाद स्वास्थ्य केंद्र में हुए तीन महिलाओ के प्रसव के बाद उन तीन महिलाओ को एक एक पौधे रोपित करने के लिए वितरित किया गया है जिससे महिलाए पौधेरोपण को कर सके इस दौरान चिकित्सक विवेक खरे, डॉक्टर निर्मल,फार्मासिस्ट सुभाष पटेल, अजय कुमार मौर्य, किशोर कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में हुआ पौधरोपण

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ के निकरिका में नवनिर्मित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम दोपहर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश पटेल राष्ट्रीय सचिव अपना दल यश का आगमन हुआ। प्रधानाचार्य बसंत लाल ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय कॉलेज के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाएं। वृक्ष हमें जीवन देते है। हमारे वातावरण को शुद्ध करते हैं। इस समय राज्य सरकार एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम चलाया है। जिसमें बड़े पैमाने पर सरकारी उपक्रमों के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर पौधे लगाए जा रहे हैं। आम ,अमरूद, सागौन, आवला , इमली, नीम, जामुन के कुल 300 से अधिक पौधे लगाए गए। इस पौधों पर में ग्रामीणों ने भी सहयोग किया।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कमलेश पाल, संतोष पाठक शिक्षक, दुर्गा प्रसाद सिंह, शशि कला सोनी, सुशीला कोल,कॉलेज के स्टॉप शशांक चौधरी, अरुण कुमार सिंह, रंजीत कुमार, अमरनाथ, आशीष कुमार, शिवम विश्वकर्मा, आयुषी कुमारी, सिद्धार्थ कुमार, साक्षी झा, कुमारी प्रेरणा, कॉन्टैक्टर अमित कुमार सिंह, एसके यादव एई, अमरेश चंद्र आयश कंस्ट्रक्शन, रितेश सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मंत्री आशीष पटेल व डीएम प्रियंका निरंजन ने चुनार किले में किया वृक्षारोपण

**चुनार(मिर्जापुर)।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले उत्तर प्रदेश सरकार आशीष पटेल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण चुनार किला में वृक्षारोपण किया। इस दौरान मिर्जापुर डीएम प्रियंका निरंजन ने भी वृक्षारोपण किया। इस दौरान आशीष पटेल ने कहा कि आप सभी एक पेड़ मां के नाम लगे और पूरे मिर्जापुर का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में किस पेड़ लगाकर के कार्बन क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं। आप सभी प्राकृतिक को देखते हुए धरती का तापमान कम करने के लिए पेड़ लगाएंगे तभी तापमान कम होगा। इसके लिए सरकार पेड़ लगाने के लिए कटिबद्ध है। आप सभी केवल पेड़ ही ना लगाएं उसकी रक्षा करें। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, ब्लॉक प्रमुख छत्रपति सत्येंद्र सिंह, चुनार नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, राष्ट्रीय सचिव युवा मंच एवं मंच दिव्यांशु पटेल उर्फदीपू पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल पटेल, प्रदेश सचिव पंचायत मंच विजय प्रधान आदि रहें।


**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 6165/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202550341000 6165
हरीश चन्द्र अग्रवाल बनाम विनोद प्रकाश गुप्ता
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1.हरीश चन्द्र अग्रवाल 72 वर्ष पुत्र स्व. शीतल प्रसाद अग्रवाल निवासी म.नं. 36/55 गिलिश बाजार कानपुर नगर ...भवन स्वामी/गृहस्वामी
बनाम–विनोद प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. राम नाथ गुप्ता निवासी म.नं. 117/एच–2/68 पाण्डु नगर कानपुर नगर.....विरोधी पक्षकार/किरायेदार थाना कोतवाली
आवेदन अन्तर्गत धारा 4(1)(2)(3–बी)(7) 21(2)(बी) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 09.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.–731/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. प्रथम कानपुर नगर
वाद सं. 170/2024
संजय सोनकर उम्र 41 वर्ष पुत्र श्री राम नरायन सोनकर निवासी 78/46 लाटूश रोड थाना अनवरगंज कानपुर नगर मो.नं. 9452523796..वादी
बनाम– श्रीमती सारिका सोनकर बालिग उम्र 37 वर्ष पत्नी श्री संजय सोनकर पुत्री फूलचन्द्र सोनकर निवासिनी खपरा मोहाल कानपुर नगर हाल पता बिन्दा नगर पोनीरोड शुक्लागंज थाना गंगाघाट जिला उन्नाव..प्रतिवादिनी
धारा 1 आदेश 9 नियम 4 व 151 पेशी 11.07.2025
वादी ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 11.07.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. प्रथम कानपुर नगर।

सी.आर.–731/K-CN

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं. 3920252026 **निविदा सूचना** दिनांक- 08.07.2025

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **06.08.2025** को **13.30** बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

**कार्यों का विवरणः** सहायक मंडल अभियंता/उत्तर मध्य रेलवे/फतेहपुर के अधीन अधिकारी विश्राम गृह के नवीनीकरण का कार्य।

| निविदा नं. | अनुमानित लागत | बयाने की रकम | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|
| 119 | ₹65,76,470.90 | ₹1,31,500.00 | 06 (छः) माह |

**निविदा खुलने की तिथिः 06.08.2025, सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग का कार्य।

**नोटः** 1. ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेगें। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर समय 13.30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि 06.08.2025 तक उपलब्ध है। 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 5. निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 6. माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होगें। 7. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। 8. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। 9. बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 10. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11. आनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि 06.08.2025 को समय 13.30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 12. निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-1 के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। 1195/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# यूपी बीएड परीक्षा में प्रदेश में टॉप करने पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने दिया एक लाख की आर्थिक मदद

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश अखिलेश यादव जी ने सूरज पटेल को यूपी बीएड परीक्षा में उत्तरप्रदेश टाप करने पर एक लाख की आर्थिक मदद एव साल ओढ़ाकर सम्मानित किया है। श्री सूरज पटेल मड़िहान मिर्जापुर के निवासी है। उन्होने रोहनिया वाराणसी में रहकर तैयार की थी। इस अवसर पर उनके साथ उनके मामा रमेश कुमार पटेल भी मौजूद रहें। शिक्षा और युवाओं के भविष्य के प्रति राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का यह नजरिया ही समाजवाद की आधारशिला है। स्नातक विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने भी सूरज पटेल को बधाई दी है। बधाई देने वालो में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, सत्यप्रकाश यादव, राणा प्रताप सिंह, शैलेष पटेल, सोकिम अहमद, झल्लू यादव आदि शामिल है।



# ग्राम प्रधान ने थाना प्रभारी के साथ किया वृक्षारोपण

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ के ग्रामीण इलाकों में वन महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान चल रहा है। वन महोत्सव शुरू होते ही दिया अभियान चलता रहेगा जिसमें ब्लाक कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधान ग्रामीण युवा बच्चे सभी और पौध रोपड़ कर रहे हैं। ग्राम प्रधान नदिहार रवि शंकर सिंह पटेल, खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा, कृषि अधिकारी संतोष कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह राजगढ़ थाना प्रभारी रन विजय सिंह ने पंचायत भवन पर पौधों पर किया उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से हरियाली आती है और गर्मी के दिनों में पेड़ों की छांव मिलती है। विकासखंड राजगढ़ के 83 ग्राम पंचायत में21850 पौधरोपण किए गए।ग्राम प्रधान सेमरा बरहो ओम प्रकाश सिंह, गोल्हनपुर के ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ के अध्यक्ष इंस पटेल, निकरिका के ग्राम प्रधान कमलेश पाल, ददरा के ग्राम प्रधान रमेश यादव, तालर के ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह, भिटी के ग्राम प्रधान अजय कुमार, लहौरा के पूर्व प्रधान राकेश सिंह, जौगढ़ के पूर्व प्रधान राम ऊजागीर यादव, सेमरी के पूर्व प्रधान कृष्णानंद ने अपने ग्राम सभा में पौधों पर किया। इसके अलावा ग्रामीण स्कूली बच्चों ने ही पौधों पर किया ग्राम प्रधान कुथिलवा विद्या शंकर ने भी अपने गांव में पौधारोपण किया। इसके अलावा स्कूल के रूद्र इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक श्रवण सिंह ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। नवदीप इंग्लिश स्कूल ददरा पर धीरेंद्र सिंह ने भी अपने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।


स्वतंत्र भारत **वर्गीकृत**

**सूचना**

मैने अपने छोटे भाई अनुज त्रिपाठी उर्फ शरद त्रिपाठी के आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है वह अपने कियाकलापो के स्वयं जिम्मेदार होंगे। अभय त्रिपाठी पुत्र स्व. शिवबिहारी त्रिपाठी नि.म.नं. 106/39गांधी नगर थाना सीसामऊ कानपुर नगर।(30)

सी.आर.–731/K-30

**सूचना**

मैने अपना नाम रविशंकर से बदलकर रविशंकर मिश्रा रख लिया है भविष्य में मुझे रविशंकर मिश्रा के नाम से जाना जाये। रविशंकर मिश्रा पुत्र श्री जीतेन्द्र कुमार 15/76 बाबाघाट सिविल लाइन्स कानपुर नगर उ.प्र.।(25)

सी.आर.–731/K-25

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र सुनील कुमार व उसकी पत्नी ननकी देवी की बेजा हरकतों से तंगआकर उनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदख़लकर दिया है। उनके किसी भी कार्य, वाद विवाद, लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा। राजपाल पुत्र गिरधारी नि. ग्राम बरदरा, थाना तहसील बिन्दकी, जनपद फतेहपुर।(46)

सी.आर.–731/K-46


# कोटार नाथ शिव मंदिर पहुंचकर सावन के तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रशिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर में सावन माह में काँवरियो के भगवान भोले नाथ के जलाभिषेक के लिए आने वाले काँवरियो के व्यवस्थाओ को लेकर उपजिलाधिकारी लालगंज संजीव कुमार यादव खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव के साथ कोटार मंदिर पहुंचकर सावन माह में मद्देनजर व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है

जिससे कोटार नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए आने वाले काँवरियो को किसी भी प्रकार कि कोई दिक्कत परेशानी ना होने पाए अदवा नदी में शिव मंदिर पर पहुंचने के लिए बनाए गए रपटा को क्षतिग्रस्त देखकर उपजिलाधिकारी लालगंज ने खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह को तत्काल रपटा का मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया है।

वहीं मंदिर में साफसफाई व्यवस्था के लिए एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव को पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों कि डियूटी लगाने का निर्देश दिया जिस पर एडीओ पंचायत ने कोटार नाथ शिव मंदिर में बीस सफाई कर्मियों कि डियूटी लगाने की बात उपजिलाधिकारी से कहा है उपजिलाधिकारी खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत मंदिर में बाबा भोले नाथ का दर्शन पूजन भी किया है।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी लालगंज संजीव कुमार यादव ने बताया की सावन माह में काँवरियो द्वारा कोटार नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के मद्देनजर मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया है। आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को देते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है।

# बगहां गांव मे नगदी एवं गहने सहित चौदह लाख की चोरी

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** बीती रात्रि बारह बजे बगहां गांव के निवासी जय मंगल पाल जो सेमरा खैरा राजमार्ग 74 पर मकान बना कर रहते है। रात्रि बारह बजे चार की संख्या मे आए चोरों ने सर्वप्रथम जयमंगल पाल जो घर पर अकेले थे घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे उन्हे कुछ नशीला पदार्थ सुंघाया बेहोशी के बाद उनके मुंह को बोरे से ढक दिया, उनके सिरहाने रखी घर की चाभी एवं मोबाइल ले लिया, चाभी से घर का ताला खोलकर दो बेटों के दोनो घरों के आलमारी तोड़कर डेढ़ लाख नगद एवं बारह लाख कीमत के गहने लेकर चम्पत हो गए। कछवां एवं चुनार थाने की पुलिस ने मौके पर आकर स्थिति को देखा,क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर सतेन्द्र यादव ने भी मौकामुआयना किया तथा चोरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट भी लिया। पुलिस को घर के दाहिने तरफ खेत मे मोबाइल एवं स्कूटी की चाभी मिली वहीं पर चार गिलास, बीयर की बोतल, सिगरेट का पैकेट मिला सफोरेंसिक टीम भी मौके पर आ कर नमूने अपने साथ ले गई।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 25/31 दिनांकः 08.07.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई. एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 64255168 | क्युमिन्स डीजल इंजन | 16 नग | 04.08.2025 |
| 2 | 38253041 | सेट ऑफ 11" बोगी मॉउन्टेड ब्रेक सिलेंडर | 76 सेट | 05.08.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। 1191/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**आवश्यक सूचना**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए **श्रावण मास में काँवड़ मेला** के अवसर पर **दिनांक 11.07.2025 से 24.07.2025 तक** के लिये **रायवाला/मोतीचूर/ज्वालापुर स्टेशनों** पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव प्रदान किये जाने का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | आवृत्ति | स्टेशन पर ठहराव | ठहराव का समय आगमन | ठहराव का समय प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 14113 | सूबेदारगंज-देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| | | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| 14309 | उज्जैन-देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| | | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| 14317 | इन्दौर-देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| | | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| 19565 | ओखा-देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| | | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| 14114 | देहरादून-सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14310 | देहरादून-उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14318 | देहरादून-इन्दौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1199/25(A)


# राम दरबार, हनुमान जी कि प्रतिमा का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर के रामघाट स्थित शिव मंदिर पर राम दरबार,पंचमुखी हनुमान जी कि प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित राम कथा को संबोधित करते हुए कथा व्यास पंडित वेंकटेश्वर महाराज

## परशुराम लक्ष्मण संवाद की बड़ी ही मनमोहक कथा सुनाई गई

जी द्वारा भगवान राम के विवाह और धनुष भंग के समय परशुराम लक्ष्मण संवाद की बड़ी ही मनमोहक कथा सुनाई गई। जिसमें व्यास जी ने बताया कि भगवान परशुराम जी को विश्वास ही नहीं हो रहा था की रामावतार हो गया है परन्तु जब भगवान परशुराम जी के धनुष की प्रत्यंचा श्री राम जी द्वारा चढ़ाई गई तब परशुराम जी का संदेह दूर हुआ उक्त मौके पर अखिलेश पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, चंद्रहास गुप्ता, सौरभ प्रकाश सिंह,विकास पांडेय,आशाराम सोनकर, प्रभु नारायण तिवारी, सदानंद बिंद,श्यामाचरण यादव, पारस यादव, अन्नू तिवारी,राजेश गुप्ता, दीपचंद सोनकर सहित भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को फिर दी धमकी

**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी दी। उन्होंने दावा किया कि इस समूह का गठन अमेरिका को नुकसान पहुंचाने और डॉलर

**कहा- बहुत जल्द देना होगा 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ**

की वैश्विक स्थिति को कमजोर करने के उद्देश्य से किया गया था। व्हाइट हाउस में अपनी कैबिनेट की छठी बैठक के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, जो देश ब्रिक्स का हिस्सा हैं, उन्हें 10 प्रतिशत शुल्क देना होगा। उनका कहना था कि ब्रिक्स का उद्देश्य हमें आर्थिक नुकसान पहुंचाना और डॉलर को वैश्विक मानक मुद्रा के रूप से हटाना है। ट्रंप ने आगे कहा, अगर वे इस तरह का खेल खेलना चाहते हैं, तो मैं भी इसमें शामिल हो सकता हूं। ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों को 10 प्रतिशत शुल्क देना होगा, और यह जल्द ही लागू होगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ब्रिक्स समूह काफी हद तक कमजोर हो चुका है, हालांकि कुछ देश अभी भी इसके सदस्य बने हुए हैं। उन्होंने कहा, मेरे विचार से ब्रिक्स कोई बड़ा खतरा नहीं है, लेकिन वे डॉलर को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि कोई दूसरा देश उसकी जगह ले सके। हम किसी भी कीमत पर डॉलर की वैश्विक मानक स्थिति को नहीं खोएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, एक समझदार राष्ट्रपति के नेतृत्व में हम कभी भी यह स्थिति नहीं खोएंगे। अगर डॉलर विश्व की मानक मुद्रा नहीं रहा, तो यह एक बड़े विश्व युद्ध में हारने जैसा होगा। हम ऐसा होने नहीं देंगे। डॉलर सर्वोच्च है, और हम इसे हर हाल में बनाए रखेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी, जो भी देश डॉलर की स्थिति को चुनौती देना चाहेंगे, वे ऐसा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी, और मुझे नहीं लगता कि कोई भी देश इसके लिए तैयार है।



### ट्रंप फिर बोले पुतिन से खुश नहीं

रूस और यूक्रेन संघर्ष में रूस की तरफ से लगातार हो रहे हमले को लेकर एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाराजगी जताई है। मंगलवार को व्हाइट हाउस में हुई बैठक में ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन पर लगातार हो रहे हमले के चलते वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से नाराज हैं। ट्रंप ने कहा कि ये युद्ध बहुत तेजी से लोगों की जान ले चुका है और अभी भी ये सिलसिला जारी है। साथ ही ट्रंप ने माना कि उन्होंने पहले यह सोचा था कि पुतिन को मना कर युद्ध रुकवा सकते हैं, लेकिन यह काम काफी मुश्किल साबित हुआ।

## गोल्डन वीजा की खबर गलत : यूएई

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है, जिसमें भारतीयों समेत अन्य चुनिंदा देशों के नागरिकों को आजीवन गोल्डन वीजा देने का दावा किया जा रहा था। पिछले दो दिनों से चल रहीं रिपोर्ट्स को गलत बताते हुए यूएई ने साफ कर दिया है कि ऐसा कोई प्लान नहीं है। यूएई के संघीय पहचान, नागरिकता, सीमा शुल्क और बंदरगाह सुरक्षा प्राधिकरण (आईसीपी) ने स्पष्ट किया है कि गोल्डन वीजा की श्रेणियां, शर्तें और नियम आधिकारिक नियमों और विनियमों में बताई गई हैं। बयान में कहा गया है, इच्छुक व्यक्ति प्राधिकरण की वेबसाइट या स्मार्ट एप्लिकेशन पर आधिकारिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नज़र

### 'अमेरिका-इजरायल के हमले से टूटा भरोसा'

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के हालिया हमलों से भरोसा टूट गया है। इससे भविष्य की वार्ताओं को लेकर संदेह पैदा हो गया है। हालांकि ईरान और अमेरिका के बीच मतभेदों का वार्ता के जरिये समाधान हो सकता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों के बीच परमाणु वार्ता बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अलजजीरा की खबर के अनुसार, ईरानी राष्ट्रपति ने हाल ही में अमेरिकी पॉडकास्टर टकर कार्लसन को दिए एक इंटरव्यू में कहा, हम अमेरिका पर फिर से कैसे भरोसा कर सकते हैं। हम यह कैसे जान सकते हैं कि वार्ताओं के बीच इजरायल फिर से हम पर हमला नहीं करेगा। बता दें कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच परमाणु वार्ता से दो दिन पहले 13 जून को इजरायल ने ईरानी परमाणु और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे। इसके बाद दोनों देशों में युद्ध भड़क गया था। 21 जून को अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु ठिकाने पर बमबारी की थी। इसके अगले दिन संघर्ष विराम हो गया था।




## इजरायली हमले में 40 फिलिस्तीनी मरे

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में मंगलवार को कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए। इनमें 17 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल थे। यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वॉशिंगटन में दो दिनों में दूसरी बार मुलाकात की। बातचीत का मकसद अमेरिका समर्थित संघर्षविराम योजना को अंतिम रूप देना है, जिससे 21 महीने से चल रहे युद्ध को रोका जा सके। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनुस के नासिर अस्पताल ने बताया कि मरने वालों में एक ही परिवार के 10 लोग शामिल थे, जिनमें तीन बच्चे भी थे। इस्राइली सेना ने इस हमले की पुष्टि नहीं की, लेकिन कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में 100 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए।

## रूस ने दागे 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें

**कीव।** यूक्रेन पर रूस ने मंगलवार रात को रिकॉर्ड 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले को अब

**यूक्रेनी सेना ने बताया अब तक का सबसे बड़ा हमला**


तक का सबसे बड़ा हमला करार दिया है। इन ड्रोनों में ईरान निर्मित 'शहीद' ड्रोन और कई डिकॉय ड्रोन शामिल थे। हमले का मुख्य निशाना यूक्रेन का पश्चिमी वोलिन क्षेत्र और उसकी राजधानी लुत्स्क रहा, जो पोलैंड और बेलारूस की सीमा से सटा हुआ है। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि उसने 296 ड्रोनों और सात मिसाइलों को मार गिराया। बाकी 415 ड्रोन या तो रडार से गायब हो गए या फिर इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग तकनीक से निष्क्रिय कर दिए गए। यह हमला रातभर चला और इसका असर कई इलाकों में बिजली सप्लाई और संचार नेटवर्क पर पड़ा। इससे नागरिकों में दहशत फैल गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस का ये हमला पश्चिमी क्षेत्र की आपूर्ति लाइनों को निशाना बनाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी इंटरसेप्टर ड्रोन्स अब रूस के शाहेद ड्रोन्स को प्रभावी तरीके से रोक रहे हैं और देश में घरेलू एंटी-एयरक्राफ्ट ड्रोन्स का उत्पादन भी तेजी से बढ़ रहा है।

## ट्रंप ने रुकवाया भारत-पाक युद्ध : रूबियो

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका। मंगलवार को व्हाइट हाउस में कैबिनेट की बैठक में ट्रंप की मौजूदगी में रुबियो ने कहा, मैं यहां एक सूची देख रहा हूं। जिसमें आपके (राष्ट्रपति ट्रंप) नेतृत्व में, हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका और समाप्त किया। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और रवांडा के बीच शांति समझौता कराया। 12-दिवसीय युद्ध जो एक अमेरिकी ऑपरेशन के साथ समाप्त हुआ, जिसे दुनिया में सिर्फ हम ही कर सकते थे। उम्मीद है कि जल्द ही अज़रबैजान और आर्मेनिया के बीच शांति समझौता हो जाएगा। पूरे मध्य पूर्व और इसके बुनियादी ढांचे में अब सीरिया और लेबनान के कारण बदलाव की संभावना है। यह आपके नेतृत्व का सबूत है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही खुद ट्रंप ने फिर से दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध हो सकता था। ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय रात्रिभोज से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने भारत और पाकिस्तान, सर्बिया, कोसोवो, रवांडा और कांगो और कई अन्य देशों के साथ के साथ काम किया है, जो लड़ने वाले थे, और यह सब पिछले तीन सप्ताहों में हुआ है।

## फ्रांस के जंगलों में लगी आग सबसे बड़े शहर तक पहुंची

**पेरिस।** दक्षिणी फ्रांस के जंगलों में लगी भीषण आग दिन-प्रतिदिन और घातक रूप लेता जा रहा है। ये आग इतना भयावह हो गया है कि अब इसका प्रभाव फ्रांस के बड़े शहर मार्सिले तक देखने को मिल रहा है। हालांकि सरकार ने आग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए मार्सिले एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है और सभी उड़ानें रोक दी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो यह आग पिन-मिराबो नाम की जगह से शुरू हुई, जो मार्सिले शहर के पास स्थित है।




## अमेरिका जाना होगा महंगा, वीजा फीस बढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई वाली सरकार ने वीजा नियमों में बड़ा बदलाव करने की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन ने छात्रों, आईटी प्रोफेशनल्स और टूरिस्ट्स के

**अगले साल से लागू होगा नया नियम**

लिए अमेरिका जाना महंगा कर दिया है। अब वीजा के साथ एक नई 250 (करीब 21,000 रुपए) की वीजा इंटिग्रिटी फीस देनी होगी। यह नया नियम 2026 से लागू होगा। इस नए नियम का असर अमेरिका में नौकरी का सपना देख रहे लाखों भारतीय प्रोफेशनल्स पर भी पड़ेगा। ट्रंप सरकार इस नए नियम को वन बिग ब्यूटीफुल कानून के तहत ला रही है। नए नियम का प्रभाव सीधे तौर पर भारत के लाखों नागरिकों पर पड़ेगा जो हर साल अमेरिका में एच-1बी वीजा पर नौकरी करने जाते हैं, एफ/एम वीजा पर पढ़ाई करने जाते हैं और बी-1/बी-2 वीजा पर टूरिस्ट या व्यापारिक यात्रा पर जाते हैं। वर्तमान में भारतीयों को बी-1/बी-2 वीजा के लिए .185 (लगभग रु.15,800) देना पड़ता है। नए शुल्क जुड़ने के बाद यह खर्च 250 पड़ेगा, यानी करीब ढाई गुना। जो भारतीय छात्र अमेरिका में पढ़ाई के लिए स्न या रू वीजा पर जाते हैं, उन्हें भी यह अतिरिक्त शुल्क देना होगा। यह कदम ऐसे समय पर आया है जब भारतीय छात्र पहले ही डॉलर की बढ़ती दर, रहन-सहन के खर्च और ट्यूशन फ़ीस से जूझ रहे हैं।

## लश्कर आतंकी को लेकर अब हिना रब्बानी ने बोला झूठ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार एक इंटरव्यू के दौरान अपने ही बयान में फंस गईं और फिर कैमरे पर साफ झूठ बोलकर अपनी और अपने देश

**कैमरे पर असलियत झुठला कर कराई फजीहत**

की फजीहत करा बैठीं। न्यूज चैनल अल जजीरा के साथ बातचीत में हिना रब्बानी खार ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हवाई हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ने वाला लश्कर आतंकी अब्दुल रऊफ आतंकी नहीं बल्कि आम आदमी है। इस पर इंटरव्यू के दौरान पत्रकार ने वो तस्वीर दिखाई, जिसमें लश्कर ए तैयबा का आतंकी और हाफिज सईद का करीबी अब्दुल रऊफ जनाजे की नमाज पढ़ रहा था और उसके पीछे पाकिस्तानी सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारी दिख रहे थे। पत्रकार ने हिना रब्बानी से कहा कि जो व्यक्ति नमाज पढ़ रहा है, वह अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी है। इस बारे में उनका क्या कहना है? इस पर पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने कहा कि मैं पूरे दावे और अधिकार से कह रही हूं कि तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय रूप से घोषित आतंकी अब्दुल रऊफ नहीं बल्कि पाकिस्तान का आम व्यक्ति है और ऐसे अब्दुल रऊफ पाकिस्तान में लाखों हैं। इस पर पत्रकार ने बताया कि पाकिस्तान की सेना ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और पाकिस्तानी सेना ने उस व्यक्ति के आतंकी होने से इनकार नहीं किया था। साथ ही पाकिस्तानी सेना ने तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति की नेशनल आईडी भी साझा की थी, जो अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी की नेशनल आईडी से मेल खाती है। इस सवाल पर पाकिस्तानी नेता हिना के चेहरे का रंग उड़ गया।



# पाकिस्तान में फिर तख्तापलट की आहट!

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सियासत में एक बार फिर हलचल मच गई है। मुल्क की फौज और सियासी गलियारों में चर्चा है कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर एक बड़ा खेल खेलने की तैयारी में हैं। कयासों का बाजार गर्म है

**बड़ा खेल खेलेंगे असीम मुनीर**

**जरदारी की जगह खुद बनेंगे राष्ट्रपति!**

कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को हटाकर सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले सकते हैं। लेकिन क्या पाकिस्तान एक और फौजी तख्तापलट की कगार पर है?


पिछले कुछ हफ्तों में कई ऐसी घटना हुई, जिन्होंने इन अफवाहों को हवा दी है। देश के माहौल में तनाव और सियासी बयानबाजी ने इन चर्चाओं को और तेज कर दिया है। आखिर क्या है इस सियासी तूफान का सच? क्या भारत का पड़ोसी मुल्क एक बार फिर सत्ता के नए दौर में कदम रखने जा रहा है? पाकिस्तानी सरकार ने मई में एक चौंकाने वाला फैसला लिया। जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल की रैंक दी गई। ये पाकिस्तान के इतिहास में दूसरी बार हुआ, जब किसी मिलिट्री अफसर को ये रैंक मिला हो। इससे पहले जनरल अयूब खान ने 1959 में खुद को फील्ड मार्शल बनाया था। तब पाकिस्तान की हुकुमत फौज के हाथों में थी। मुनीर की इस तरक्की पर सवाल उठे थे। ये ऐलान भारत की ऑपरेशन सिंदूर के बाद आया था। वहीं जून में जनरल मुनीर ने अमेरिका का दौरा किया और वहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। ये मुलाकात अपने आप में अनोखी थी, क्योंकि पहली बार किसी पाकिस्तानी अफसर को व्हाइट हाउस में बुलाया गया था। इस मुलाकात ने सियासी हलकों में हंगामा मचा दिया। कई जानकार तो मानते हैं कि ये मुलाकात मुनीर की बढ़ती ताकत और सियासी महत्वाकांक्षा का सबूत है। इसके बाद से कयास और तेज हो गए कि मुनीर तख्तापलट कर सकते हैं। पाकिस्तानी पत्रकार एजाज सईद ने कहा, राष्ट्रपति जरदारी को हटाने की कोशिशें तेज हो रही हैं। कई लोग चाहते हैं कि जरदारी खुद इस्तीफा दे दें। इसके लिए सियासी जोड़-तोड़ शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी ऐसी खबरें वायरल हैं। एक यूजर ने लिखा, सूत्रों का कहना है कि मुनीर जरदारी के खिलाफ खामोश तख्तापलट की योजना बना रहे हैं।






## अपने किरदार से घर-घर में मषहूर हुए सानंद वर्मा

मोस्ट पॉपुलर शो 'भाबीजी घर पर हैं' अपने कई यादगार किरदारों के लिए जाना जाता है, और अनोखे लाल सक्सेना उन्हीं में से एक हैं। इस किरदार को निभाया है बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता सानंद वर्मा ने। अपने अलग ही अंदाज़ और ÷आई लाइक इट÷ वाले डायलॉग से उन्होंने लाखों दर्शकों का दिल जीता है। इसके साथ ही संघर्ष से कामयाबी तक के उनके असल जिंदगी के सफर ने लोगों को प्रेरणा भी दी है। अपने संघर्ष के दिनों का एक इमोशनल किस्सा शेयर करते हुए सानंद वर्मा उर्फ अनोखे लाल सक्सेना ने कहा, ''एक वक्त था जब मैंने बॉलीवुड के एक जाने-माने डायरेक्टर से काम मांगा था। उस वक्त उन्होंने मुझे बहुत ही रूखे अंदाज़ में मना कर दिया, और कुछ ऐसी बातें भी कह दीं जो दिल को चुभ गईं। वो लम्हा लंबे समय तक मेरे ज़हन में रहा। लेकिन ज़िंदगी कब पलट जाए, कह नहीं सकते। जब 'भाबीजी घर पर हैं' हिट हुआ और मेरा किरदार सक्सेना जी लोगों को पसंद आने लगा, तो वही डायरेक्टर एक दिन खुद मुझे फोन करके बोले-बहुत प्यार से। उन्होंने डिनर पर बुलाया और बताया कि उनका पूरा परिवार, खासकर बच्चे, मेरे किरदार के बहुत बड़े फैन हैं। वो पल मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं था। आज उनसे मेरी अच्छी दोस्ती है।'' उन्होंने आगे कहा ''उस दिन मुझे यह समझ आ गया कि ज़िंदगी में कोई भी रिजेक्शन आखिरी नहीं होता। अगर आपके अंदर सच्ची लगन और हुनर है, तो कायनात एक दिन ज़रूर आपको वहां पहुंचा देती है, जिसके आप हक़दार हैं। मेरे लिए वो पल खास था- जब जिसने कभी मुझे ठुकराया था, वही मुझे अपने घर डिनर पर बुला रहा था। वो अनुभव भावुक भी था, और विनम्रता सिखाने वाला भी और सच कहूं, तो 'आई लाइक इट!'



## ब्राइडल सीक्केंस के लिए दुल्हन बनीं रचना मिस्त्री

लोकप्रिय शो 'जागृति - एक नई सुबह' में जहां अब तक जज़्बातों से भरे कई उतार-चढ़ाव आए, वहीं अब कहानी एक बेहद खूबसूरत मोड़ पर आ पहुंची है। जागृति (रचना मिस्त्री) और सूरज (विजयेन्द्र कुमेरिया) ने आखिरकार एक-दूसरे के लिए अपना प्यार स्वीकार कर लिया है और अब दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। मोमबत्तियों, गुलाबों और सुकून देने वाली रोशनी से सजे इस ड्रीम सीक्केंस में दिखेगा वो पल, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतज़ार था। प्यार, अपनापन और एक नई शुरुआत से सजा ये सीक्केंस शो के लिए एक बेहद खास मोड़ साबित होगा। आने वाले एपिसोड्स में ये शादी कई नए जज़्बाती खुलासों और गहराई से भरे ड्रामा की शुरुआत करेगी। इस सीक्केंस को खास बनाने में रचना मिस्त्री का ब्राइडल ट्रांसफॉर्मेशन सबसे ज्यादा निखरकर सामने आया। गहरे लाल रंग के भारी लहंगे में, जिसमें सुनहरे धागों की महीन कढ़ाई की गई थी, रचना एक रॉयल दुल्हन की तरह नजर आईं। उनके लुक को पारंपरिक ब्राइडल ज्वेलरी ने और भी शानदार बना दिया। स्टेटमेंट चोकर, क्लासिक झुमके, मांगटीका और नथ के साथ सजी मेहंदी लगीं हथेलियां और चमकते हुई ब्राइडल ग्लो ने उनके इस लुक को दर्शकों के लिए वाकई यादगार बना दिया। भले ही यह पहली बार नहीं था जब रचना ने ऑनस्क्रीन ब्राइडल लुक पहना हो, लेकिन उनके मुताबिक इस बार कुछ खास बात थी। यह गहरा लाल लहंगा न सिर्फ खूबसूरती से स्टाइल किया गया था, बल्कि जागृति के इमोशनल सफर से भी पूरी तरह मेल खाता था - यही वजह थी कि रचना खुद भी इस लुक को लेकर बेहद उत्साहित थीं। रचना मिस्त्री कहती हैं, ''सच कहूं तो जब मैं असल ज़िंदगी में शादी करूंगी, तो कुछ ऐसा ही लहंगा और ज्वेलरी पहनना चाहूंगी - वो चोकर, झुमके, मांगटीका, नथ, मेहंदी लगी हथेलियां और वो ब्राइडल चमक - सबकुछ किसी जादू जैसा लगा। यह वेडिंग सीक्केंस शूट करना एक बेहद खूबसूरत अनुभव था।''



## बाजार दर्पण

